चैत्र शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-81, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल 16

जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज 2

लूट ईस्ट को एक्ट ईस्ट में बदला : मोदी

अगरतला, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'लूट ईस्ट' नीति अपना रखी थी, जबकि भाजपा ने उसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित रैली में कहा कि त्रिपुरा के लोगों ने भाजपा सरकार के शासन में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं। मोदी ने कहा कि भगवान राम का जन्मोत्सव अयोध्या में उनके ही मंदिर में 500 साल के बाद मनाया जा रहा है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास बनाने का फैसला किया है। त्रिपुरा के लोगों को भी इसका बहुत फायदा मिलने जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 500 साल के लंबे इंतजार के बाद रामलला अंततः तंबू की जगह एक भव्य मंदिर में विराजित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तर-पूर्व में 'कनेक्टिविटी' बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। मोदी ने कहा कि राज्य में राजमार्गों के उन्नयन के लिए 3,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले, राज्य में मोबाइल टॉवर ठीक से काम नहीं करते थे, लेकिन अब 5जी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए काम किया जा रहा है। यह मोदी सरकार है जिसने मोबाइल बिल को कम करके लगभग 400-500 रुपये प्रति माह तक ला दिया है। अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो, आपका मोबाइल बिल 4,000 रुपये से 5,000 रुपये रहता।

अगरतला में मंच से लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मोदी। ● एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने कहा त्रिपुरा ने भाजपा में अभूतपूर्व बदलाव देखे

करोड़ों लोग हुए इस अद्भुत पल के साक्षी

12 बजे कपाट खुलते ही रामलला का हुआ सूर्याभिषेक

अयोध्या कार्यालय। रामनवमी पर राम जन्मोत्सव के दौरान श्रीराम जन्मभूमि के गर्भगृह के कपाट बुधवार को पूर्वाह्न 11:45 पर बंद हो गए। 15 मिनट तक शोडषोपचार पूजन और श्रृंगार के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही पट खुले तो रामलला के माथे पर सूर्य की किरणें उनका अभिषेक कर रही थीं। पांच मिनट तक रामलला का मस्तकाभिषेक हुआ। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला की चौपाइयों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर में बुधवार सुबह तीन बजे मंगला आरती के बाद दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पांच बजते ही पांच वर्षीय रामलला और उत्सव मूर्ति का दूध, दही, पंचामृत और सरयू के जल से अभिषेक किया गया। वस्त्र धारण कराए जाने के बाद श्रृंगार आरती संपन्न हुई। इस दौरान दर्शन की प्रक्रिया जारी रही। पूर्वाह्न 11.45 पर गर्भगृह में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव के पूर्व पूजन प्रक्रिया में शोडषोपचार पूजन किया गया। जिसमें भगवान का स्नान, पंचामृत, गंधोधक, सुगन्ध द्रव्य से अभिषेक और तुलसी अर्जन और अन्य परंपराओं को संपन्न किया गया। रामलला को नया स्वर्ण हार व मुकुट धारण कराया गया। रामलला को 56 भोग लगाया गया। सूर्याभिषेक के लाइव प्रसारण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के साथ देश-विदेश में बैठे करोड़ों लोगों ने देखा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने रामलला की आरती उतारी। 12 से 12:05 तक रामलला के माथे पर सूर्य का तिलक बना रहा।

एक नजर

हेमंत मामले में चार और गिरफ्तारी

रांची। ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य के खिलाफ जमीन हड़पने से जुड़े धनशोधन मामले में चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में अंतु तिर्की, प्रिय रंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद है। ईडी ने मंगलवार को तिर्की और कुछ अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी और पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। तिर्की कथित तौर पर सोरेन से जुड़ा हुआ है जबकि सिंह रियल एस्टेट व्यवसायी है। ईडी के आरोपपत्र के अनुसार सहाय ने अन्य के साथ मिलकर जमीन से संबंधित दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा किया है।

आचार संहिता का उल्लंघन केसीआर को नोटिस

नई दिल्ली/हैदराबाद। भारत चुनाव आयोग (ईसीआई) ने कथित तौर पर आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को नोटिस जारी किया है। कांग्रेस नेता निरंजन रेड्डी ने चुनावी बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बारे में कथित अनुचित टिप्पणियों के लिए राव के खिलाफ आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के जवाब में ईसीआई ने मंगलवार रात राव को नोटिस जारी किया।

प्रचार थमा, मतदान कल

पहला चरण : 21 राज्यों की 102 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग, 1625 प्रत्याशी मैदान में

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकतंत्र के महापर्व के पहले चरण का चुनाव प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में कई केंद्रीय मंत्रीयों व पूर्व मुख्यमंत्री समेत पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर है।

19 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की 8, राजस्थान की 13, मध्य प्रदेश की छह, असम की पांच, बिहार की चार, महाराष्ट्र की पांच, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ की एक-एक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की दो-दो, त्रिपुरा की एक, उत्तराखंड की पांच, तमिलनाडु की 39, पश्चिम बंगाल की तीन, सिक्किम, नगालैंड, अंडमान और निकोबार, मिजोरम, पुडुचेरी, मणिपुर व लक्षद्वीप में मतदान होगा।

चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष कराने के लिये चुनाव आयोग ने 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए हैं। सार्वजनिक रूप से प्रचार पर पाबंदी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें अपने पक्ष में मत डालने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम और त्रिपुरा में जनसभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोल्लार में चुनावी रैली को संबोधित किया।

सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, नागपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार जीतने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार नबाम तुकी के सामने हैं। केन्द्रीय जहाजरानी जल मार्ग एवं बंदरगाह मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम में डिब्रूगढ़ और केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) से चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह के चुनावी भविष्य का निर्णय ऊधमपुर सीट पर होने जा रहा है और उनके सहयोगी भूपेन्द्र यादव राजस्थान की अलवर सीट से भाग्य आजमा रहे हैं। राजस्थान की ही बीकानेर सीट पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल से है। पहले चरण के अन्य प्रमुख प्रत्याशियों में पूर्व मंत्री एवं द्रमुक सांसद ए राजा का भाग्य नीलगिरि सीट के मतदाताओं के निर्णय से तय होगा।

पहले चरण में उप्र में होना है आठ सीटों पर पोलिंग

पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर

लखनऊ। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के लिए चुनाव प्रचार बुधवार की शाम खत्म हो गया। 18 अप्रैल को पोलिंग पाटियां रवाना होंगी। इन सीटों पर मतदान 19 अप्रैल को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाता पहचान पत्र के लिए 12 विकल्पों का प्रयोग भी कर सकेंगे। वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों की ओर से जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई की ओर से जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र-राज्य सरकार, लोक उपक्रम व पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे।

राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में की संयुक्त पत्रकार वार्ता

चुनावी बॉण्ड ने बैंड बजाया, 150 सीटों पर सिमट जाएगी एनडीए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा : अखिलेश यादव
- इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ रहा चुनाव : राहुल गांधी

अमृत विचार : कांग्रेस-सपा की संयुक्त पत्रकार वार्ता में बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए 150 सीटों तक सिमट कर रह जाएगी। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वो (एनडीए) 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे से होगी।

कौशांबी (गाजियाबाद) स्थित होटल में हुई प्रेसवार्ता में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि एनडीए को गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और बागपत के गठबंधन के प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा, सपा के पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर मौजूद रहे।

अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चल रही है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग है। राहुल ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर इंडी गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।

राहुल गांधी के मुताबिक, कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने बताया कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था पारदर्शिता के लिए, राजनीति को साफ करने के लिए लाया गया। अगर ये सच है तो सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यवस्था को क्यों रद कर दिया और दूसरी बात अगर आप पारदर्शिता लाना चाहते थे तो आपने भाजपा को पैसा देने वालों के नाम क्यों छुपाए। आपने उन तारीखों को क्यों छुपाया जिस दिन उन्होंने आपको पैसे दिए थे?

पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

ये तो भाजपा वाला सवाल?

अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि ये भाजपा वालों का सवाल है, बहुत अच्छा...मुझे जो आदेश मिलेगा मैं उसका पालन करूंगा।

पिकअप पलटने से तीन श्रद्धालुओं की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हादसे में 18 घायलों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया
- फतेहपुर से दर्शन करने के लिए कानपुर बारादेवी मंदिर आ रहे थे
- चकेरी के कांशीराम कालोनी मोड़ के पास रेस लगाने में पलटा वाहन

अमृत विचार : फतेहपुर से बारादेवी मंदिर कानपुर दर्शन करने के लिए आ रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप चकेरी में अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और 18 महिलाएं, पुरुष घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन लोगों को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। डीएम, एडीएम, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल, डीसीपी सेंट्रल हैलट पहुंचे और घायलों के इलाज का प्रबंध किया।

जिला फतेहपुर के अदगान थाना के मानापुर गांव निवासी रामू ने बताया कि बुधवार दोपहर रामनवमी पर जूही स्थित बारादेवी मंदिर में दर्शन करने के लिए पिता रामपाल और रिश्तेदार व गांव के करीब 40 से 45 लोगों के साथ दो पिकअप बुक कराकर जा रहे थे। चकेरी कांशीराम कालोनी मोड़ के पास दोनों गाड़ियों में रेस लग गई जिससे एक पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। सभी घायलों को कांशीराम अस्पताल पहुंचाया गया जहां फतेहपुर जिले हथगाम थाने के अकबरपुर चुराई निवासी 60 वर्षीय भोला प्रसाद, उसकी बहन 45 वर्षीय कमलेश उर्फ गंगादेवी और फतेहपुर के थाना हथगांव ग्राम मानापुर निवासी 50 वर्षीय रामदेवी की मौत हो गई। पुलिस की जांच में पिकअप ड्राइवर की लापरवाही मिली है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, एडीएम राजेश सिंह, डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजय काला हैलट पहुंचे। जिलाधिकारी ने एडीएम को घायलों और मृतकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

अस्पताल में मौजूद डीएम राकेश सिंह व पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

हाईकोर्ट की फटकार के बाद जज हुए हाजिर, मांगी माफी

लखनऊ, विधि संवाददाता

अभियुक्तों की मर्जी के बिना मजहब के आधार पर न्याय मित्र नियुक्त करना गलत

- कहा, जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ किया भेदभाव

अमृत विचार : अवैध धर्मांतरण केस में अदालत में उपस्थित गवाह से जुमे की नमाज पढ़ने जाने का हवाला देकर जिरह न करने की आलोचना करने व संबंधित अधिवक्ताओं के नमाज के लिए जाने पर न्याय मित्र नियुक्त करने वाले एनआईए/एटीएस कोर्ट के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने हाईकोर्ट की फटकार के बाद बिना शर्त माफी मांगी है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने विशेष जज के विरुद्ध सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि जज ने धर्म के आधार पर एक समुदाय के साथ भेदभाव किया है। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि अपनी पसंद और अपने मजहब के अधिवक्ता नियुक्त कर चुके अभियुक्तों की मर्जी के खिलाफ उनके लिए न्याय मित्र नियुक्त करना, धर्म के आधार पर भेदभाव है, जो संविधान के अनुच्छेद 15 का स्पष्ट उल्लंघन है। न्यायालय की इन टिप्पणियों के साथ जज को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल करने के लिए दो दिनों का समय दिया है। अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने एक अभियुक्त मोहम्मद इदरीस की याचिका पर पारित किया है।

अभियुक्त मोहम्मद इदरीस ने हाईकोर्ट में धारा 482 के तहत याचिका दाखिल कर विशेष जज के आदेशों को चुनौती दी थी। 5 मार्च को याचिका पर सुनवाई के बाद जब पुनः 15 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई तो न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने विशेष जज पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने 5 मार्च के आदेश को ठीक से नहीं समझा। आगे कहा कि विशेष जज ने इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को देने के सम्बंध में कोई आदेश क्यों नहीं पारित किया। न्यायालय ने उक्त मामले में याची मोहम्मद इदरीस के विरुद्ध ट्रायल पर भी अग्रिम आदेशों तक के लिए रोक लगा दी है।

यह था मामला

दरअसल विशेष जज की अदालत में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले में मोहम्मद उमर गौतम समेत अन्य अभियुक्तों का विचारण चल रहा है। हाईकोर्ट की दो जजों की खंडपीठ ने 16 दिसम्बर 2022 को आदेश दिया था कि उक्त मामले के विचारण की कार्यवाही एक वर्ष में पूरी की जाए जिसके बाद विशेष जज ने दिन-प्रतिदिन सुनवाई की कार्यवाही प्रारम्भ की। 19 जनवरी 2024 को मामले में हाजिर गवाह से जिरह करने के लिए जब अदालत ने अधिवक्ताओं से कहा तो मुस्लिम अधिवक्ता नमाज के लिए जाने की बात कह कर चले गए थे।

शहीद की पत्नी को सरकार वित्तीय लाभ देने पर राजी

मुंबई, एजेंसी

- हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद महाराष्ट्र सरकार ने विशेष मामला माना

महाराष्ट्र सरकार ने चार साल पहले जम्मू-कश्मीर में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए मेजर अनुज सूद के परिवार को वित्तीय लाभ देने का फैसला ले लिया। सरकार ने पहले अनुज की पत्नी आकृति सूद को इस आधार पर वित्तीय लाभ देने से इनकार कर दिया था कि सूद न तो महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और न ही पिछले 15 वर्ष से राज्य में रह रहे थे। आकृति सूद ने अपनी याचिका में सरकार के इस फैसले को चुनौती दी थी। याचिका में दलील दी गई थी कि उनके दिवंगत पति की इच्छा के अनुसार परिवार पिछले 15 वर्ष से महाराष्ट्र में रह रहा है।

मेजर सूद दो मई, 2020 को उस वक्त शहीद हो गये थे। उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। सरकार ने आकृति को एक करोड़ रुपये (आकृति को 60 लाख रुपये और सूद के पिता को 40 लाख रुपये) और 9,000 रुपये मासिक भुगतान देने का फैसला किया है। पीठ ने सरकार के इस फैसले की सराहना की।

नक्सलियों ने की भाजपा नेता पंचम दास की हत्या

बस्तर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलियों के खिलाफ हुई कार्रवाई के बाद नारायणपुर में नक्सलियों ने बस्तर सीट पर चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले नक्सलियों ने भाजपा नेता एवं उप सरपंच पंचम दास की मंगलवार देर रात कुल्हाड़ी से हत्या कर दी है। बुधवार को नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि इस घटना को बाहर से आए नक्सलियों ने अंजाम दिया है। दास को नक्सली पहले भी मारने की धमकी दे चुके थे। कल देर रात सादे कपड़ों में कुछ नक्सली उनके घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे। उसके बाद कुल्हाड़ी से हमला कर दास की हत्या कर दी।

आकस्मिक स्थिति से निपटने को तैनात रहेंगी एयर एंबुलेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप्र. में सात चरणों में होने वाले चुनाव के दौरान रहेगी तैनाती, तुरंत पहुंचेगी मदद
- अर्द्धसैनिक और पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही चिकित्सकीय सुविधा भी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में सात चरणो में होने वाले चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए शासन की ओर से एयर एंबुलेंस एवं हेलीकॉप्टर का प्रबंध किया गया है। इसकी सहायता से आकस्मिक स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्द्धसैनिक और पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही ये चिकित्सकीय सुविधा पहुंचाने में भी मददगार होगी।

योजना के मुताबिक एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को चरणों के हिसाब से अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया जाएगा। ये एयर एंबुलेंस और हेलिकॉप्टर हरियाणा के गुरुग्राम स्थित निजी एविएशन कंपनी से लीज पर लिया गया है। दरअसल, राज्य में लोकसभा चुनाव सभी सात चरणो में होना है। इस दौरान किसी भी संकट का सामना करने के लिए इनको हायर किया गया है। हर चरण में चुनावों की लोकेशन के आधार पर एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर को तैनात किया गया है। 19 अप्रैल को चुनाव के पहले चरण में उप्र. के पश्चिम क्षेत्र की सीटों पर मतदान होना है। इसके तहत हेलीकॉप्टर को 18 अप्रैल एवं 19 अप्रैल को मुरादाबाद में और एयर एंबुलेंस को 19 अप्रैल को बरेली में तैनात किया गया है।

दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को हेलीकॉप्टर अलीगढ़ में (25 और 26 अप्रैल) और एयर एंबुलेंस को मेरठ में (26 अप्रैल) तैनात रहेंगे। 7 मई को तीसरे चरण में हेलीकॉप्टर आगरा (6 व 7 मई को) एवं एयर एंबुलेंस को बरेली (7 मई को) में तैनात होंगे। 13 मई को चौथे चरण में हेलीकॉप्टर 12 व 13 मई को कानपुर और एयर एंबुलेंस 13 मई को लखनऊ में होंगे। पांचवें चरण यानी 20 मई को हेलीकॉप्टर झांसी में और एयर एंबुलेंस लखनऊ में तो छठे चरण में हेलीकॉप्टर अयोध्या और एयर एंबुलेंस प्रयागराज में रहेंगे।

इस पर खर्च होंगे कुल 39.20 लाख रुपये

आकस्मिक स्थिति में चिकित्सकीय मदद के साथ ही सुरक्षाबलों को लाने व ले जाने में यह हेलीकॉप्टर और एयर एंबुलेंस मददगार होंगे। इससे प्रभावित स्थान तक तत्काल सहायता पहुंचाई जा सकेगी। इस कदम को एहतियात के रूप में उठाया गया है, ताकि बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके। गुरुग्राम की जेट सर्व एविएशन प्रा. लि. से 5.60 लाख रुपये के न्यूनतम उपयोग (2 घंटे प्रतिदिन) के लिए लीज पर लिया गया है। 7 दिन के हिसाब से कुल 39.20 लाख रुपये का खर्च आएगा। शासन की ओर से इसकी वित्तीय स्वीकृति दी जा चुकी है। भुगतान एवं जीएसटी के साथ नियमानुसार गणना का दायित्व उप्र. नागरिक उड्डयन विभाग एवं उप्र. पुलिस मुख्यालय, लखनऊ का होगा।

ऑरेंज कैप		
खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
सुनील नरेन (कोलकाता)	06	276

पर्पल कैप		
खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

खेल डायरी

करुआना से भिड़ेंगे गुकेश, नाकमुरा से प्रज्ञानानंदा

टोरंटो। रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतंरज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो करूआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी। आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है।

झेंग ने स्टुटगार्ट में कर्स्टी को हराया

स्टुटगार्ट। चीन की झेंग किनवेन ने लंबे सफर के बाद पोर्श ग्रां प्री टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सोराना कर्स्टी को सीधे सेट में शिकस्त दी। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी झेंग ने 76 मिनट में 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। झेंग पहले बीजिंग से चांगशा और फिर वहां से फ्रैंकफर्ट गईं, जहां से वह स्टुटगार्ट पहुंचीं। बेल्जियम की एलिस मर्टेन्स ने कड़े मुकाबले में तात्याना मारिया को 6-1, 4-6, 6-0 से हराया। वह दूसरे दौर में दो बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से भिड़ेंगी। स्वियातेक 2012-14 में मारिया शारापोवा के बाद स्टुटगार्ट में खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रही हैं।

जतिवाल दूसरे दौर के बाद शीर्ष पर बरकरार

नूंह (हरियाणा)। चंडीगढ़ के राजीव कुमार जतिवाल गुड़गांव ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद बुधवार को तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। एक करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस आयोजन के पहले दिन उन्होंने 66 का कार्ड खेला था, जिससे उनका कुल स्कोर 11 अंडर 133 का है। बेंगलुरु के एम धर्मा ने 69 का कार्ड खेला और वह कुल नौ अंडर 135 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है। तेज हवा के कारण स्थानीय खिलाड़ी सुनहित बिश्नोई और दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने भी 66 का शानदार कार्ड खेला।

पलक और सुरभि ओलंपिक ट्रायल्स की सूची में

नयी दिल्ली। रियो डि जिनेरियो में पेरिस कोटा जीतने वाली युवा निशानेबाज पलक गुलिया को गुरुवार से यहां कर्णी सिंह रेंज में शुरू होने वाले ओलंपिक ट्रायल्स के लिए पांच महिला 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजों में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए टीम का चयन करने के लिए मार्च में पिस्टल और राइफल ट्रायल्स के लिए निशानेबाजों की सूची की घोषणा की थी लेकिन महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नाम की घोषणा नहीं की थी क्योंकि रियो में अंतिम ओलंपिक क्वालिफिकेशन चैम्पियनशिप अप्रैल के मध्य में होनी थी।

दूसरे चरण में पीएसजी चैंपियन्स लीग सेमीफाइनल में

बार्सीलोना (स्पेन)। एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई। बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

विकेट लेने के बाद खुशी का इजहार करते दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स। ● एजेंसी

गुजरात टाइटन्स के अभिनव मनोहर की स्टंपिंग की अपील करते दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत। ● एजेंसी

गुजरात टाइटन्स के शेर 89 के स्कोर पर हुए ढेर

दिल्ली कैपिटल्स को 90 रनों का लक्ष्य, मुकेश कुमार तीन, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने दो-दो विकेट झटके

अहमदाबाद, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन का मुजाहिरा करते हुए बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 32वें मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को इस सत्र के अब तक के सबसे छोटे स्कोर 89 रन पर समेट दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटन्स की टीम शुरुआत से ही लड़खड़ाती रही और एक-एक बल्लेबाज पवेलियन लौटते गये।

गुजरात टाइटन्स का पहला विकेट कप्तान शुभमन गिल (8) के रूप में गिरा। उसके बाद ऋद्धिमान साहा (2) रन पर पवेलियन लौट गये। इसके बाद विकेटों का पतझड़ शुरु हो गया है। साई सुदर्शन (12), डेविड मिलर (2), अभिनव मनोहर (8), राहुल तेवतिया (10) शाहरुख खान (शून्य), मोहित शर्मा (2), नूर अहमद (1) रन बनाकर आउट हुये।

विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते मुकेश कुमार।

गुजरात टाइटन्स की ओर से राशिद खान 24 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए सर्वाधिक (31) रन बनाये। स्पेंसर जॉनसन एक रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात टाइटन्स की पूरी टीम 17.3 ओवर में 89 रन पर सिमट गई। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से मुकेश कुमार ने तीन विकेट लिये। ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स को दो-दो विकेट मिले। अक्षर पटेल और खलील अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	6	4	2	8	+1.399
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

गुजरात टाइटन्सः

ऋद्धिमान साहा बो मुकेश	02
शुभमन का शॉ बो शर्मा	08
सुदर्शन रन आउट (सुमित)	12
मिलर का पंत बो शर्मा	02
अभिनव स्ट पंत बो स्टब्स	08
तेवतिया पगबाधा बो पटेल	10
शाहरूख स्ट पंत बो स्टब्स	00
राशिद का पंत बो मुकेश	31
मोहित का सुमित बो अहमद	02
नूर अहमद बो मुकेश कुमार	01
स्पेंसर जॉनसन नाबाद	01

अतिरिक्त : 12 **कुल** : 17.3 ओवर में 89 रन पर सभी आउट

विकेट पतन : 1-11, 2-28, 3-28, 4-30, 5-47, 6-48, 7-66, 8-78, 9-88

गेंदबाजी :

खलील अहमद	4-1-18-1
इशांत शर्मा	2-0-8-2
मुकेश कुमार	2.3-0-14-3
कुलदीप यादव	4-0-18-0
ट्रिस्टन स्टब्स	1-0-11-2
अक्षर पटेल	4-0-17-1



राशिद खान

पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच पदक जीता

नयी दिल्ली, एजेंसी

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं।

डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, ''इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।''

ओलंपिक में भारत करेगा न्यूजीलैंड खिलाफ अभियान की शुरुआत

नयी दिल्ली, एजेंसी

सौ दिन बाद पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्वर्ण पदक की उम्मीद के साथ 27 जुलाई को न्यूजीलैंड खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस बार पेरिस ओलंपिक हॉकी के पूल ए में जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान फ्रांस है। वहीं पूल बी में भारत को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, और आयरलैंड की चुनौती का सामना करना है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना और फिर 30 जुलाई आयरलैंड और एक अगस्त बेल्जियम से भिड़ेगी। भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप स्टेज गेम दो अगस्त को शक्तिशाली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी।

ओलंपिक की उलटी गिनती के साथ ही भारतीय टीम के मुख्य क्रेग फुल्टन, "हम अभी ऑस्ट्रेलिया के गहन दौरे से लौटे हैं, एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक शुरू होने में केवल 100 दिन बचे हैं और टीम में उत्साह बढ़ रहा है। स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता के साथ बढ़ रही है।" भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि हर दिन मायने रखता है, हर अभ्यास, हर अभ्यास - यह सब ओलंपिक मंच पर उस पल की ओर बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, हम भूखे हैं, हम केंद्रित हैं और हम चमकने के लिए तैयार हैं। उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने भी कहा, "ऑस्ट्रेलिया परीक्षण ने उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला है जिनमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है और शिविर में लौटने पर हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए समय रहते किसी भी शेष मुद्दे को सुलझा लें।

धीमी ओवर गति के लिए अय्यर पर 12 लाख का जुर्माना

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई, जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।''

पंजाब किंग्स का सामना मुंबई इंडियंस से आज

मुल्लांपुर, एजेंसी

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीम की जंग में गुरुवार को जब आमने-सामने होंगे तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे। छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक हैं। दोनों की नेट रन देकर में दशमलव अंकों का अंतर है।

पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइन 0.234) आठवें स्थान पर है। पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए हैं। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश करेंगे। पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 'सात से 10 दिन' के लिए बाहर हो गए हैं। इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने एक से अधिक बार शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन की भरपाई की है। प्रभसिमरन सिंह का प्रदर्शन चिंता का विषय है।

बॉलीवुड हलचल

अक्षय कुमार की पहली तेलुगु फिल्म कनप्पा की शूटिंग शुरू



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली पहली तेलुगु फिल्म कनप्प की शूटिंग शुरू हो गयी है। अक्षय कुमार फिल्मकार विष्णु मांचू की फिल्म कनप्पा के जरिए तमिल सिनेमा में एंट्री करने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसकी जानकारी विष्णु मांचू ने पोस्ट साझा कर दी है। विष्णु मांचू ने सोशल मीडिया पर अक्षय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कन्नप्पा का सफर और भी रोमांचक हो गया है। हम अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में स्वागत करते हैं। हम ''कनप्पा के साथ तेलुगु फिल्म में अक्षय कुमार की शुरुआत की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हैं। एक रोमांचक अनुभव के लिए तैयार हो जाइए जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। विष्णु मांचू की एक्शन एडवेंचर पैन इंडिया फिल्म ''कन्नप्पा'' में अक्षय कुमार ,प्रभास के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। उनके अलावा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी फिल्म का हिस्सा हैं। इनके अलावा नुपुर सेनन, नयनतारा और मोहन बाबू भी नजर आएंगे। यह फिल्म भगवान शिव के एक अटूट भक्त ''कन्नप्पा'' की सच्ची कहानी पर आधारित है।

जाह्नवी कपूर की फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म ''उलझ'' का टीजर रिलीज हो गया है। जाह्नवी कपूर ने फिल्म उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी देशभक्ति पर आधारित है, जो एक यंग डिप्लोमैट सुहाना (जाह्नवी कपूर) के इर्द- गिर्द घूमती है। फिल्म में सुहाना देश और अपने खिलाफ हो रही साजिश के बीच उलझती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत सारे जहान से अच्छा की धुन से होती है। इसके बाद जाह्नवी कपूर के किरदार की एंट्री होती है, जिसकी पोस्टिंग विदेश में है। वहीं, ब्रैकग्राउंड में एक शख्स की आवाजा सुनाई देती है, जो अपने देश के साथ गद्दारी करने के लिए उसे मैन्यूपुलैट करने की कोशिश करता है। टीजर के अंत में जाह्नवी कपूर एक्शन मोड में भी नजर आती हैं। उलझ में जाह्नवी कपूर के अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन सुधांशू सरिया ने किया है। जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बन रही फिल्म उलझ को अमृता पांडे और विनीत जैन ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 05 जुलाई को रिलीज होगी।

चीन में रिलीज होगी विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 12वीं फेल चीन में रिलीज होगी। विधु विनोद चोपड़ा की लिखी और निर्देशन में बनी 12वीं फेल अनुराग पाठक की इसी नाम की किताब पर आधारित है। यह फिल्म आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा के जीवन पर आधारित है। विक्रांत मैसी ने इस फिल्म में मनोज शर्मा की मुख्य भूमिका निभायी है। इस फिल्म में विक्रांत मैसी के अलावा, मेधा शंकर की भी अहम भूमिका है। फिल्म ''12वीं फेल'' 27 अक्टूबर, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी थी। फिल्म 12वीं फेल ने सिनेमाघरों में सिल्वर जुबली पूरी कर इतिहास रच दिया है। यह फिल्म अब चीन में भी रिलीज होगी। विक्रांत मैसी ने बताया,12वीं फेल अब चीन में भी रिलीज होने जा रही है। वहां हिंदी सिनेमा की बहुत ज्यादा डिमांड है। फिल्म को चीन में करीब 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह फिल्म के चीन में रिलीज होने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्हें यदि मौका मिला तो वे चीन में जाकर फिल्म को प्रमोट करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

जगत के स्वामी हे अंतर्यामी मैं तुझसे क्या मांगू

▸▸ चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर हुई भजन संध्या

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचारः छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर हुई भजन संध्या में लोग आध्यात्मिक भजनों पर झूमते रहे। कलाकारों ने देवी देवताओं की झांकियां भी दिखाईं।

चैती मेला के रात में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दूसरे दिन राजेश दीक्षित के आरके म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अभिषेक मेहरोत्रा, विशिष्ट अतिथि डॉ सौरभ दीक्षित, कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद रस्तोगी एवं पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर कियाभजन सुनने के लिये विनोद मिश्रा, डॉ रामऔतार यादव, सभासद राजेश वर्मा, सब्बन खान, शाहिद अली अंसारी, आशीष अवस्थी लालू, हरिओम वर्मा, रज्जन खां, सुरेश जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, सुशील कुमार, नानकचंद वर्मा, दानिश राईन, मोहित कुमार कनौजिया, सौरभ तिवारी, हर्ष अवस्थी, अनिल गुप्ता, रियाजुद्दीन, इजरान, कफील अहमद, धर्मेंद्र वाल्मीकि शत्रोहन मिश्र, रविंद्र कटियार, धीरज बाजपेयी, नगर पालिका के एसआई संदीप कुमार वर्मा, आरआई अब्दुल रहीम अंसारी, लिपिक अमित श्रीवास्तव, शिवम् भारती, मोहित, विमलेश वर्मा, रामसिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष शुक्ला, प्रेम प्रकाश पाठक, त्रिष्ण कुमार, रितेश कुमार, अरविंद कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

भजन संध्या का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ कराते मुख्य अतिथि।

मंच पर झांकियों के साथ भजन गाते कलाकार।

भजन संध्या की शुरुआत आर .के . म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार भजन गायक राजेश दीक्षित ने-

इतनी शक्ती हमे देना दाता, मन का विश्वास कमजोर हो न।
हे राम हे राम जग में सांचा तेरो नाम हे राम हे राम से की।।
चदरिया झीनी रे झीनी। गायिका करुणा ने सुनाया-हे रोम रोम में बसने वाले राम। जगत के स्वामी हे अर्न्तयामी मैं तुझसे क्या मांगू।। मैंने मोहन को बुलाया है वो आता होगा। राधे राधे बोल श्याम आयेंगे। संत भगत हितकारी मेरे राम जी पधारे।। गायिका निधि सिंह ने-सत्यम शिवम सुन्दरम का गीत गाया।
यशोमति मईया से बोले नंदलाला, राधा क्यों गोरी मै क्यों काला।
ओ कान्हा अब तो मुरली बाजे सुनाकर श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। वाद्य यंत्रों में की बोर्ड पर बब्बू बाजपेयी, तबला, नाल पर आशू शुक्ला, गिटार, ऑक्टोपैड पर अपूर्व दीक्षित ने साथ दिया। संचालन मेला प्रभारी मोहित गिरि ने किया।

चैती मेला में आज

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर निरंकारी सत्संग रात आठ बजे से।

गांवों में मच्छरों का प्रकोप फॉगिंग कराने की मांग

संवाददाता, रजागंज, अमृत विचार : क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप जारी है, मच्छरों की रोकथाम के लिए जिले के जिम्मेदार अधिकारी फागिंग कराते हैं, लेकिन जिम्मेदार महज कागजों पर दिखा कर कोरम पूरा कर देते है, जिससे मलेरिया जनित रोगों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीण क्षेत्र की वास्तविकता से रूबरू होना चाहें तो शाम ढलते ही कस्बे व पास के गांव में जिधर भी चले जायें तो मच्छरों का प्रकोप देखने को मिल जाएगा। क्षेत्र के ग्राम रजागंज, केसवापुर, जलालपुर, करनपुर, मुर्तिहा, ढखवा, अमकोटवा, खम्हौल, भल्लिया बुजुर्ग आदि गांव मे मच्छरों के प्रकोप से बीमारियों ने पांव पसार लिए हैं, जिससे ग्रामीणों में तपोदिक, काली खांसी, डेंगू, चिकनगुनिया, बुखार, मलेरिया, उल्टी, दस्त आदि सक्रमांक रोग पनप रहे है। सामाजिक कार्यकर्ता जाहिद खां पप्पू, पिन्टू वर्मा, हीरालाल, जानकी प्रसाद, जगदीश, दिलीप गुप्ता, नीरज, रामू, जगदीश, नत्थूलाल आदि ने मच्छरों से रोकथाम के लिए फॉगिंग कराने की मांग की है।

कोटेदार ने बाजार में बेच दिया क्विंटल भर गेहूं, चावल व चीनी

ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंची टीम की जांच में हुआ खुलासा, रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू

▸▸ फरवरी, मार्च और अप्रैल महीने में किया राशन घोटाला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः कार्ड धारकों की शिकायत पर नायब तहसीलदार के नेतृत्व में गठित टीम ने धौरहरा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत जुगनूपुर मजरा नरैनाबाबा के कोटे की दुकान पर पहुंची तो कोटेदार ताला डालकर भाग निकला। ग्रामीणों के सामने ताला तोड़कर टीम घुसी तो तो सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक कांटा व13.50 किलो चीनी प्लास्टिक की बोरी में रखी पाई गई। 115.17 क्विंटल गेहूं, 173.16 क्विंटल चावल और 46.5 किलो चीनी गायब थी। पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार राजेश के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

पूर्ति निरीक्षक धौरहरा ललित कुमार पाठक ने बताया कि कुछ कार्ड धारकों ने खाद्यान्न वितरण न करने और कालाबाजारी की शिकायत एसडीएम राजेश कुमार धौरहरा से की थी। एसडीएम के आदेश पर 12 अप्रैल को वह नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार यादव व पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तो दुकान पर ताला पड़ा था। ग्रामीणों और कोटेदार के भाई संजय की मौजूदगी में टीम ने ताला तोड़ा और जांच की। दुकान में खाद्यान्न नहीं मिला। दुकान में एक इलेक्ट्रानिक कांटा और महज 13.50 किलो चीनी प्लास्टिक की बोरी में रखी मिली। स्टाक मिलान करने पर फरवरी, मार्च और अप्रैल का कुल 115.17 क्विंटल गेहूं, 173.16 क्विंटल चावल और 46.5 किलो चीनी कम पाई गई। इसकी रिपोर्ट एसडीएम के माध्यम से डीएम को भेजी गई थी। डीएम की संस्तुति के बाद उन्होंने मंगलवार को आरोपी कोटेदार राजेश कुमार के खिलाफ थाना धौरहरा पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कार्ड धारकों ने बयानों में ये लगाए आरोप

ग्राम पंचायत जुगनूपुर निवासी पात्र गृहस्थी कार्ड धारक अंजू पत्नी सीताराम ने जांच टीम को बताया कि उसके पांच यूनिट हैं। कोटेदार ने माह मार्च 2024 में ई पास मशीन में फिंगर लगवा लिया, लेकिन राशन नहीं दिया गया है। महारानी ने कहा कि माह मार्च 2024 में ई-पाश मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद उसे भी अभी तक राशन नहीं दिया गया है। उसके छह यूनिट जारी है। बिरजू का कहना है कि उसके आठ यूनिट हैं। कोटेदार 30 किलो ही राशन देता है। राम सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी के नाम से बने कार्ड में छह यूनिट हैं। उसे कोटेदार महज 25 किलो राशन देता है। गुर्रा देवी ने दर्ज कराए गए बयानों में कहा कि चार यूनिट हैं। कोटेदार ने अंगूठा लगवाने के बावजूद भी आज तक राशन नहीं दिया गया है। टीम ने अन्य कई कार्ड धारकों के भी बयान दर्ज किए हैं।

फरवरी और मार्च में हुए घपले पर एक नजर

पूर्ति निरीक्षक ललित कुमार पाठक ने बताया कि माह फरवरी 2024 में कुल 18 अन्त्योदय कार्ड धारकों व 1060 पात्र गृहस्थी यूनिटों पर, माह मार्च 2024 में कुल 25 अन्त्योदय कार्ड धारकों व 1068 यूनिटों पर खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया। कोटेदार ने मार्च 2024 में 85 अन्त्योदय कार्ड धारकों के सापेक्ष मात्र 65 अन्त्योदय कार्डो पर चीनी का वितरण किया है। 20 अन्त्योदय कार्ड धारकों को चीनी का वितरण न करने के कारण 60 किलो चीनी का अवशेष स्टाक होना चाहिए था, लेकिन दुकान पर मात्र 13 .5 किग्रा चीनी उपलब्ध पाई गई।

> पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 3/7 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। प्रकरण की जांच एसआई पवन प्रताप सिंह को सौंपी गई है। -दिनेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना धौरहरा

मजदूरी मांगने पर धमकाया तो किशोर फंदे पर लटका

लखीमपुर खीरी।

▸▸ जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर, ट्रामा सेंटर में भर्ती

अमृत विचारः थाना धौरहरा क्षेत्र में दंपती ने मजदूरी मांगने आए 15 साल के किशोर की पिटाई कर दी और एससी एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी। इससे आहत किशोर ने बाग में लगे एक पेड़ से लटककर फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे बचाया। घर वालों ने हालत गंभीर होने पर किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टर ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया है। पुलिस ने उसके चाचा की तहरीर पर आरोपी दंपती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना धौरहरा के गांव सुजईकुंडा निवासी हरेश ने बताया कि उसके भतीजे सूरज (15) को गांव का ही अवधेश मजदूरी कराने पंजाब ले गया था। जहां सूरज ने सात महीने तक काम किया, जिसकी मजदूरी 30,000 रुपये हुई थी, लेकिन उसे मजदूरी नहीं दी गई।15 अप्रैल को भतीजा अपनी मजदूरी मांगने आरोपी के घर गया था। उसने जब अवधेश से अपनी मजदूरी मांगी तो अवधेश और उसकी पत्नी भड़क गईं और रुपये देने से मना कर दिया। इस बात का सूरज ने जब विरोध किया तो उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की। साथ ही एससी एसटी एक्ट में फंसा देने की धमकी दी, इससे आहत हो गया और अगले दिन शाम करीब छह बजे वह मुरावनपुरवा निवासी बलराम यादव की बाग में पहुंचा और फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। बाग में खड़े कुछ लोगों ने उसे देख लिया। दौड़कर मौके पर पहुंचे लोगों ने रस्सी काटकर सूरज को नीचे उतारा। घटना की खबर परिवार वालों को दी। मौके पर पहुंचे परिवार के लोग उसे आनन-फानन में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने सूरज को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार चल रहा है। सूरज के चाचा ने आरोपी दंपती के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खीरी और धौरहरा सीट के लिए नामांकन आज से

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ डीएम न्यायालय में खीरी व एडीएम कोर्ट में दाखिल होंगे धौरहरा के नामांकन

अमृत विचार : खीरी और धौरहरा सीट के लिए 18 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है। दरअसल, इन दोनों सीटों पर चौथे चरण में मतदान होगा। नामांकन के लिए कलक्ट्रेट परिसर में बैरिकेडिंग की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। नामांकन के दौरान कलक्ट्रेट छावनी में तब्दील रहेगा। खीरी सीट के लिए डीएम न्यायालय में, जबकि एडीएम कोर्ट में धौरहरा सीट के नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि नामांकन में सिर्फ प्रत्याशी व उनके प्रस्तावों की ही इंट्री मिलेगी। सुबह 11 से तीन बजे तक नामांकन का समय निर्धारित किया गया है। खीरी सीट के रिटर्निंग ऑफीसर वह खुद और धौरहरा सीट के रिटर्निंग ऑफीसर सीडीओ अनिल कुमार सिंह हैं। बुधवार की देर शाम पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने बैरिकेडिंग का जायजा लिया। नामांकन के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इसमें एडीएम न्यायालय में बैरिकेडिंग से लेकर अंदर तक पांच व डीएम न्यायालय में छह कैमरे लगाए गए हैं। 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र जमा होंगे। अधिसूचना के मुताबिक 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसके बाद 29 अप्रैल नाम वापसी का समय निर्धारित किया गया है। इसके बाद 13 मई को मतदान और चार जून को मतगणना होगी।

मां-पत्नी से हंसकर की बात... फिर आई मौत की खबर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ सुबह मां, शाम को आत्महत्या से पहले पत्नी से आखिरी बार वीडियो कॉल पर की थी बात

अमृत विचारः भारत-नेपाल सीमा पर कोतवाली तिकुनियां के गांव डांगा स्थित एसएसबी चौकी के जवान संजय यादव ने मंगलवार की देर शाम एसएसबी कैंपस में सरकारी रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पूर्व जवान ने सुबह अपनी मां और शाम को पत्नी से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल की। वह हंस-हंस कर बात कर रहा था। बातचीत के करीब तीन घंटे बाद ही पत्नी के मोबाइल पर आई मनहूस कॉल ने परिवार की खुशियों को पल भर में काफूर कर दिया। परिवार के लोग जवान के इस कदम से हैरान हैं। उनका कहना है कि सब कुछ ठीक ठीक था। फिर उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया। यह सवाल उनके जेहन में कौंध रहा है।

संजय यादव (फाइल फोटो)

फिरोजाबाद जिले के थाना रामगढ़ के न्यू रामगढ़ निवासी संजय यादव (33) एसएसबी में वर्ष 1991 में भर्ती हुए थे। वर्तमान में वह भारत-नेपाल सीमा पर कोतवाली तिकुनियां के गांव डांगा की तृतीय बटालियन एसएसबी चौकी में आरक्षी पद पर तैनात थे। उन्होंने मंगलवार की देर शाम कैंपस में ही सरकारी राइफल से खुद की गर्दन पर गोली मार ली थी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम हाउस पर परिवार वालों के साथ पहुंचे एटा निवासी मृतक के बहनोई पंकज कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह संजय ने अपनी मां गौरा देवी और पत्नी से करीब 20 मिनट तक बात की और 15 अप्रैल को बहन की सगाई तय होने तय होने को लेकर बातचीत की। कहा कि वह जल्दी ही छुट्टी लेकर घर आएगा। उसके बाद पत्नी मंजू देवी से भी करीब 12 मिनट तक हंस हंस कर बात की। शाम करीब साढ़े छह बजे संजय ने पत्नी के मोबाइल पर वीडियो कॉल की और करीब 15 मिनट तक उनसे बातचीत कर हालचाल लिया। किसी को कोई आभास नहीं था कि संजय इस तरह का कदम उठाएगा। उन्होंने बताया का घर और ससुराल आमने-सामने हैं। रात नौ बजे उसके व ससुराल के लोग घर के बाहर बैठकर रोज की तरह बातचीत कर रहे थे। रात करीब नौ बजे तिकुनियां कोतवाली के एक दरोगा का फोन आया और संजय के खुदकुशी करने की जानकारी दी। यह सुनकर सभी एक बारगी हैरान रह गए। घर में चीख पुकार मच गई। रात में ही मृतक के चाचा पप्पू, भाई अवनेंद्र के साथ सुबह करीब 4:30 बजे लखीमपुर पहुंचे।

मजदूरी के लिए घर से निकले युवक का लटका मिला शव

संवाददाता, खीरी टाउन, अमृत विचार : थाना खीरी के गांव पिथुआपुर निवासी छोटेलाल ने बताया कि बुधवार की सुबह उनका पुत्र पुष्कर (20) गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री पर मजदूरी करने जाने की बात कहकर घर से निकला था। शाम को सूचना मिली कि उसके पुत्र का शव लगुचा-पिथुआपुर के बीच एक गन्ने के खेत में लगे शीशम के पेड़ से लटक रहा है। इससे उनके परिवार में चीख पुकार मच गई। रोते-बिलखते परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसकी ही टीशर्ट से शव लटक रहा था। उन्होंने किसी रंजिश से इंकार किया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतारा और पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

लोकसभा चुनाव | नामांकन के लिए शुभ मुहूर्त जानने को ज्योतिषों के पहुंच रहे घर के लोग

सियासत की शुरुआत के लिए पंडितों की शरण में प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव की नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। इसका लेकर प्रत्याशियों ने ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राजनीति के धुरंधरों से लेकर पहली बार चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी पंडितों और ज्योतिषाचार्यो से संपर्क कर नामांकन के लिए सही समय व दिन की जानकारी ले रहे हैं।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए मतदान होगा। हालांकि जिले की खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट के लिए 13 मई को मतदान होगा। इसके लिए 18 अप्रैल यानि बृहस्पतिवार से कलेक्ट्रेट में नामांकन शुरू हो जाएंगे। इसके लिए प्रत्याशी शुभ मुहूर्त की जानकारी करने के लिए बेचैन हैं। प्रत्याशियों की चुनाव कमान संभालने वालों से लेकर घरवाले ज्योतिषाचार्यों की चरण वंदना कर नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए शुभ समय पूछ रहे हैं।

नामांकन के लिए प्रत्याशियों के घरवाले व करीबी आकर शुभ मुहूर्त के बारे में जानकारी ले रहे हैं। सूर्य एवं रोहिणी, मृगशिरा, आद्रा, पुनर्वसु, पुष्य, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराभाद्र सहित रेवती नक्षत्र में नामांकन दाखिल करना बेहद शुभ है। राहुकाल में नामांकन कदापि न दाखिल करें।

-महंत प्रमोद दीक्षित, आश्रम एवं संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ

लग्न से लेकर राहुकाल का करा रहे विचार

प्रत्याशियों के करीबी नामांकन के लिए दिन, समय, लग्न एवं चौघडिय़ा से लेकर राहुकाल का भी विचार करवा रहे हैं। इसके अलावा नामांकन के दिन किस रंग के कपड़े पहने, किस दिशा में पहले चले और कौन सा पैर पहले निकले, क्या खाकर जाएं आदि के बारे में भी जानकारी ले रहे हैं। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक कुछ प्रत्याशियों के नाम, राशि एवं लग्न के लिए शुभ रंग के वस्त्र नामांकन कराने के समय पहनने के लिए कहा जा रहा है।

हर दिन होता है राहुकाल : प्रत्याशी को नामांकन कराने से पहले समय का ध्यान देना होगा

दिन-	राहुकाल का समय
18 अप्रैल-	दोपहर 01:57 से 03:34 तक
19 अप्रैल-	सुबह 10:43 से 12:20 तक
23 अप्रैल-	दोपहर 03:35 से 05:13 तक
24 अप्रैल-	दोपहर 12:19 से 01:57 तक
25 अप्रैल-	दोपहर 01:57 से 03:36 तक

नोट- 21 को रविवार है। इस दिन नामांकन नहीं होगा। 20 एवं 22 अप्रैल को राहुकाल नामांकन समय से पहले या फिर बाद में है।

नामांकन प्रक्रिया

नामाकंन तिथि- 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक
समय- सुबह 11:00 से दोपहर तीन बजे तक

सार-संक्षेप

माता सिद्धिदात्री का पूजन कर कराया कन्या भोज

चीनी मिल पलिया में आयोजित कन्या भोज व भंडारा।

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन श्रद्धालु भक्तों ने देवी के माता सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों व घरों हवन, पूजन व आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। कन्या भोज और भंडारे आयोजित किए गए। नगर के बजाज चीनी मिल के मंदिर परिसर में यूनिट हेड ओपी सिंह चौहान ने पत्नी के साथ हवन -पूजन कर कन्याएं खिलाईं एवं भंडारा आयोजित किया गया। नगर के पांडे बाबा मंदिर पर विशाल भंडारा हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। श्रीकुल आश्रम के देवी मंदिर में हवन कर आरती की गई। माता कालरात्रि मंदिर, मोहल्ला सिंगहिया व कृष्णा नगर तथा रंगरेजान के देवी मंदिरों में भी लोगों ने पूजन- हवन कर कन्याएं खिलाईं।

खाना बनाते समय भड़की आग से तीन घर जले

आग से जला घर दिखाती महिला। अमृत विचार

संवाददाता, निघासन, अमृत विचार : निघासन तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुर्गहा में खाना बनाते समय भड़की आग से तीन घर जलकर राख हो गए। इससे गांव में हड़कंप मच गया। फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। गांव निवासी अशरफी लाल चौहान ने बताया की मंगलवार की शाम करीब सात बजे घर के बाहर बनी झोपड़ी में खाना बन रह था।,इसी दौरान चिंगारी उड़ने से आग लग गई। वह लोग जब तक कुछ समझ पाते। तब तक आग विकराल हो गई। आग ने पड़ोसी रामगोपाल चौहान और भूपेंद्र के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस अग्निकांड में घर में तीनों घरों रखा जेवर, नगदी समेत सारा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई।

आज आएंगे सहकारिता मंत्री

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर गुरुवार को लखीमपुर आएंगे। वह शहर के सरस्वती पैलेस में दोपहर 12 बजे आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। बुधवार की देर शाम तक सम्मेलन की तैयारियां चलती रहीं।सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह समेत कई नेता, बूथ अध्यक्ष, सभी मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक आदि मौजूद रहेंगे।

वृद्ध का शव बरामद, शिनाख्त नहीं

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : नगर के कमल चौराहा पर एक वृद्ध का शव पड़ा देखे जाने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। बुधवार को कुछ लोगों ने कमल चौराहा के पास एक शव पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना से नगर में हड़कंप मच गया। तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि शव की उम्र करीब 70 साल के आसपास है। मृतक पीले रंग की टीशर्ट पहने और सफेद पायजामा पहने हुए है। शव की पहचान नहीं हो सकी है।

पलिया ट्रक यूनियन के सुनील कुमार अध्यक्ष बने

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार : पलिया ट्रक यूनियन की बुधवार दोपहर एक बैठक हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सरदार धर्म सिंह व संजय संजय गुप्ता बराती को संरक्षक बनाया गया। इसके अलावा सुनील कुमार छतवाल अध्यक्ष, कुलविंदर सिंह काले उपाध्यक्ष, कमल चड्ढा महामंत्री, सरदार हरप्रीत सिंह कोषाध्यक्ष, संजय कुमार मौर्य, मनदीप सिंह, जरनैल सिंह ,अनुज अग्रवाल, रामदास और जसवीर सिंह सदस्य चुने गए। चुने गए सभी पदाधिकारियों को ट्रक मालिकों व यूनियन कार्यालय के कर्मचारियों ने बधाई दी।

लापता वृद्ध की गुमशुदगी दर्ज

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुड़िया निवासी गयादीन ने दर्ज कराई गुमशुदगी में कहा है कि उसके पिता बचनूलाल (80) सोमवार लगभग 11 बजे दिन से गायब हो गए हैं। रिश्तेदारी और परिचितों से पता किया किंतु उनका पता नहीं चला है। उन्होंने बताया कि उनके पिता का मानसिक संतुलन भी ठीक नहीं है।

बाइक की टक्कर से महिला की मौत, एक घायल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : थाना मैलानी क्षेत्र में बाइक ने अपने पुत्र के साथ बेटी के घर जा रही महिला को टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुई महिला की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की हालत गंभीर है। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव हैदराबाद निवासी बब्बन ने बताया कि वह अपनी मां सायराबानो (45) को बाइक से लेकर मैलानी थाना क्षेत्र के गांव कुकरा अपनी बहन के घर जा रहा था। बांकेगंज में नहर के पास उसने बाइक खड़ी की। वह और उसकी मां बाइक से नीचे उतरकर खड़े हुए थे कि इसी बीच बाइक से आ रहे मैलानी थाना क्षेत्र के गांव बरौछा निवासी धीरेंद्र शर्मा (18) पुत्र महेश शर्मा ने पीछे से मां सायराबानों को टक्कर मार दी, जिसमें सायरा बानो और बाइक चालक धीरेंद्र शर्मा गंभीर घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला की जिला अस्पताल ले जाने से पहले ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, महंगापुर, अमृत विचार : परसपुर चौकी की पुलिस ने बरेली फार्म जाने वाले मार्ग से बलजिंदर सिंह उर्फ बिल्लू निवासी गदनियां (बरेली फार्म) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक किलो 100 ग्राम चरस बरामद होने का दावा किया है। संपूर्णानगर थानाध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि परसपुर चौकी इंचार्ज साहब लाल गस्त पर थे। उन्होंने बरेलीफार्म- पतेड़ा मार्ग पर संदिग्ध दिखे बलजिंदर सिंह उर्फ बिल्लू को रोककर तलाशी ली तो उलसके पास 1 किलो सौ ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

चीनी मिल में सफाई कर रहा ठेका मजदूर घायल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल में सफाई करते समय एक ठेका मजदूर गिर कर घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बेहटा बिझौली निवासी कुलदीप (34) पुत्र श्रीकृष्ण चीनी मिल में प्लांट की सफाई कर रहा था। वह फिसल कर गिर गया जिससे वह घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए चीनी मिल के अधिकारी उसे सीएचसी लाए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चीनी मिल के पीआरओ सतीश श्रीवास्तव ने बताया कि कुलदीप चीनी मिल में ठेका मजदूर के रूप में काम करता है, जिसकी हर संभव मदद की जाएगी।

रामनवमी पर कौशल्या हितकारी से गूंजे राम मंदिर

शहर के मुड़िया महंत मंदिर समेत अन्य मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव, भजन-कीर्तन के साथ हुआ हवन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः जिले में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। शहर के अयोध्या धाम से संचालित प्रमुख मुड़िया महंत मंदिर समेत अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। भजन-कीर्तन के साथ ही हवन, आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मंदिर भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी से गूंज उठे।

रामनवमी को लेकर शहर के मोहल्ला मिश्राना स्थित प्रसिद्ध मुड़िया महंत मंदिर को बड़े आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिर की सर्वराकार एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह समेत अन्य तमाम भक्तों ने पूजा-अर्चना की। भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान महंत बाबा संतोष दास समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बर्तन बाजार में स्थित रामनवमी मंदिर पर भी पूजा-अर्चना हुई। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर और आरती उतारी। शहर के अन्य मंदिरों में भी भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पलिया कलां संवाददाता के अनुसार नगर की पुरानी बाजार में स्थित प्राचीन ठाकुरद्वारा श्री राम मंदिर को राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आकर्षक विद्युत झालरों एवं फूल मालाओं से सजाया गया। हवन पूजन किया गया। पंडित वेद प्रकाश मिश्र ने विविध वैदिक मंत्रों से हवन कराया। राजेश भारतीय, पुजारी पंडित मुन्नालाल मिश्र, प्रेम प्रकाश पांडेय, प्रदीप पांडेय आदि ने आहुतियां डालीं। प्रसाद वितरण का कार्यक्रम हुआ। रामलीला बालिका इंटर कॉलेज सहित कई स्थानों पर श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ आयोजित हुए।

बर्तन बाजार के रामनवमी मंदिर पर आरती करते पुजारी। अमृत विचार

रामनवमी मंदिर पर शंख वादन करती महिला भक्त। अमृत विचार

रामनवमी पर कन्याओं को कराया भोज

भीरा, अमृत विचार : क्षेत्र में रामनवमी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। नवरात्रि की समाप्ति पर जगत जननी का श्रद्धालुओं ने उपवास रखने के बाद कन्या भोज आयोजित किए। माता रानी के नौ स्वरूपों के रूप में नन्हीं बच्चियों को दही जलेबी, पूड़ी पकवान खिलाकर दान दक्षिणा दी। मंदिरों व शिवालयों पर भजन कीर्तन के साथ भंडारे कराए गए, जिसमें कन्याओं सहित तमाम लोगों को प्रसाद लिया। प्राचीन कल्याणी मंदिर, हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन कर प्रभु श्रीराम की महिला का गुणगान किया गया।

विद्यालय में मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजन करते जितेंद्र साहनी।

मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का पूजन कर मना रामनवमी का पर्व

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को रामनवमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष जितेंद्र साहनी, प्रबंध समिति कोषाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार आगा, सीमा साहनी, पूनम आगा एवं प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती का पूजन कर किया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह मोतीचूर का लड्डू छोटे छोटे कणों से मिलकर बनता है उसी प्रकार हम सब लोगों से मिलकर देश का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर्व शक्ति का प्रतीक है और एकता से ही शक्ति होती है। इसलिए हम सबको मिलकर देश के उत्थान में सहयोग करना चाहिए। सीमा साहनी ने कहा कि आज के इस पावन दिन पर हमें बहनों की हर जगह सुरक्षा व सहयोग का संकल्प लेना चाहिए। डॉ. अजय कुमार आगा नें कहा कि विद्यालय परिसर में एक साथ नौ देवियों का साक्षात स्वरूप देखकर अपने को धन्य समझता हूं। सभी लोगों ने मां दुर्गा के नौ रूवरूपों की विधिवत पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेकर देवियों और श्रीराम दरबार की आरती उतारी इस मौके पर विद्यालय स्टाफ सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहें।

धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

लगे जय श्रीराम के नारे, जगह-जगह हुए कन्याभोज

राम जानकी मंदिर में भजन कीर्तन करती महिलाएं। अमृत विचार

लखीमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर पर प्रसाद वितरण करते आयोजक।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचारः नगर सहित क्षेत्र में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जगह जगह हुए कन्या भोज, भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

घरों, मंदिरों में आयोजित हवन में श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां डालकर पूर्णाहुति की। नवरात्र के समापन पर कन्या भोज के साथ मां जगदंबा के व्रत का पारण किया। लोगों ने पुण्य कमाने के लिए जगह जगह भंडारों का आयोजन किया गया। नगर के सभी प्रमुख मार्गो, मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

बुधवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर लखीमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर पर मंदिर के व्यवस्थापक छोटेलाल मौर्य ने सपत्नीक सुंदरकांड के पाठ के आयोजन के उपरांत हवन पूजन कर कन्या भोज के साथ भंडारा कराया जो देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। बजाज शुगर मिल के श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, छोटे चौराहा स्थित मां दुर्गा मंदिर, तीर्थ परिसर स्थित श्रीराम मंदिर, लखीमपुर रोड पर कई प्रतिष्ठानों, खुटार रोड स्थित श्रीराम जानकी मंदिर सहित कई स्थानों पर सुबह से शाम तक भंडारे चलते रहे, जिनमे प्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही।

श्री रामनवमी एवं महानवमी के उपलक्ष्य में देवालयों और घरों में हवन-पूजन एवं कन्या भोज के आयोजन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। लखीमपुर रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर में गत 29 वर्षो से श्रीराम नवमी के अवसर पर छोटेलाल मौर्य के द्वारा विशाल भंडारा कराया जाता है। उन्होंने लखीमपुर रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर में भंडारा कराया, जहां तमाम भक्तों ने बडी श्रद्धा से प्रसाद ग्रहण किया। राजेश मौर्य, सरोज मिश्रा, सुरेंद्र शर्मा, धीरु मिश्रा, राकेश पांडे, प्रदीप मिश्रा, अतुल बाजपेई, सहित बादल नगर, अर्जुन नगर कॉलोनी सहित तमाम दूर दराज से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, बिलहरी में नवरात्र के समापन और भगवान राम के जन्मोत्सव रामनवमी पर कपरहा में कन्या भोज का आयोजन कर नवरात्र का पारण। गांव की दर्जनों कन्याओं को कन्या भोज के उपरांत उनको उपहार स्वरूप पेन्सिल, थाली, रबर, चुनरी, प्रसाद दिया गया।

संकटा देवी मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

संकटा देवी में हवन पूजन करते हुए। अमृत विचार

देवी मंदिरों से लेकर घरों तक में हुए हवन-पूजन

संकटा देवी मंदिर में सुबह से शाम तक जारी रहा कन्या पूजन का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः नवरात्र का पर्व बुधवार को समाप्त हो गया। अंतिम यानि नौवें दिन मंदिरों से लेकर घरों में हवन से लेकर कन्यापूजन का दौर चलता रहा। हवन के बाद मां के भक्तों ने कन्याओं का विधि विधान से पूजन कर भोजन कराया और घर व परिवार की उन्नति के लिए आर्शीवाद मांगा। अंतिम दिन शहर के प्राचीन संकटा देवी मंदिर में मां के पूजन को लेकर भक्तों की कतार लगी रही।

नवरात्र की शुरूआत नौ अप्रैल मंगलवार को हुई। नौ दिन तक देवी मंदिरों और घरों में मां दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना एवं दुर्गासप्तशती का पाठ होता रहा। बुधवार को नवरात्र के अंतिम दिन शहर के प्राचीन संकटा देवी मंदिर, मां बंकटा देवी, शीतलामाता मंदिर, भुईयां माता मंदिर में भक्तों की आवाजाही अलसुबह से शुरू हो गई। कुछ भक्तों ने जहां मंदिरों में हुए हवन में आहूतियां डाली तो वहीं कुछ भक्तों ने घरों पर विधि विधान से हवन किया। इसके बाद भक्तों ने विधि विधान से कन्याओं का पूजन कर भोजन कराया और आर्शीवाद लेकर उपहार दिए। संकटा देवी मंदिर के पुजारी अंकुर शुक्ला ने बताया कि मान्यता है कि नवरात्र के अंतिम दिन माता स्वरूप कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें भोजन कराने से सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, क्योंकि कन्याएं माता का रूप होती हैं, इसलिए नवरात्र में इनके पूजन का विशेष महत्व है। हवन पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। माता की भक्ति में नौ दिन तक श्रद्धालु भक्ति में डुबे रहे। अपने परिवार की सुख शांति के लिए का माता से आशीर्वाद लिया।

पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लगी लाइन। अमृत विचार

जय श्रीराम के जयघोष से गूंजी छोटी काशी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : छोटी काशी में श्री राम भक्त सेवा समिति ने रामनवमी पर नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा निकाली। जय श्रीराम के जयघोष से नगरी गुंजायमान हो उठी। शोभायात्रा की शुरुआत नगर के स्वर्गीय राजेन्द्र गिरि स्मारक स्टेडियम से विधायक अमन गिरि और पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने पूजन कर कराई। ढोल नगाड़ो के साथ शोभायात्रा नगर की मुख्य सड़कों से होकर निकाली गई। महिलाओं, बच्चों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाते हुए पुष्प वर्षा कर जमकर आतिशबाजी की। राम भक्तों ने कहा कि हर्ष की बात है कि प्रभु श्रीराम अयोध्या धाम में विराजमान हो चुके हैं। जय श्रीराम के जयघोष के साथ निकाली गई शोभायात्रा में नंदी पर सवार भोलेनाथ की झांकी, भूत प्रेत के साथ भगवान शिव की बारात की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में देवी देवताओं की मनमोहक झांकियां भी दिखाई गई। शोभायात्रा का समापन नीलकंठ मैदान में हुआ। शोभायात्रा में श्रीराम भक्त सेवा समिति अध्यक्ष आदित्य मिश्रा, निखिल रस्तोगी, साहिल रस्तोगी, यशवर्धन सिंह, विश्वजीत सोनी, केशव राजपूत, शुभम राठी, तुषार शुक्ला, सागर भारद्वाज, इशित सिंह, शिवम कश्यप, अनिरुद्ध गुप्ता, यशवर्धन सिंह समेत तमाम राम भक्त शामिल रहे।

गोला में रामनवमी पर निकली शोभायात्रा में शामिल श्रीराम भक्त।

नंदी पर सवार भोलेनाथ की झांकी।

वेबसाइट पर लॉगिन कराकर हड़पे चार लाख 33 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : साइबर जालसाज ने एक युवक को लालच देकर ई-कॉमर्स वेबसाइट लॉगिन कराई। इसके बाद अमेजान व फ्लिप कार्ट प्रमोशन का झांसा देकर 4,33,219 रुपये ठग लिए। साइबर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टेलीग्राम पर ठगी करने का एक और मामला सामने आया है। तीन दिन पहले गोला के एक व्यापारी से 11 लाख रुपये साइबर अपराधी ने एक ठग लिए थे। मथुरा जिले के थाना गोविंद नगर के कृष्णापुरम कॉलोनी निवासी मयंक मंगला ने बताया कि वह पिछले कुछ सालों से गोला गोकर्णनाथ में रह रहा है। घटना 20 अप्रैल 2023 की है। उसके मोबाइल पर ई कॉमर्स जैसे अमेजॉन फ्लिपकार्ट प्रमोशन के नाम पर एक लिंक भेजा गया। लिंक भेजने वाले ने उससे संपर्क कर व्हाट्सएप और टेलीग्राम के तहत ई कॉमर्स की वेबसाइट लॉगिन करवाई। जालसाज ने प्रमोशन के बाद इनवेस्ट होने वाली धनराशि पर ज्यादा मुनाफा देने का झांसा दिया और 4, 33, 219 रुपये इनवेस्ट करा लिए। जमा की गई मूल रकम में मुनाफे की राशि भी दिखाई देने लगी लेकिन जब उसने धनराशि विड्रॉल करने की कोशिश की तो वह नहीं हुई। इस पर जब उन्होंने कथित युवक से बात की तो उसने डेढ़ लाख रुपये की धनराशि टैक्स के रूप में देने की बात कही। इस पर उसे ठगी का शिकार होने का अहसास हुआ। पीड़ित ने घटना की तहरीर साइबर थाना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यात्रियों के सुविधाजनक सफर पर चुनाव का ग्रहण

▸▸ लखनऊ से बरेली जाने के लिए अभी करनी होगी प्रतीक्षा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ/मैलानी।

अमृत विचारः लखनऊ से मैलानी होकर बरेली जाने के लिए जिलेवासियों को अभी ट्रेन की सौगात नहीं मिलेगी। इसकी जानकारी बुधवार को लखीमपुर, गोला और मैलानी स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते समय डीआरएम ने दी।

डीआरएम आदित्य कुमार ने मातहतों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की वजह से मैलानी पीलीभीत रेलखंड पर ट्रेन संचालन में देरी हो रही है। हालांकि इस रूट पर ट्रेन चलाने के लिए रेल मंत्रालय से अनुमति मांगी गई है। इसके मिलते ही मैलानी से पीलीभीत के लिए ट्रेनें चलने लगेगी।

गोला रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम। अमृत विचार

शीघ्र हटेगा मैलानी रेलवे स्टेशन का डाकघर

डीआरएम ने मैलानी रेलवे स्टेशन परिसर में बने डाकखाने को हटाने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने भवन तोड़ने के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं।

डीआरएम का आना, यात्रियों के लिए बन गया मुसीबत

रेलवे स्टेशन पर खड़ी डीआरएम स्पेशल ट्रेन।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : मंडल रेल प्रबंधक का बुधवार को लखीमपुर आना यात्रियों के लिए मुसीबत बन गया। विभागीय जिम्मेदारों ने साहब की स्पेशल ट्रेन को वरीयता देते हुए एक पैसेंजर ट्रेन को लखीमपुर स्टेशन पर और दूसरी को गोला स्टेशन पर एक घंटे से ज्यादा रोंके रखा। ऐसे में भीषण गर्मी में मुसाफिर ट्रेनों में परेशान होते रहे। डीआरएम आदित्य कुमार की स्पेशल ट्रेन बुधवार को 11:53 पर लखीमपुर स्टेशन आई। करीब 20 मिनट तक निरीक्षण करने के बाद डीआरएम स्पेशल ट्रेन से गोला के लिए रवाना हो गए। इस दौरान जब तक उनका काफिला गोला पहुंच नहीं गया, तब तक मैलानी जाने वाली 05494 पैसेंजर ट्रेन को लखीमपुर स्टेशन पर ही रोंके रखा गया। 12 बजकर 20 मिनट पर लखीमपुर आई पैसेंजर ट्रेन 01 बजकर 41 मिनट पर गंतव्य के लिए रवाना हुई। इसी तरह मैलानी से लखनऊ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन 05085 गोला स्टेशन पर 11 बजकर 33 मिनट से 12 बजकर 54 मिनट तक खड़ी रही।

भीषण गर्मी में परेशान हुए मुसाफिर

डीआरएम स्पेशल ट्रेन को आगे निकाले जाने से एक घंटे तक मुसाफिर स्टेशन पर पेरशान होते रहे। एक नंबर प्लेटफार्म डीआरएम स्पेशल आने से पैसेंजर ट्रेन को तीन नंबर खड़ा कराया गया। ऐसे में मैलानी जाने वाले यात्री शीतल पानी तक के लिए तरस गए। इसकी वजह प्लेटफार्म नंबर दो व तीन पर शीतल पेयजल का इंतजाम न होना है।

क्रासिंग स्टेशन न होना बन रहा परेशानी

लखीमपुर और गोला के बीच फरधान ही क्रासिंग स्टेशन है। ऐसे में ट्रेनों का क्रास सिर्फ इसी स्टेशन पर संभव है। फरधान स्टेशन पर कोयला की मालगाड़ी होने की वजह से क्रास हो पाना संभव नहीं होता। यही वजह रही कि बुधवार को फरधान में एक तो मालगाड़ी का होना और दूसरे डीआरएम स्पेशल ट्रेन को रनथ्रू निकालने के कारण दोनो ट्रेनों को प्लेटफार्म पर एक घंटे से ज्यादा खड़ा रखा गया।

समस्या | जिम्मेदार मौन, श्रद्धालु और राहगीर हो रहे परेशान

गोला में गंभीर होती जा रही अतिक्रमण की समस्या

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

अमृत विचारः नगर में पुलिस प्रशासन की अनदेखी से अतिक्रमण की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। विभिन्न सडकों, चौराहों आदि पर दुकानदारों ने दुकानों के सामने सड़क पर कई फुट अतिक्रमण कर सामान रख दिया है। इससे सड़कों पर पैदल निकलना भी दूभर हो गया है। लेकिन प्रशासनिक मशीनरी को यह समस्या दिखाई नहीं दे रही है।

पूर्व एसडीएम अनुराग सिंह ने गतवर्ष नगर की सड़कों के फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका के साथ मिलकर अभियान चलाया। कुछ हद तक कामयाबी भी मिली, वाहवाही भी लूटी गई, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी सड़कों को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त नहीं करा सके। इसी बीच उनका तबादला हो गया, प्रशासन की शिथिलता का ही नतीजा है कि सड़कों पर अतिक्रमणकारियों ने फिर से कब्जा जमा लिया है। नगर की सभी प्रमुख सड़कों पर जगह जगह दुकानें, होर्डिंग, बाइक और कार तक खड़ी रहने से फुटपाथ नजर ही नहीं आता है। अलीगंज रोड, खुटार रोड, मोहम्मदी रोड, सिनेमा रोड, लखीमपुर रोड के फुटपाथ पर अतिक्रमण होने के कारण लोगों को दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। आज स्थिति यह है कि प्रशासन की ओर से अभियान चलता है, तो सब अपनी दुकानें हटा लेते है, लेकिन कुछ ही दिन बाद पुराना हाल हो जाता है। रेहड़ी-पटरियों, वाहनों तथा दुकानदारों के अतिक्रमण को हटाने में प्रशासन पूरी तरह से बेबस नजर आता है। अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन पर दबाव पड़ता है तो कुछ समय के लिए अभियान चलाकर थोड़ा-बहुत अतिक्रमण हटा देते हैं, लेकिन टीम के जाते ही फिर अतिक्रमण हो जाता है।

गोला में फुटपाथ पर रखा दुकान का सामान। अमृत विचार

भगवान भरोसे चल रही यातायात व्यवस्था

अलीगंज रोड के फुटपाथ का सबसे बुरा हाल है। यहां सडक के दोनों ओर रेहड़ी-पटरियों के अलावा स्थाई दुकानदारों ने पूरी-पूरी की दुकानें फुटपाथ पर सजा रखी हैं। इसके साथ बाइक, कार, ईरिक्शा आदि के खड़ी होने से पूरा फुटपाथ गायब हो जाता है। जबकि इस रोड से रोडवेज की दर्जनों बसे, कार व रिक्शा आदि रेलवे और बस स्टेशन के लिए गुजरते हैं। जिससे कई घंटों जाम की समस्या बनी रहती है। जबकि कोतवाली से चंद कदमों की दूरी होने के बाद भी यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।

डायवर्जन रोड पर दुकानें लगने से श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : इन दिनों ऐतिहासिक चैती मेला चल रहा है। जिसके लिए मेला मैदान को खाली कराया गया है। मेला मैदान में हल्दी, मिर्चा सहित अन्य लगने वाली दुकाने वहां से हटाकर अंबेडकर तिराहे से चीनी मिल गेट की ओर जाने वाले डायवर्जन रोड पर लग गई हैं। जिससे पहले से सिकुडी रोड अब और पतली हो गई है। पूर्णागिरि मेला चलने और नवरात्र होने के कारण हजारों श्रद्धालुओं का प्रतिदिन पौराणिक शिव मंदिर आना जाना होता है। उन्हें भी जाम की झाम से दो चार होना पड़ता है। लेकिन आंबेडकर तिराहे पर ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिस प्रशासन अनदेखी कर रहा है। जबकि प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस की गाड़ियां कई बार हूटर बजाती हुई गुजरती हैं। लेकिन उन्हें भी यह समस्या दिखाई नहीं देती है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE

I Rammilan son of Shri Jageshwar resident of village Kheda Silajit tehsil Sarila District Hamirpur, U.P. I had passed class high school examination in the year 2010, whose roll number is 1682161. That in my above mentioned mark sheet my father's name are mentioned as JAGESHWAR PRASAD. That the above two names JAGESHWAR PRASAD and JAGESHWAR belong to my father only and not to anyone else.

अब्दुल मजीद
मदरसा अब्दुल मजीद अकादमी
खोजीपुर छिबरामऊ- कन्नौज

में आधुनिकीकरण योजना अन्तर्गत आधुनिक विषय के 1 अध्यापक की जरूरत है।
शैक्षिक योग्यता– स्नातक/ परास्नातक / बी0एड
वेतनमान देय– राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा देय है।
आवेदन करने की अन्तिम तिथि– 28/04/2024
साक्षात्कार दिनांक– 30/04/2024
विज्ञप्ति दिनांक– 18/04/2024

सूचना

सूचित हो की मैं ATIK AHAMAD पुत्र IKBAL HUSAIN निवासी:– आलहन मऊ, पो. सराय बरई, जि. बाराबंकी का हूँ, मैंने अपना नाम MOHAMMAD ATIQ KHAN से बदलकर ATIK AHAMAD रख लिया हैं, आज से मुझे ATIK AHAMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल यू0पी0 बोर्ड इलाहाबाद, वर्ष– 2019, अनु0– 1870076 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र की मूलप्रति वास्तव में कहीं खो गयी है। **धन लक्ष्मी सुपुत्री श्री सत्य राम नि0ग्रा0– अलाउद्दीनपुर, पोस्ट– बनगवॉडीह, तहसील– कादीपुर, जनपद– सुलतानपुर (उ0प्र0)।**

सूचना

सूचित हो कि मैं रईस अहमद पुत्र फकीरे अपने पुत्र सिराज के चाल चलन से काफी परेशान हूं। वह आए दिन परिवार में विवाद करता है। जिसके चलते अन्य लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मैं अपने पुत्र सिराज को चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। **रईस अहमद पुत्र फकीरे निवासी ग्राम भटपुरवा थाना कोतवाली देहात बहराइच।**

सड़क हादसों में दो की मौत, एक दर्जन घायल

खूनी बुधवार : माखी, बांगरमऊ, अजगैन, दही और बेहटा मुजावर थाना क्षेत्रों में हुईं दुर्घटनाएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले में 24 घंटे के दौरान अलग-अलग हुए सड़क हादसों में दो व्यक्तियों की जान चली गई। वहीं 15 लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद रुदई खेड़ा की घटना में मृतक के परिजन। अमृत विचार

हादसा 01

चकलवंशी। माखी थानाक्षेत्र के गांव रुदई खेड़ा निवासी अजय (16) आसीवन थानाक्षेत्र के रसूलाबाद निवासी साथी शिवम (15) के साथ आसीवन थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कस्बा में नवरात्रि में लगने वाला मेला देखने गए थे। चकलवंशी-मियागंज मार्ग पर जरुआखेड़ा गांव के पास किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें मियागंज सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने अजय को मृत घोषित कर दिया। वहीं शिवम का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुचे दिवंगत किशोर के पिता कमलेश ने बताया कि वह परिवार सहित चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी करते हैं। 15 दिन पहले ही गांव लौटे थे। बेटे की मौत से मां यशोदा, बड़ा भाई करन व छोटा अजीज बेहाल हैं। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

हादसा 02

चकलवंशी। माखी थानाक्षेत्र के सलेमपुर गांव के मजरा गुमानीखेड़ा निवासी नरेश पाल (57) खेती करता था। बुधवार सुबह पांच बजे वह गेहूं काटने पैदल जा रहा था। तभी सड़क पार करते समय चकलवंशी-संडीला मार्ग पर संडीला जा रहे गिट्टी लदे डंपर ने उसे कुचल दिया। इसमें उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने सड़क पर बल्ली लगाकर डंपर रुकवाया और पुलिस को सौंपा। पति की मौत से पत्नी कंटा, चार बेटे सुबेदार, सरोज, सुमित, टिंकल व दो बेटियों सुनीता व अनीता का रो-रोकर बुरा हाल है। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

हादसा 03

चकलवंशी। माखी थानाक्षेत्र के मेथीटीकुर गांव निवासी प्रहलाद अपनी पत्नी श्रीमती (35), बेटी महिमा (17) व बेटे नितिन (19) के साथ गेहूं काटने के लिए निकला था। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर पशु चिकित्सालय के पास कंटेनर ने उसकी बाइक में टक्कर मारने के बाद पैदल सड़क पार कर रही सादिया (25) को भी चपेट में ले गया। इसमें पांच लोग घायल हो गए। मौजूद राहगीरों ने कंटेनर रुकवाया और पुलिस को सौंप दिया। घायलों को सफीपुर सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने सादिया व श्रीमती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एसओ संदीप मिश्र ने बताया कि कंटेनर कब्जे में है। चालक फरार है।

हादसा 04

बांगरमऊ। कोतवाली अंतर्गत नसीमगंज मोहल्ला निवासी अखलाक (32) व दरगाह मुहल्ला निवासी तैय्यब (35) दोस्त हैं। दोनों बाइक से कहीं गए थे। कोतवाली क्षेत्र के ही बोधेश्वर मंदिर के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें वे सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए।

हादसा 05

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के तकिया निगोही गांव के मजरा पवारन खेड़ा निवासी मालती (25) चार महीने की गर्भवती है। वह अपने दो साल के बेटे शिवा के साथ दुकान गई थी। वहीं से दोनों पैदल घर लौट रहे थे। तकिया-गौरिया कला मार्ग पर तकिया की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार कांटा गुलजारपुर निवासी विनोद (35) ने दोनों को टक्कर मार दी। घटना में मालती व बाइक सवार विनोद घायल हो गया। जबकि साथ रहा बेटा बाल-बाल बच गया। उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

हादसा 06

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी छविनाथ (50) पुत्र फूलचंद्र बुधवार को ट्रैक्टर की सर्विस कराने बांगरमऊ आया था। शाम को वह ट्रैक्टर लेकर लौट रहा था। तभी हरदोई मार्ग स्थित शेख़ औलिया पीर बाबा की मजार के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गया और छविनाथ गंभीर घायल हो गया। मौके पर रहे लोगों ने आनन-फानन उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

गंभीर रूप से घायल छह लोग जिला अस्पताल रेफर

हादसा 07

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली अंतर्गत अजीजपुर लोखरिया गांव निवासी हरिशंकर बुधवार शाम घर से कोइथर गांव स्थित अपनी कबाड़ की दुकान जा रहा था। तभी सेवरा गांव के मोड़ पर अनियंत्रित ट्रैक्टर उसकी बाइक से टकरा गया। जिसे लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया और हाथापाई होने लगी। जिसमें बाइक सवार को चोटे आई हैं। जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। दूसरी घटना में कमलेश निवासी भागू खेड़ा पत्नी अनीता व बेटे अमित के साथ बाइक से इब्राहिमपुर गांव किसी मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। तभी टोल प्लाजा पर रिस्तेदारों को छोड़कर घर वापस जा रहे मोहारी गांव निवासी कोमल पुत्र कमलेश की बाइक से उसकी आमने सामने टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी लाया गया। घायल कमलेश व हरिशंकर को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हादसे में क्षतिग्रस्त हुआ ऑटो।

सवारियों से भरे ऑटो पर गिरा नीम का पेड़, सात घायल

बिछिया। दही थानांतर्गत पुरवा रोड पर बुधवार को तुर्कमान नगर के पास एक दुकान के सामने सवारी लेकर जा रहे आटो पर अचानक नीम का पेड़ गिर गया। इसमें आटो पेड़ के नीचे दब गया। जिसमें चालक सहित आटो में बैठे छह लोग भी घायल हो गए। लोगों ने दही पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी औद्योगिक अरविंद सिंह ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा। बताया कि घायलों में चालक सहित अंशिका पुत्री पप्पू. माधुरी पत्नी पप्पू निवासी पीडी नगर सदर कोतवाली, निर्मल पुत्र महेंद्र सिंह निवासी अतरसई कोतवाली पुरवा. आटो चालक दिनेश पुत्र रामलाल निवासी मदनपुर अजगैन. बुढ़ाना पत्नी रामखेलावन निवासी खड़गी खेड़ा पुरवा शामिल थे। दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है।

भाई ने दर्ज कराई अज्ञात लोगों पर हत्या की रिपोर्ट

अमृत विचार फॉलोअप

- बिहार थानांतर्गत बीते सोमवार सुबह सड़क किनारे पड़ा मिला था युवक का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। बिहार थानाक्षेत्र के काछिनखेड़ा गांव में बीते सोमवार को संदिग्ध परिस्थिति में युवक की क्षतिग्रस्त बाइक व उसका शव घर से दो किमी दूर सड़क किनारे लहूलुहान हालात में पड़ा मिलने के मामले में भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगो के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। हालांकि पुलिस मामले में किसी नजदीकी का ही हाथ मान रही है।

बता दें कि काछिन खेड़ा गांव निवासी सुनील कुशवाहा (26) की रविवार रात कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद शव गांव से दो किमी दूर मुस्काबाद गांव की गोशाला के पास फेंक दिया गया था। शव के पास ही उसकी बाइक भी पड़ी मिली थी। सोमवार सुबह राहगीरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी थी। एसओ शिवप्रकाश पांडेय फोर्स के साथ पहुंचकर उसके सिर व चेहरे पर कई चोटों के निशान देख हत्या की घटना को हादसे का रूप दिए जाने की आशंका पर सीओ माया राय को सूचना दी थी। इसके बाद डॉग स्क्वाएड व फोरेंसिक टीम ने भी जांच की थी। शव मिलने की सूचना पर कुछ ग्रामीण सुनील के घर पहुंचे तो वहां चारपाई पर बिस्तर में खून लगा दिखा था। इसकी सूचना पर सीओ पुलिस टीम ने मृतक के घर पहुंचकर जांच की थी। खून लगे बिस्तर के पास ही एक कुल्हाड़ी भी पड़ी मिली थी। आंगन व कमरे के बीच गैलरी में करीब छह फिट लंबा और पांच फिट गहरा गड्ढा भी खुदा मिला था। खोजी कुत्ता घर से 20 मीटर दूर रहने वाले मौसा के घर तक गया और लौट आया। मृतक के छोटे भाई अमन ने पुलिस को बताया था कि रात में वह गांव में ही मौसा राजू घर सोने गया था और मां सुंदरी देवी अपनी ननद के यहां लक्षीपुर गईं थी। सुनील घर में अकेला था। पुलिस मृतक का फोन कब्जे में लेकर उसकी सीडीआर व उसके भाई, मौसा व कुछ अन्य लोगों से पूछताछ कर रही थी। वहीं बुधवार को भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

धूमधाम से निकाली गई प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। श्रीराम शोभा यात्रा समिति के तत्वावधान में राम नवमी पर शहर के प्रमुख मार्गों पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें शामिल श्रीराम भक्त जबर्दस्त जयकारे लगाते हुए गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। दोपहर बाद सिद्धनाथ मंदिर से शोभायात्रा छोटा चौराहा से स्टेशन रोड व आईबीपी चौराहा होकर झंडेश्वर मंदिर पहुंची, जहां पूजा कर समापन किया गया।

राम नवमी पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए दिन में करीब 11 बजे से ही लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। शोभा यात्रा दोपहर बाद मंदिर परिसर से रवाना हुई, जिसमें सबसे आगे जहां धर्म ध्वजाएं लिए कार्यकर्ता शामिल थे। वहीं जय श्रीराम-जय-जय श्रीराम नारे लगाने के साथ नृत्य करते युवाओं की टोली चल रही थी।

शोभायात्रा के दौरान साथ चल रहे प्रशासनिक अधिकारी।

शोभा यात्रा छिपियाना चौराहा, सुंदर सिनेमा, छोटा चौराहा, सदर बाजार, बड़ा चौराहा, स्टेशन रोड, आईबीपी चौराहा, बस अड्डा व सब्जी मंडी होते हुए बड़ा चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर पहुंची। चंद्र प्रकाश गुप्ता, विनोद शर्मा, विवेक मिश्र सोनू, आशीष त्रिपाठी डाक्टर, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अंबरीश गोस्वामी, जगदीश निगम, मुकेश, नरेंद्र सिंह, रेखा शुक्ला, सुरेश मिश्र आदि रहे।

प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर चारों ओर बजे घंटे-घड़ियाल

कार्यालस संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। रामनवमी पर श्रद्धालुओं ने घर-घर अपने आराध्य भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। किसी ने खीर तो कोई हलवा सहित अन्य प्रसाद तैयार कर भोग लगा जन्म दिन मनाया। वहीं मंदिरों में भी 'भय प्रगट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी' स्तुति के बीच श्रीराम, लक्ष्मण व सीता की मूर्तियों की आरती उतार प्रसाद वितरित किया जाता रहा। सुबह से रात तक भक्तगण अलग-अलग मंदिरों में पहुंचकर आराध्य की स्तुति कहते हुए पूजन करते रहे।

शहर स्थित बड़े हनुमान मंदिर में स्थापित श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के विग्रह के दर्शन-पूजन के लिए सुबह से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। वहीं घरों में भी लोग सुबह स्नान आदि कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का दर्शन-पूजन करते रहे। इस दौरान अधिकांश घरों से भय प्रकट कृपाला स्तुती के स्वर सुनाई देते रहे। लोगों ने श्रीराम जन्म के मद्देनजर कढ़ी व खीर आदि बनवा कर भगवान का भोग लगाया। कई लोगों ने हलुआ व मिष्ठान खरीदकर भगवान श्रीराम को समर्पित करने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

बड़े हनुमान मंदिर में स्थापित श्रीराम, लक्ष्मण व माता जानकी की प्रतिमाएं।

शोभायात्रा में हनुमानजी का स्वरूप।

शोभायात्रा में शामिल विधायक श्रीकांत कटियार व अन्य। अमृत विचार

रामनवमी पर रामभक्तों ने निकाली झांकी

औरास। कस्बा औरास स्थित भुईयां देवी मंदिर प्रांगण में माता रानी के नौ रूपों की स्थापना भक्तों द्वारा की गई। इस दौरान भक्तों ने पूजा अर्चना करते हुए रामनवमी के उपलक्ष पर नगर में झांकी भी निकाली गई और नगर में प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद भक्तों द्वारा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। पूरा नगर मातारानी के भक्ति गीतों से गूंज उठा। स्थानीय प्रशासन भक्तों की सुरक्षा को लेकर मुस्तैद रहा। भक्तों में मनोज तिवारी, मुकेश जायसवाल, सुधीर कनौजिया, मोहित राकेश आदि रहे।

फतेहपुर चौरासी संवाददाता के अनुसार, नवरात्र के अंतिम दिन भक्तों ने जहां मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना व हवन किया। वहीं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। कस्बा स्थित मां शीतला देवी मंदिर में सिद्धदात्री का पूजन-अर्चन करते हुए श्रद्धालुओं ने कन्या भोज भी कराया। नेहरू नगर में नव निर्मित राम दरबार मंदिर में सहित विभिन्न स्थानों पर रामचरित मानस का अखंड पाठ किया गया। बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार, नगर के नानामऊ मार्ग स्थित श्री दुर्गेश्वर महादेव मंदिर से बुधवार को श्रीराम शोभा यात्रा निकली गई। शोभा यात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां शामिल थीं। नवाबगंज संवाददाता के अनुसार, विहिप व बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में राम नवमी पर कस्बा स्थित पौराणिक दुर्गा मंदिर से भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान झांकियां सजाकर शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसमें आरएसएस स्वयं सेवक सहित बड़ी संख्या में भाजपाई भी शामिल रहे। अखिलेश गुप्ता, विहिप के प्रखंड अध्यक्ष विनोद मिश्रा, नितिन शुक्ला, नितिन ठाकुर, सोमेश सिंह, निर्लेश दीक्षित व सुशील श्रीवास्तव आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। पुरवा संवाददाता के अनुसार, मोहल्ला शीतलगंज स्थित मां आनंदेश्वरी मंदिर से जवारा व श्रीराम शोभायात्रा निकली। गाजे-बाजे सहित निकलने वाली शोभा यात्रा में 151 झांकियां शामिल रहीं।

संजय गुप्ता, अमित सोनी, साकेत गुप्ता, मृदुल वाजपेयी, मिंशू पांडेय, आकाश त्रिपाठी, योगेंद्र नाथ द्विवेदी, विमल वाजपेयी, आशीष गुप्ता व सतीश कुशवाहा आदि शामिल रहे। वहीं सीओ सोमेंद्र विश्वास व कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह भी पूरे समय मौजूद रहकर सुरक्षाकर्मियों का मार्ग दर्शन करते रहे।

अब आराम की नौकरी करना शिक्षकों को पड़ेगा भारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- डीजी (महानिदेशक) स्कूल शिक्षा कार्यालय जुटा रहा शिक्षकों की संबद्धता का लेखाजोखा
- मंडलीय निदेशक के माध्यम से बीएसए से तलब किया जा रहा संबद्ध शिक्षकों का विवरण

अमृत विचार। बीएसए व बीईओ कार्यालयों सहित अन्य सुविधाजनक स्थानों पर खुद को संबद्ध करा आराम की नौकरी करने वाले परिषदीय शिक्षकों के लिए बुरी खबर है। इस समय डीजी (महानिदेशक) स्कूल शिक्षा ने मंडलीय निदेश को पत्र जारी कर संबद्धता वाले शिक्षकों को विवरण तलब किया है। उन्होंने पूर्व में इस संबंध में मांगी गई जानकारियां अब तक न उपलब्ध कराने पर नाराजगी जताई है।

स्टाफ की कमी के चलते परिषदीय शिक्षक बीएसए सहित अन्य कार्यालयों में अपनी तैनाती करा लेते हैं। जिले में तमाम शिक्षकों ने अपना संबद्धीकरण करा रखा है, जिससे दूरस्थ विद्यालयों की आवाजाही करने से उन्हें निजात मिल जाती है। साथ शिक्षक के बजाए कार्यालयों में बाबू के तौर पर कामकाज निपटाना प्रायः लाभ का सौदा भी साबित होता है। स्थानांतरण करा पाने में असफल रहने वाले शिक्षक प्रायः विभागीय अधिकारियों को खुश कर संबद्धीकरण करा अपना लंबा कार्यकाल पूरा कर लेते हैं। सेटिंग-गेटिंग के जरिए यह खेल लगातार जारी रहता है। समय-समय पर मूल तैनाती वाले विद्यालयों के बजाए संबद्धता की मौज लेने वालों की जानकारियां पहले भी विभागीय उच्चाधिकारियों द्वारा मांगी जाती रही हैं, लेकिन संबद्धता समाप्त नहीं की जाती रही है। अब एक बार फिर ऊपरी स्तर से संबद्धता वाले शिक्षकों के आकड़े मांगे गए हैं। डीजी कार्यालय से मंडलीय निदेशक को जारी पत्र में प्रोफार्मा संलग्न करते हुए संबद्ध शिक्षकों का ब्यौरा तलब किया गया है। प्रोफार्मा में शिक्षक के पदनाम समेत नाम, मूल तैनाती वाले विद्यालय का नाम, ब्लाक क्षेत्र, संबद्धता वाले कार्यालय या विद्यालय का नाम, संबद्ध करने की तिथि, संबद्ध करने वाले अधिकारी का पद व नाम, मूल तैनाती वाले स्थान से कार्यमुक्त किए जाने की तारीख और अद्यतन कार्यमुक्त न किए जाने के कारण की जानकारी डीजी कार्यालय एकत्र कर रहा है।

दहेज हत्या के वांछितों को भेजा गया जेल

हसनगंज। बीते दिनों हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मेहंदीखेड़ा में गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों पर दहेज हत्या, दहेज उत्पीड़न व मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। मृतका के पति को पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया था। बुधवार को पुलिस ने मामले में वांछित चल रहे राजकुमार उर्फ टेनी व सरोजनी पत्नी राजकुमार को मेहंदीखेड़ा चौराहे से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

डीईओ ने देखी नामांकन की तैयारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। कलक्ट्रेट पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी ने गुरुवार से पांचवें चरण के लिए नामांकन शुरू होने की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों से प्राप्त होने वाले नामांकन पत्रों को ठीक से देख लिया जाए। अनावश्यक भीड़ न लगने दी जाए। नाम निर्देशन पत्र जमा कराते समय आदर्श आचार संहिता का हरहाल में कड़ाई से पालन कराया जाना चाहिए।

कलक्ट्रेट में नाम निर्देश पत्र जमा कराने की तैयारियों के मद्देनजर बैरेकेटिंग का कार्य रात को पूरा कर लिया गया था। निर्वाचन संबंधी दायित्व संभाल रहे अधिकारी-कर्मचारियों ने नामांकन प्रक्रिया शुरू कराने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देना जारी रखा। दोपहर में जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारियों को साथ लेकर नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया।

कलेक्ट्रेट में तैयारियों का जायजा लेते जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी।

राजनीति

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एकजुट होकर गठबंधन तैयार किया गया

लोकतंत्र खत्म होने का ढिंढोरा पीट रहा इंडिया गठबंधन

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

अमृत विचार। कस्बा के कुसुंभी रोड स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित बूथ अध्यक्षों की बैठक में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा बताया। कहा आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे लोगों का यह गठबंधन भारतीय लोकतंत्र खत्म होने का बाजा बजा रहा है।

उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा एक तरफ पीएम मोदी और भाजपा है, जबकि दूसरी ओर सड़ी हुई मिठाई (मतदाताओं द्वारा रिजेक्टेड किए जा चुके नेता और पार्टियां) हैं। बिना किसी का नाम लिए विपक्ष पर हमलावर रहते हुए कहा यह बवाली लोग गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं और भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए एकजुट होकर गठबंधन तैयार किया है, लेकिन प्रदेश की योगी सरकार ने कानून का राज स्थापित कर स्वयं को दबंग कहलाने वाले डर महसूस करते हैं। ऐसे दबंग गले मे तख्ती लटकाकर स्वयं थाने पहुंचने लगे हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी के सत्ता में रहते हुए दुनियाभर में भारत की साख बढ़ी है। उनके नेतृत्व वाली सरकार ने जहां आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारने में गुरेज नहीं समझा। वहीं विंग कमांडर अभिनंदन की दुश्मन देश से सकुशल स्वदेश वापसी भी कराई। चुनावों में बूथ लूटने के दिन लद चुके हैं। अब आम आदमी का मत किसी की बाप की बपौती नहीं रहा। पीएम ने बहन-बेटियों को इज्जत से जीने का अधिकार देते हुए शौचालयों का निर्माण कराया और प्रत्येक गरीब परिवार को आयुष्मान के रूप में 5 लाख तक मुफ्त इलाज का गारंटी कार्ड भी दिया। अब गांवों में हर घर नल योजना के तहत पीने का शुद्ध पानी मिल रहा है। विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि भाजपा सच्चे अर्थों में लोकतंत्र पर आस्था रखती है। इसीलिए पिछली कतारों में बैठने वाले बूथ अध्यक्ष सहित सामान्य कार्यकर्ता भी विधायक और मंत्री बनने का मौका प्राप्त करते हैं।

उन्होंने जिले के लोगों से भावनात्मक रिश्ता कायम रखते हुए कहा कि आप हमारी ताकत हैं। राजनैतिक व्यवस्तताओं से आना-जाना भले कम हो पाता है, लेकिन उन्नाव से वह स्वयं को कभी अलग नहीं कर सकते हैं। कहा इस जिले से निकलने वाली आवाज पूरे देश के साथ दुनिया में सुनी जाती है, क्योंकि चंद्रशेखर आजाद, पं. प्रताप नारायण मिश्र, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, डा. शिवमंगल सिंह सुमन, भगवती चरण वर्मा आदि को इसी माटी ने जन्म देकर पाल-पोसकर बड़ा किया। बैठक को भाजपा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, विधायक ब्रजेश रावत ने भी सम्बोधित किया। साथ ही नूतन सिंह, मंडल प्रभारी राजेंद्र द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रविप्रताप सिंह, नवाबगंज नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी रहे।

माता कुशहरी देवी की आरती उतारते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

कार्यक्रम में लोगों का अभिवादन करते डिप्टी सीएम, सांसद व अन्य। अमृत विचार

माता कुशहरी का किया दर्शन-पूजन

उप मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल होने से पहले सीधे माता कुशहरी देवी मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के पुत्र लव-कुश द्वारा स्थापित माता कुशहरी की मूर्ति के सामने शीश झुका आशीर्वाद लिया। यहां आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण करते हुए वीआईपी अतिथि को दर्शन-पूजन कराया। मंदिर पहुंचने पर यहां पहले से मौजूद प्रधान पति मनोज पांडेय ने उप मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

एचटी लाइन से गिरी चिंगारी से 11 बीघा गेहूं की फसल राख

आग बुझाने पहुंची दमकल। अमृत विचार

संवाददाता, बिछिया

अमृत विचार। सदर तहसील क्षेत्र के गांव चांदपुर में खेतों के बीच से जर्जर एचटी लाइन गुज़री है। बुधवार दोपहर हवा तेज चलने के कारण 33 केवी लाइन आपस में टकराने से निकली चिंगारी नीचे खड़ी गेहूं की फसल पर गिर गई। चिंगारी गिरने से फसल में आग लग गई। जिसमें सुशील, अशोक व विकास की एक-एक बीघा फसल जल गई। वहीं, रामकेवल की 5 बीघा फसल जलकर स्वाहा हो गई। इसके अलावा मोती की 10 बिसुआ, रामविलास की 6 बिसुआ, सुनील की 12 बिसुवा, रमेश की 9 बिसुवा, विजय शंकर व राजाराम की 10-10 बिसुवा और रामकुमार की सवा बीघा फसल जलकर ख़ाक हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम व पुलिस ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत बाद आग पर काबू पाया। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंचे लेखपाल दीपेंद्र तिवारी ने बताया कि किसानों की गेहूं की फ़सल एचटी लाइन में फाल्ट होने से निकली चिंगारी से जली है।

बहा दिए गए लाखों रुपये फिर भी लोगों को नहीं मिल सका पानी

ग्रामीणों का आरोप, इंडिया मार्का हैंडपंपों की मरम्मत व रिबोर में फर्जीवाड़ा हो रहा

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

अमृत विचार। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में इंडिया मार्का हैंडपंपों की मरम्मत व रिबोर में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। बीते करीब डेढ़ वर्ष में ग्राम पंचायतों में हैंडपंपों की मरम्मत व रीबोर में लाखों रुपये खर्च कर दिए गए। लेकिन, ग्रामीणों को अभी भी पानी के लिये जूझना पड़ रहा है। साथ ही अभी भी कई हैंडपंप खराब पड़े हैं।

विकासखंड फतेहपुर चौरासी की ग्राम पंचायत गजफ्फरपुर पैसरा के निवासी सुरेश दिवाकर के घर के सामने लगा इंडिया मार्का हैंडपंप कई महीने से खराब है। सुरेश का कहना है कि उन्होंने हैंडपंप सही कराने के लिए पंचायत सचिव से लेकर ग्राम प्रधान तक से कई बार फरियाद लगाई थी। इसके बाद अक्टूबर माह में रिबोर करा दिया गया था। लेकिन, कुछ ही दिनों में उसकी पहले जैसी स्थिति हो गई और तब से आज तक हैंडपंप सही नहीं हो सका। गांव के अन्य लोगों ने बताया कि उस नल में रिबोर तो कराया गया लेकिन, लोहे के जो पाइप व जो मशीन डाली जाती है वह पुरानी ही डाल दी गई थी। जिससे नल से पीने का शुद्ध पानी भी नहीं आता है। जिसकी शिकायत भी की गई है।

खराब पड़ा हैंडपंप दिखाते ग्रामीण। अमृत विचार

ग्राम पंचायत में कई हैंडपंप खराब

गांव निवासी रमेश, प्रमोद व बृजनेश का कहना है कि ग्राम पंचायत में कई हैंडपंप खराब पड़े हैं। आरोप लगाया कि कागजों पर हैंडपंपों की मरम्मत व रीबोर दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।

- फतेहपुर चौरासी विकासखंड की ग्राम पंचायत गजफ्फरपुर पैसरा में जमकर हुई धांधली

बोले जिम्मेदार

इसे लेकर बीडीओ अनिल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। खराब पड़े हैंडपंपों को जल्द ही दुरुस्त करवाया जायेगा। साथ ही पूर्व में हुए कार्यों की जांच भी कराई जाएगी।

बीते डेढ़ वर्ष में यह हुआ खर्च

ग्राम पंचायत में ग्राम निधि का धन पानी की तरह बहाया जा रहा है। गांव में वर्ष-2023 में 2.75 लाख रुपए और वर्ष-2024 में मार्च तक 1.23 लाख रुपए खर्च किए जा चुके गए हैं।

ट्रेन से गिरकर औरैया के युवक की मौत

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग स्थित उन्नाव जंक्शन के पास चलती ट्रेन से गिरकर युवक पहिए के नीचे आ गया। सूचना पर जीआरपी पहुंची और उसके पास मिले फोन से परिजनों को घटना की सूचना दी। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।

औरैया जिले के ऐरवापुर थानांतर्गत भैदपुर गांव निवासी शिवम (19) पुत्र सुखवीर सिंह मंगलवार को किसी काम से गोमती एक्सप्रेस से लखनऊ जा रहा था। गेट पर खड़ा शिवम अचानक हरदोई ओवरब्रिज के पास ट्रेन से गिरकर पहिए के नीचे आ गया। सूचना पर जीआरपी, आरपीएफ व सदर चौकी पुलिस पहुंची। उसके पास में मिले मोबाइल से परिजनों को घटना की सूचना दी। रेलवे पुलिस ने शव ट्रैक से हटवाया और मोर्चरी में रखवा दिया। बुधवार को परिजनों को पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया गया। एसओ जीआरपी अरविंद पांडेय ने बताया कि ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हुई थी। पीएम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, मचा कोहराम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ले में रहने वाले एक युवक ने मंगलवार रात कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह परिजनों ने शव फंदे पर लटका देखा तो परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर विधिक कार्यवाही की है।

गांधी नगर निवासी वीरेन्द्र कुरील का छोटा बेटा प्रियांशु उर्फ भोला कुरील (19) मंगलवार को खाना खाने के बाद कमरे में चला गया। जहां उसने रात को पंखे के कुंडे के सहारे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह पिता ने शव फंदे पर लटका देखा तो उसकी चीख निकल गई।

चीख पुकार सुन आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की जानकारी डॉयल पुलिस को दी गई। जिस पर बिंदा नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया और जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। भोला की मौत पर दादी रूक्मणि, बड़ा भाई प्रिंस समेत अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। इस बावत कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि परिजन फांसी का कारण नहीं बता सके हैं। पूछताछ की जा रही है। शव को पीएम के लिये भेजा गया है।

गमगीन बैठे परिजन।

चोरों ने जेवर समेत हजारों का माल उड़ाया

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के गायत्री नगर भातू फार्म इलाके में मंगलवार देर रात अज्ञात चोर एक घर में घुस गये। जहां चोरों ने मोबाइल, जेवर समेत हजारों का माल पार कर दिया। वहीं चोरी गया सिलेंडर पड़ोसी की छत पर पड़ा मिला। पीड़ित ने चोरी की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी है।

गायत्री नगर भातू फार्म निवासी हरि किशोर द्विवेदी ने बताया कि मंगलवार रात वह परिवार के साथ एक कमरे में सो रहे थे, तभी अज्ञात चोर उनके घर में घुस आये। जहा अलग-अलग कमरों में रखे चार महंगे मोबाइल, एक जोड़ी पायल, अंगूठी समेत हजारों का माल पार कर दिया। सुबह नींद खुलने पर मोबाइल गायब देख उनके होश उड़ गये। आस पास सामान भी बिखरा पड़ा था। जिस पर वह छत पर पहुंचे। जहां पड़ोसी की छत पर सिलेंडर पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि चोर कहां से और कैसे दाखिल हुये हैं। यह पता नहीं चल पा रहा है। उन्होंने चोरी की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

नवीन पुल पर सब्जी मंडी लगने से लगा भीषण जाम

शुक्लागंज उन्नाव। बुधवार देरशाम नवीन पुल पर जाम लगने से राहगीरों के खासी परेशानी उठानी पड़ी। जाम के दौरान पुलिस भी नदारद रही। जिससे देररात तक पुल पर वाहन रेंगते रहे और लोग परेशान होते रहे। नवीन पुल पर वाहनों का भार व फुटपाथ पर लगी सब्जी मंडी के कारण बुधवार देरशाम जाम लगना शुरू हो गया। जिस कारण पुल वाहनों से भर गया। जाम देख वाहन सवारों ने अपने वाहन फुटपाथ पर चढ़ा दिए। जिससे फुटपाथ भी जाम हो गया। जाम के कारण दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई-रिक्शा के अलावा अन्य वाहन कतारों में खड़े रहे। भीषण जाम के बावजूद पुलिस नदारद रही। जिसके चलते वाहन स्वरों को खासी दिक्कत उठानी पड़ी। देररात तक नवीन पुल पर वाहन रेंगते हुए निकले। ● अमृत विचार

बालूघाट मोड़ पर कार से झंडा हटवाती उड़नदस्ता टीम। अमृत विचार

उड़नदस्ता टीम ने चलाया अभियान, उतरवाये झंडे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को देखते हुये बुधवार को उड़नदस्ता की टीम ने नगर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान कई कारों में लगे पार्टी के झंडे उतरवाये। इसके साथ ही कार चालकों को हिदायत भी दी।

बुधवार को मजिस्ट्रेट सूर्य कुमार शुक्ला के नेतृत्व में उड़नदस्ता की टीम गंगाघाट पहुंची। जहां टीम ने बालूघाट मोड़, मरहला चौराहा, बैराज मार्ग पर अलग-अलग चेकिंग की। इस दौरान टीम ने आने-जाने वाली कारों को रोका। जिसके बाद कार चालकों से पूछताछ करते हुये सघन चेकिंग की। इस दौरान कई कारों में पार्टी के झंडे लगे मिले। जिस पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पर पर कार चालकों को हिदायत दी।

शायरों ने कलाम पेश कर लूटी वाह-वाही

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- अफजालुर्रहमान के 23वें उर्स पर हुआ आल इंडिया मुशायरा
- उर्स में कुल शरीफ के बाद लंगर में शामिल हुए अकीदतमंद

अमृत विचार। गंजमुरादाबाद कस्बा स्थित दरगाह हजरत फजले रहमानी में हजरत अफजालुर्रहमान उर्फ भोले मियां का 23वां उर्स मुबारक अकीदत व एहतराम से आयोजित हुआ। इस मौके पर दरगाह शरीफ की ओर से आल इंडिया मुशायरे में कई बाहरी शायर भी कलाम पेश करने पहुंचे।

बीती रात दरगाह में हुए नातिया मुशायरे में शब्बीर बरकाती, जुनैद बरकाती, जीशान बरकाती, सैफ रजा, व युसूफ रजा आदि शायरों ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन कलाम पेश कर श्रोताओं को वाह-वाही के लिए मजबूर किया। इससे पहले मकराना राजस्थान से आए मुफ्ती शमसुद्दीन व सैयद शागिल इमाम हैदराबाद ने महफिल को खिताब किया। बुधवार को सुबह साढ़े सात बजे पहला कुल शरीफ हजरत वलीउर्रहमान उर्फ फजलू मियां का हुआ। वहीं साढ़े नौ बजे दूसरा कुल शरीफ हजरत अफजालुर्रहमान उर्फ भोले मियां का हुआ। समापन से पहले फातिहा में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गईं। साथ ही लंगर में आम लोगों ने भी खाना खाया। कार्यक्रम की सरपरस्ती साहबे सज्जादा हजरत मारुफुर्रहमान उर्फ मारूफ मियां व सदारत रिजवानुर्रहमान उर्फ अज्जू मियां ने की। मौलाना इब्राहिम अब्र व मौलाना मिफ्ताहुल हक सहित दरगाह से जुड़े नगर व क्षेत्र के अन्य अकीदतमंद मौजूद रहे।

मुशायरा में कलाम पेश करते शायर। अमृत विचार

नवरात्रि के अंतिम दिन कन्याओं के पांव पखारकर कराया भोज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। नवरात्र के नौवें दिन बुधवार को मंदिरों में माता के दर्शन एवं पूजा को लेकर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। नगर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हीं बनी। मौके पर भक्तगण माता के नौ रूप सिद्धिदात्री की विशेष पूजा एवं अर्चना की। भीड़ की स्थिति ऐसी रही कि मां के एक झलक पाने के लिए भक्तों को मिनटों मशक्कत करना पड़ा। यह सिलसिला सुबह पांच बजे से शुरू हुई और देर शाम सात बजे तक चलती रही। यूं तो नगर के हर मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर की हीं कुछ अलग रही। इन मंदिरों में मेला जैसा नजारा बना रहा। माता की विशेष पूजा के साथ-साथ कन्याओं को मिष्ठान भोजन कराया गया। आस्था के कई रूप देखने को मिले। किसी ने मां के समक्ष माथे टेके, तो कोई माता को चुनरी चढ़ाया। कुछ लोग मां के चरण स्पर्श के लिए बेचौन दिखे, तो कई नारियल फोड़कर खुश हुए। दुर्गा मन्दिर सहित देवी मंदिर गुलजार रहीं। माता के एक नजर दर्शन के लिए श्रद्धालु बैचेन दिखे। सभी स्थलों पर पूजा कमेटी के सदस्यों और पुलिस की देखरेख में श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना की। दुर्गा सप्तसती, मधुर मंत्र, दुर्गा चालीसा के पाठ व भक्तिमय गीतों, घंटियों की धुन पर श्रद्धालु भावविभोर रहे। माता की जयकारे से माहौल भक्तिमय पर सभी मंत्र मुग्ध होते दिखे।

माता के दर्शन के लिये उमड़ी भीड़। अमृत विचार

अभियान में शक्ति नगर की हुई साफ-सफाई

शुक्लागंज। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को देखते हुये बुधवार को वार्ड 17 शक्ति नगर में साफ सफाई हुई। जहां शाम के समय क्षेत्र की गलियों में फागिंग कराई गई।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 17 शक्ति नगर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया।

इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई गई। वहीं शाम के समय पालिका ने दोनों मोहल्लों की सभी गलियों में फागिंग कराई गई।

मां सिद्धिदात्री का पूजन-हवन कर व्रत का पारण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। नवरात्र की नवमी पर देवी भक्तों ने मां सिद्धिदात्री का पूजन-अर्चन व हवन कर व्रत का पारण किया। इस दौरान जहां घरों पर कन्या भोज हुए। वहीं मंदिरों में भी भंडारा हुआ।

सुबह पांच बजे से ही मंदिरों से भक्ति गीतों की स्वर लहरियां वातावरण में गूंजनी शुरू हो गईं। मंगला आरती के साथ श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे। वहीं घरों में भी पूजन-अर्चन कर व्रत के परायण की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा। इधर, सुबह छह बजे से ही तमाम सड़कों व गलियों में कन्या भोज में शामिल होने के लिए कन्याओं की आवाजाही शुरू हो गई, जो दोपहर तक जारी रही। उधर, मंदिरों में कहीं 12 तो कहीं एक बजे से कन्याओं को भोजन करा भंडारा की शुरुआत हुई। स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर में छोला-पूड़ी व चावल के साथ व्रत वाली हरी धनिया की आलू का वितरण किया जाता रहा। अनिल सिंह सहित अन्य श्रद्धालु बड़े भक्तिभाव से दर्शन करने वाले भक्तों को भंडारा का प्रसाद वितरित कराते रहे। वहीं पूर्णा देवी मंदिर में संचालित भंडारा में सब्जी-पूड़ी का वितरण किया जाता रहा। देवी भक्तों ने शाम को मंदिरों में पूजन करते हुए मातारानी की कृपा मांगने का सिलसिला देररात तक जारी रखा।

दुर्गा मंदिर में देवी को भक्तों के प्रसाद का भोग लगाते पुजारी।

गायत्री मंदिर में होता भंडारा। अमृत विचार

गायत्री शक्तिपीठ मंदिर में हुये धार्मिक अनुष्ठान

शुक्लागंज उन्नाव। बुधवार को बालूघाट स्थित शक्तिपीठ पर गायत्री महायज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें आचार्यों ने विधि विधान से हवनकुंड में आहूतियां डलवाई। इस बीच मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान कराये गये। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। बालूघाट स्थित गायत्री मंदिर में गायत्री परिवार के सदस्यों ने वैदिक मंत्रों के बीच हवन में आहूतियां डाली। इसके साथ ही आचार्यों की मौजूदगी में मांगलिक कार्यक्रम भी सम्पन्न कराये गये। जिसमें 10 यज्ञोपवीत, 15 दीक्षा संस्कार, 2 मुंडन संस्कार आदि अनुष्ठान कराये गये। समापन के बाद आयोजित भंडारे का आयोजन किया गया। जहां आने जाने वाले भक्तों के अलावा सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। भंडारा सुबह से शाम तक चलता रहा। व्यवस्थापक रामचन्द्र गुप्ता, संग्राम सिंह, दया समेत अन्य गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

रामनवमी | विभिन्न स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठानों का किया गया आयोजन, हनुमान चालीसा का पाठ

12 बजते ही हुआ श्रीराम का जन्म, झांकियों ने मोह लिया मन

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। भगवान श्री राम जी के जन्म के अवसर मनाया जाने वाला रामनवमी पर्व नगर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर नगर के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। कहीं पर राम नाम के विजय मंत्र का पाठ किया गया तो कहीं पर रामभक्त हनुमान जी की आराधना करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया।

बुधवार को राम नवमी होने पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में श्रंगार कराया गया। जिसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। दोपहर बारह बजते ही राम जन्म की झांकियां प्रस्तुत की गई। जिसे देख वहां मौजूद लोग झूमने लगे। इस दौरान जय श्री राम के गगन भेदी नारे लगाये। राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में भगवान रामजन्म के अवसर पर राम नाम के विजय मंत्र का पाठ किया गया। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ किया इसके बाद रामभक्तों ने श्री राम जय राम जय-जय राम नाम का पाठ किया। भगवान राम का जन्म होते ही भक्तों ने रामजन्म होते ही भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी व भगवान श्रीराम के गगनभेदी जयकारे लगाते हुए भगवान की आरती उतारी। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मनमोहक झांकी देख हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया।

राम नवमी पर दुर्गा मंदिर में होता भजन कीर्तन। अमृत विचार

स्कूल प्रांगण में होता कन्या पूजन। अमृत विचार

नवरात्र पर स्कूल में हुआ कन्या पूजन, बांटा प्रसाद

शुक्लागंज उन्नाव। नवरात्र पर जगह-जगह कन्या पूजन कराया गया। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं कुछ स्थानों पर भंडारा भी कराया गया। पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में नवरात्र पर आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराने के साथ ही हवन कराया। जिसके बाद स्कूल प्रधानाचार्या सुधा तिवारी, प्रबंधक संतोष तिवारी, अभिषेक तिवारी ने स्कूल में पढ़ने वाली कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान उन्हें दक्षिणा दी। जिसके बाद प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर सुधीर सिंह के अलावा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

भक्तों ने मोहल्लों से निकाले जवारे, लगे माता के जयकारे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से शाम तक हजारों लोगों ने मंदिर में पहुंचकर मां भवानी के दर्शन किए। इसके साथ ही शाम के समय नगर के अलग-अलग मोहल्लों से जवार मंदिर पहुंचे।

चैत्र नवरात्रि पर शुक्लागंज के अलग-अलग मोहल्लों से जवारा निकाला गया। जहां लोग सिर पर जवारा रखे श्रद्धालुओं का हुजूम, हाथों मे खप्पर और बाना लिए पंडा, नृत्य करते हुये ढोल-ताशों व मांदर की थाप पर झूमते हुये लोगों का समूंह नगर की सड़कों पर निकला। जवारा यात्रा चंपापुरवा, कंचननगर, गांधीनगर, पोनी रोड, प्रेमनगर समेत अन्य मोहल्लों के श्रद्धालु शामिल हुए।

दुर्गा मंदिर के बाहर निकाला जाता जवारा।

एक नजर

महिला ने जेठ पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

शाहाबाद, हरदोई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने जेठ पर बदनीयती से घर में घुसकर तमंचे के बल पर छेड़छाड़ करने और विरोध पर मारपीट कर रुपए छीनने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की जांच शुरू की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया बुधवार को दोपहर दो बजे उसका पति खेत गया था।मौका देखकर उसका जेठ इस्माइल घर में घुस आया।और गलत नियत से पकड़ कर उसे खींचा विरोध करने पर उसे तमंचा दिखाकर मारपीट की और घर में रखी सोने की झुमकी और 19,000 रुपया छीन ले गया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

बहन की शादी से पहले छोटी बहन ने की आत्महत्या

हरदोई। घर वाले 24 अप्रैल को बड़ी बेटी की होने वाली शादी की तैयारी कर रहे थे,लेकिन उससे आठ दिन पहले ही बुधवार को आठ दिन पहले ही छोटी बेटी ने घर के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। आखिर उसने ऐसा क्यों किया ? इस बारे में कोई कुछ भी नहीं बोल रहा है। 24 अप्रैल को साण्डी थाने के सैतियापुर निवासी रनवीर सिंह की बड़ी बेटी की शादी थी। सभी लोग उसी की तैयारी कर रहे थे,लेकिन उसी बीच बुधवार की भोर पहर उसकी 20 वर्षीय छोटी बेटी सुचि का शव कमरें के अंदर खूंटी में बंधी प्लास्टिक की डोरी से लटकता हुआ देखा गया। इसका पता होते ही वहां कोहराम मच गया। घर में खुशियां आने से पहले ही मौत का मातम बरपा हो गया। सुचि ने ऐसा कदम किस वजह से उठाया ? इस बारे में फिलहाल कोई कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया।

भए प्रगट गोपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी

राम नवमी के साथ चैत्र नवरात्र का समापन, घर-घर कन्या भोज कराया

हरदोई

अमृत विचार। चैत्र मास की नवमी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी.... का गान किया गया और घंटा शंख और शंखनाद के बीच जय कारे लगाकर भक्ति का वातावरण बनाया गया।

बुधवार को दोपहर के ठीक 12 बजे घरों से लेकर रामलला के मंदिरों में भगवान श्री राम का अवतरण दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। पहले भगवान श्री राम का जन्म किया गया। उसके बाद उन्हें स्नान आदि करा कर नए वस्त्र पहनाकर पुष्प फल मिष्ठान आदि से पूजा अर्चना की गई और फिर शुरू हुआ महाआरती का दौर।बड़ी संख्या में भक्तों ने घंटा की ध्वनि और शंखनाद के बीच महा आरती कर गुणगान किया और जयकारे लगाकर भक्ति मय वातावरण बनाया। फिर चला प्रसाद वितरण का दौर। भक्ति के साथ प्रसाद को ग्रहण किया और एक बार फिर जय श्री राम के जयकारे लगाकर भक्ति रस में वातावरण को सराबोर किया। शहर के श्री राम जानकी मंदिर में इस मौके पर काफी भव्य आयोजन किया गया। यहां भक्तों का सैलाब उमड़ा। वहीं शहर के विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगाकर भंडारों का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में जरूरतमंद और राहगीरों ने प्रसाद को ग्रहण किया।

चैत्र नवरात्रि के नवें दिन माता दुर्गा के नवम स्वरूप देवी माता सिद्धिदात्री देवी की पूजा अर्चना की गई। घरों से लेकर मंदिरों में आहुतियां डाली गई और विश्व कल्याण की कामना की गई। वहीं कन्या भोज करा कर उपवास को परायण दिया। बुधवार को देवी दुर्गा के नवम स्वरूप देवी माता सिद्धिदात्री देवी की पूजा अर्चना की गई। रोली, पुष्प मिष्ठान, सुपारी, फल इत्यादि से माता रानी की पूजा की गई। मंत्र उच्चारण के बीच आहुतियां डाली गई ।किसी ने आचार्य के माध्यम से तो अन्य ने स्वयं घरों से लेकर मंदिरों में हवन किया और देवी माता का आवाहन किया । इसके साथ ही घरों में और मंदिरों में कन्या भोज कराकर प्रसाद को ग्रहण करके उपवास पूरे किए गए । साधकों ने दही जलेबी तो किसी ने पूड़ी, सब्जी आदि कन्याओं को भोज करा कर प्रसाद ग्रहण किया।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार नवरात्र के अंतिम दिन घरों और मंदिरों में मां सिद्धिदात्री का पूजन किया गया। अधिकांश भक्तगण नवमी पर हवन करते हैं। उन घरों में सिद्धिदात्रि का पूजन अर्चन कर हवन करवाया गया। बुधवार को नवमी पर अधिकांश लोग कन्या भोज कराते देखे गए। सुबह से ही सड़कों पर कन्याएं सर पर जय माता दी की चुनरी बांधे टोलियों में घूमती दिखाई दीं। घरों में कन्याओं को पहले भोज करवाने की होड़ मची रही। महिलाएं कन्याओं की प्रतीक्षा में व्याकुल दिखाई दीं। कन्या भोज का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तक लगभग समाप्त हो चुका था। घरों और मंदिर परिसरों में साफ सफाई का कार्य शुरू हुआ। 2.30 मिनट तक मंदिरों और घरों में अपने आराध्य श्री राम के जन्मोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकीं थीं। तीन बजते ही मंदिरों में श्री राम जन्मोत्सव का कार्यक्रम किया गया। मंदिरों और घरों में घंटे और थाली बजने की आवाजें आनी शुरू हो गईं थीं। मंदिरों में इस अवसर पर अपने आराध्य के दर्शनों की भक्तों में होड़ दिखाई पड़ी। राम जन्म के बाद सभी जगह राम जी की आरती हुई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

माधौगंज विकास खण्ड क्षेत्र के गांव स्थित माता दुर्गा देवी मंदिर में प्रतिदिन शाम की आरती पंडित ललितेश तिवारी के द्वारा कराई जाती है। बुधवार की सुबह नवमी के दिन हवन पूजन के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। समाजसेवी विवेक कुमार पटेल दीपू ने बताया कि 51 कन्याओं को दही जलेबी का कन्या भोज करा कर भण्डारा शुरू किया गया है।इस मौके बीडीसी आशुतोष पटेल,अजीत पटेल, रोहित पटेल,नितिश, दिव्यांश,राना आदि लोग मौजूद रहे। भरखनी संवाददाता के अनुसार प्रखंड भरखनी के ग्राम लखनौर एवं गौटिया में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने रामोत्सव का आयोजन किया। सह जिला संयोजक प्रशांत सिंह ने कहा कि प्रभु श्री रामजी हम सबके आदर्श थे। आज लगभग 500 साल बाद प्रभु अपने मंदिर मे विराजमान हुए हैं। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी सदस्य अजीत प्रताप सिंह, प्रखंड अध्यक्ष सच्चिदानंद, प्रखंड उपाध्यक्ष आकाश, प्रखंड मंत्री हरिस्वरूप प्रखंड संयोजक विशाल, सह संयोजक उत्तम बाबू सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

श्री रामजी की आरती करते पुजारी मैथिलीशरण। अमृत विचार

राम जानकी मंदिर में कन्याभोज कराते श्रद्धालु। अमृत विचार

श्री राम जानकी मंदिर में धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव

हरदोई, अमृत विचार। श्री राम जानकी मंदिर नवीन गल्ला मंडी हरदोई में श्री राम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। चैत्र मास शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को भगवान का जन्म हुआ था उसे उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष बड़े धूमधाम से श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाता हैं। सभी भक्त अपने आराध्य देव का जन्मोत्सव मनाने के लिए प्रात: काल से ही मंदिर में आना प्रारंभ हो गया सभी भक्तों ने अपने-अपने ढंग से अपने व अपने परिवार के कुशलता सुख समृद्धि संपन्नता व शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सपत्नी राकेश अग्रवाल मीरा अग्रवाल ने राम लला का विधि विधान से वैदिक मंत्रों द्वारा दूध दही घी मधु चीनी व पंचामृत से महाअभिषेक पुजारी मैथिली शास्त्री ने संपन्न कराया सहयोगी श्याम सुंदर व विनीत पांडे रहे। ।भगवान का अद्भुत श्रंगार किया गया मंदिर को फूलों से व बिजली झालरो से खूब सजाया गया । दोपहर 12 बजते ही घड़ी घंटा और शंखध्वनि के बीच जन्म के महाआरती आरंभ हुई। उसके बाद भगवान की स्तुति हुई । भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी । हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी ।स्तुति व प्रार्थना की गई उसके बाद भजन व सोहर गाए गए ।आगने में बधाइयां बाजे बधैया बाजे आंगन में बधाइयां बाजे ।तथा सब मोद मनावै मन मे राजन घर लालन जन्मे।। भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ विशाल भंडारा व कन्या भोज हुआ। इससे पूर्व हवन किया गया। इस अवसर पर निखिल अग्रवाल, हरिओम गुप्ता, कौशिक गुप्ता, विनय गुप्ता, संजय गुप्ता, दिलीप गुप्ता, कैलाश गुप्ता, राकेश शुक्ल, खुशीराम गुप्ता, मनोज गुप्ता, गिरजा शंकर गुप्ता सहित दर्जनों भक्त मौजूद रहे।

श्री राम जानकी हनुमत धाम में धूमधाम से मना राम का प्रकट उत्सव

हरदोई, अमृत विचार। श्री राम नवमी के अवसर पर मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री राम जानकी हनुमत धाम मंदिर प्रांगण में विराजमान प्रभु श्रीराम जी का भव्य श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के उपरांत दोपहर 12 बजे आरती की गई गोले पटाखे दगाकर प्रभु श्री राम जी का प्रकट उत्सव मनाया गया। प्रभु जी पर पुष्पवर्षा कर प्रकट उत्सव बधाई गीत गाया गया। सैकड़ों भक्तों ने अपने श्री राम जी की आरती उतार कर प्रकट उत्सव को बहुत ही धूम धाम से मनाया। प्रभु श्री राम जी को 56 भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अखिलेश सिंह, पूर्णिमा सिंह, भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा, भूमिका सिंह, मुकेश सिंह, दीपिका सिंह, आरती, श्याम पाल सिंह, रजनीश सिंह, हरिवंश सिंह, राघव सिंह, दिनेश सिंह, लक्ष्मी देवी, अशोक गुप्ता, राम प्रकाश पाण्डेय, पूजा गुप्ता, सहित सैकड़ो संख्या में भक्तों ने आरती व पूजन किया।

शोभायात्रा पर बरसाए गए श्रद्धा के फूल

पिहानी, हरदोई

अमृत विचार। जयश्री राम,सिया पति रामचंद्र के जयकारों से कोना-कोना राममय हो गया। रामनवमी पर निकाली गई शोभायात्रा पर श्रद्धा के फूलों बरसात की गई। इस दौरान एसएचओ धर्मदास सिद्धार्थ के साथ कस्बा इंचार्ज रजनीश त्रिपाठी, नितिन तोमर,मृत्युंजय पटेल, राजेन्द्र यादव ,राहुल तोमर मोहित कुमार के साथ पूरी तरह से अलर्ट दिखाई दिए।

रामनवमी पर बुधवार को कस्बे में निकाली गई शोभायात्रा में गूंज रहे जयकारों से वहां का कोना-कोना राममय हो गया। श्रद्धालुओ के श्री राम, सिया पति रामचंद्र की जय के जयकारे गूंजते रहे। विश्व हिंदू परिषद, भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ-साथ स्थानीय नागरिको ने भी इस शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष सागर पांडे ने कहा कि वे सभी लोगों के लिए शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं। वे चाहते हैं कि हर कोई सद्भाव से रहे और प्रगति करे। आपस में सद्भाव बढ़े।

शोभायात्रा में भगवान राम के भजन गुनगुनाते हुए और नाचते-गाते हुए आगे बढ़ी। इस दौरान लोगों के बीच प्रसाद भी वितरित किया गया। इस दौरान सजाए गए श्रीराम लला के दिव्य दरबार में झांकी एवं भारत माता की झांकी व वह दुर्गा माता की झांकी भक्तों का मन मोह रही थी। रास्ते में शोभा यात्रा का पूजन कर जगह-जगह पर श्रद्धा के फूल बरसाकर ज़ोरदार स्वागत किया गया। जय श्री राम का गगन भेदी जय घोषों के साथ युवाओं में आस्था का सैलाब उमड़ रहा था। वही बाबा मंशा नाथ मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष सागर ने श्री राम दरबार के सपत्नीक पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा में युवा मोर्चा भाजपा नगर अध्यक्ष सेठ अरुण गुप्ता के द्वारा श्री राम भक्तों पुष्प वर्षा कर फल वितरण किया गया।

शोभायात्रा में विभिन्न वेष-भूषा में सजे कलाकार। अमृत विचार

श्री राम की शरण में ले चलो हनुमान मुझे...

हरदोई, अमृत विचार। राम नवमी के पवित्र अवसर अपने 48वें मंगलपाठ के क्रम में श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने भक्त प्रहलाद नगरी के कई अन्य मंदिरों में एक साथ हनुमान चालीसा पाठ व प्रभु राम जी के भजन कर माहौल को राम मय बना दिया। श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्यों ने कथा स्थल महाराजा सिंह पार्क, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री खाटू श्याम मंदिर रेलवेगंज, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ कर माहौल को भक्ति पूर्ण बना दिया।

राम नवमी के मौके पर 48वें मंगलपाठ के क्रम में मंगल पाठ करते श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के सदस्य। अमृत विचार

नवरात्र के चलते हरदोई की दही-जलेबी की दुकान पर लगी खरीदारों की भीड़। अमृत विचार

कन्या भोज के लिए दही-जलेबी की दुकानों पर लगी रही भीड़

हरदोई। नवरात्र का व्रत रखने वाले कन्या पूजन के बाद ही पारण करते हैं। इसके चलते सुबह से ही कन्या भोज का सिलसिला चलता रहा। मंदिरों व घरों में लोग कन्याओं को भोग लगाने के बाद व्रत का पारण किया। कन्या भोज में दही-जलेबी का विशेष महत्व है। इसके चलते दही जलेबी की दुकान पर खरीदारों की लाइन लगी रही। कन्या भोज को ध्यान में रखते हुए जलेबी विक्रेताओं ने सूर्योदय से पहले ही जलेबी बनाना वह बेचना शुरू कर दिया। इसके बावजूद दही जलेबी की दुकान पर खरीददारों की लाइन लगी रही कई जगहों पर दही उपलब्ध नहीं हो पाया।

धूमधाम से मनाई गई विश्व सम्राट अशोक की जयंती

कछौना, हरदोई

अमृत विचार। विकास खंड कछौना क्षेत्र के अन्तर्गत अरसेनी गांव में मंगलवार को विश्व विजेता सम्राट अशोक महान महान की जयंती मनाई गई। जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम रघुनाथ प्रसाद मौर्य (राष्ट्रीय पर्यवेक्षक व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सम्राट अशोक क्लब शाखा उत्तर प्रदेश) के आवास पर किया गया, जहां पर सम्राट अशोक महान की प्रतिमा पर दीप जलाकर व पुष्प अर्पित करके उपस्थित लोगों में खीर दान किया गया। कार्यक्रम में हरिपाल कुशवाहा, रामबली मौर्य, छत्रपाल कुशवाहा, करन मौर्य, चन्द्रगुप्त मौर्य, सौरभ मौर्य, शाक्य आशीष सिंह मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे। सभी लोगों ने सम्राट अशोक महान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सम्राट अशोक महान के लोक कल्याणकारी शासन व नीतियों के बारे में जाना और जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम रघुनाथ प्रसाद मौर्य के निर्देशन में किया गया।

परिवहन निगम के बेड़े में जोड़ी गई और बसें

हरदोई

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में सुरक्षा कर्मियों को ले जाने के लिए परिवहन निगम की बसों को लगाया गया है। परिवहन निगम की 17 बसों को सुरक्षाकर्मियों को ले जाने के लिए लगाया गया है।

पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को शामली समेत अन्य जनपदों में होना है। इसको लेकर हरदोई से शामली के लिए सुरक्षा कर्मियों को मंगलवार को पुलिस लाइन से रवाना किया गया था।परिवार निगम की ओर से बताया गया कि यात्रियों को किसी प्रकार की सुविधा नहीं हो रही है। परिवहन निगम के बेड़े में 12 बसों को शामिल किया गया था, जिन्हें संचालित किया जा रहा है। परिवहन निगम द्वारा बताया गया की वर्तमान समय में 146 बसों को संचालित किया जा रहा है। परिवहन निगम के अधिकारियों का कहना है यात्रियों की समस्याओं पर नजर बनाये हुए हैं यदि यात्रियों को कोई समस्या आती है उसकी शिकायत प्राप्त होती है तो उसे दूर करने के कार्यवाही की जाएगी।

12 नई बसों को जोड़ा गया

हरदोई। परिवहन निगम के अधिकारियों ने बताया कि हरदोई आने वाले ज्यादातर मार्गो पर कार्य चल रहा है जिसके चलते परिवहन निगम की बसें लेट हो रही है जिसके चलते यात्रियों को असुविधा उठानी पड़ रही है।परिवहन निगम हरदोई से सुरक्षा कर्मियों को लेकर गई बसों की कमी को पूरा करते हुए 12 नई बसों को परिवहन निगम के बेड़े में जोड़ा गया है जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।परिवहन निगम यात्री सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध है। लगातार हरदोई परिवहन निगम में बसों की संख्या को बढ़ाया जा रहा है जिससे यात्रियों को हो रही असुविधा से बचाया जा सके। परिवार निगम के अधिकारियों ने बताया कि यदि सुरक्षा कर्मियों के लिए और बसें जाती हैं तो उनके स्थान पर यात्रियों के लिए अतिरिक्त बसों का प्रबंध किया जाएगा।आरएम परिवहन निगम हरदोई एम एल केसरवानी ने बताया कि विगत एक सप्ताह में बारह नई बसों को जोड़ा गया है अभी यात्रियों को सुविधा देने के लिए 22 नई बसों को जोड़ा जाना है। जल्द ही 22 नई बसों को हरदोई परिवहन निगम के बेड़े में जोड़ दिया जायेगा।

सार-संक्षेप

जिसके खिलाफ शिकायत उसी को सौंप दी गई जांच

बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार। विकास खण्ड अहिरोरी की ग्राम पंचायत बक्शापुर में कराए गए विकास कार्यों में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किए जाने की शिकायत उच्चाधिकारियों से करने के बाद मामले की जांच के लिए नियुक्त किए गए, वहीं ग्राम विकास अधिकारी, कैसे होगा भ्रष्टाचार का खुलासा। बताते चलें कि ग्राम पंचायत बक्शापुर निवासी ग्रामीण व किसान सेवक उत्तम सिंह यादव ने जनसुनवाई के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया था कि ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा मिलकर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है, कुछ कार्य कराए गए हैं, लेकिन कुछ कार्यों को बगैर पूरा किए ही धनराशि निकाल ली गई है, जिस पर सुनवाई करते हुए उच्चाधिकारियों ने ग्राम पंचायत अधिकारी पालसा देवी को ही जांच अधिकारी बनाकर भेज दिया।

पीला ईंट से हो रहा निर्माण कार्य। अमृत विचार

रेत व पीला ईंट से जोड़ी जा रही विकास की कड़ी

हरियावां, हरदोई, अमृत विचार। मुख्यमंत्री का दो टूक कहना है कि विकास के नाम पर कहीं भी कोई गड़बड़ी हुई तो ऐसा करने वालों को बिल्कुल भी नहीं छोड़ा जाएगा, लेकिन बावजूद इसके कितने घटिया दर्जे का विकास हो रहा है। ग्राम पंचायत बरगावां में हो रहा नाली निर्माण इसका ज़िदा सबूत देखने को मिल जाएगा। विकास की आड़ में की जा रही गड़बड़ी की शिकायत की भी गई, लेकिन ज़िम्मेदारों ने कोई ध्यान ही नहीं दिया। लोग हो रहे नाली निर्माण की जांच कराने की मांग कर रहें है।

खुदी पड़ी सड़क से ग्रामीण परेशान

बावन, हरदोई, अमृत विचार। कस्बा बस अड्डे से बाजार होते हुए ब्लॉक मुख्यालय जाने वाली सड़क बनाई जा रही है। डेढ़ माह पहले ठेकेदार ने जेसीबी से सड़क खुदवा दी। उसके बाद आधी सड़क बना दी, लेकिन आधी सड़क अभी भी टूटी फूटी पड़ी है। जिस पर ग्रामीणों का निकलना दूभर है। ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग पर नुकीले पत्थर से प्रतिदिन राहगीर घायल हो रहे हैं। इस मार्ग पर पैदल चलना दूभर हो गया और काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गड्ढों के साथ पत्थर निकले हुए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। बावन निवासी देशदीपक दीक्षित, शिवेंद्र शुक्ला, उमाकांत पाठक, नौशाद खान, असद खान, महादेव कश्यप, पंकज राठौर, शीबू खान, अनीस खान आदि ने यह सड़क जल्द से जल्द बनवाये जाने की मांग की है।

22 थानों की पुलिस ने अभियान में दबोचे 109 अपराधी

हरदोई

अमृत विचार। ज़िले के 22 थानों की पुलिस ने आबकारी महकमें की टीम के साथ एसपी के निर्देश और एएसपी पूर्वी व पश्चिमी के नेतृत्व में चलाए गए छापामारी अभियान के तहत 109 लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्ज़े से 1870 लीटर कच्ची शराब और 5 शराब बनाने की भट्टियां बरामद की है।

एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने कच्ची शराब बनाने और उसे बेंचने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने की ठानते हुए उसके खिलाफ छापामारी अभियान शुरु किया है। उसी के तहत 22 थानों की पुलिस ने आबकारी महकमें की टीम के साथ एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार और एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह के नेतृत्व में चलाए अभियान में 1870 लीटर कच्ची शराब और पांच शराब बनाने की भट्टियों के साथ ऐसा गैरकानूनी काम को करने वाले 109 लोगों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान काफी लहन भी बरामद किया गया था। कच्ची शराब के खिलाफ चलाए गए अभियान में बघौली पुलिस ने आगे रहते हुए 16 गिरफ्तारी करते हुए 260 लीटर शराब बरामद की है, हालंकि कोतवाली शहर पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार करते हुए 330 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

तमंचा बनाते हुए तीन आरोपी गिए गए गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरदोई, अमृत विचार। पुलिस ने तमंचे बनाने वालों के झोपड़ी-झोपड़ी के खेल को बिगाड़ दिया है। इधर बराबर कई बार झोपड़ी के अंदर बैठ कर तमंचें तैयार करने वालों को दबोच कर पुलिस उन्हे सलाखो के पीछे पहुंचा चुकी है। पुलिस ने ऐसे शार्प माइंड लोगों को सबक सिखाने के लिए अभियान छेड़ रखा है। मंगलवार को मल्लावां पुलिस ने एसओजी, स्वाट व सर्विलांस टीम के साथ कटरी के रास्ते पर एक झोपड़ी के अंदर बठ कर तमंचे बना रहे तीन लोगों को गिरफ्तार उन्हे जेल भेज दिया। उन तीनों के कब्ज़े से पांच तैयार किए हुए और कई अधबने तमंचे और कारतूस बरामद किए गए है। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बुधवार को खुलासा करते हुए बताया कि मंगलवार को चुनाव को लेकर मल्लावां पुलिस के साथ एसओजी,स्वाट व सर्विलांस टीम तलाशी अभियान चला रही थी। उसी बीच पता चला कि देवीपुरवा से कटरी के रास्ते पर एक झोपड़ी के अंदर कुछ लोग बैठे हुए है। इसका पता होते ही मल्लावां कोतवाली में तैनात एसएसआई नवीन कुमार द्विवेदी, ने टीम के साथ उसी झोपड़ी की घेराबंदी कर अंदर से देवीपुरवा निवासी रामलखन पुत्र हरिद्वारी व शेर सिंह उर्फ शेरा पुत्र द्वारिका और पुलिया के पास जलालाबाद निवासी अजीत कुमार पुत्र राम सिंह को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्ज़े से पांच तैयार,कुछ अधबने तमंचे और कारतूस बरामद किए है। एएसपी पूर्वी श्री सिंह ने बताया कि पकड़े गए उन तीनों ने पुलिस से हुई पूछताछ में बताया कि वे इसी तरह से तमंचे बना कर उन्हे बेंच कर गुज़र-बसर करते है।

कच्ची शराब बरामद 26 लोगों पर केस दर्ज

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। मंगलवार को जिला आबकारी अधिकारी कुंवर पाल सिंह के नेतृत्व में आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना- कोतवाली शहर के ग्राम-बरगदिया, भीठारी, भगतपुर, कनेहता, काशीपुर थाना- शाहाबाद के ग्राम-ककरहघट, गहोरा, तदेर, खेड़ा बीबीजइ थाना- बेनीगंज के ग्राम-निवाजीपुरवा, कंजदपुरवा गौसगंज, खरिका थाना- मल्लावां के ग्राम नेवादा परस, मिर्जापुर, नेवादा गम्भी थाना-अरवल के ग्राम हैदराबाद, थाना-पचदेवरा के ग्राम-अनंगपुर, आमतारा में दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान सघन तलाशी में लगभग 516 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं लगभग 400 किलोग्राम लहन बरामद हुई। शराब को कब्जे में लेते हुए लहन को मौके पर नष्ट करा दिया गया। आबकारी अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत 26 अभियोग पंजीकृत किये गये।

एक नजर

पुलिस चौकीदारों को मिली वर्दी, कंधे पर लगे बिल्ले

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली में चौकीदारों को भी अब वर्दी पहनने को मिल गई है। होमगार्ड के जवानों की तरह चौकीदार भी वर्दी में दिखेंगे। शासन द्वारा सभी चौकीदारों को वर्दी हेतु धनराशि मुहैया कराई गई थी। इस धनराशि से चौकीदारों ने वर्दियां सिलवाकर पहनी है। विभाग द्वारा उन्हें यूपीवीसी का वैज भी एलाट किया गया है। चौकीदारों के सोल्जर पर भी यूपीएचजी की तरह यूपीवीसी के बिल्ले लगे दिखाई दे रहे हैं। कंधे पर लाल गमछे की जगह अब सिर पर लाल टोपी होगी। वर्दियां पहनने के बाद चौकीदार सुशील कुमार और तोताराम काफी राहत महसूस कर रहे हैं। चौकीदारों को भी महसूस हो रहा है कि अब उनका सम्मान और रूतवा भी बढ़ जायेगा।

शराबी के हमले से सूरदास की पत्नी घायल

बेनीगंज, हरदोई। शराब पीकर उपद्रव कर रहे शराबी को उपद्रव करने से मना करने पर शराबी ने महिला पर हमला कर दिया, महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। कौशल किशोर पुत्र जयपाल निवासी पत्तीपुर पोस्ट सुनौआ थाना बेनीगंज ने कोतवाली में तहरीर दी है। बताया कि उनके ही गांव निवासी मन्नू पुत्र चन्द्रकिशोर शराब पीकर उपद्रव करते हुए गाली गलौज करने लगा। जिसपर पत्नी रामवती ने मना किया तो मन्नू ने रामवती को काफी मारा पीटा जिससे रामवती गंभीर रूप से घायल हो गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

सांड़ के हमले में घायल की इलाज के दौरान मौत

हरदोई। साइकिल पर गेहूं की बोरी लाद कर जा रहे युवक को आपस में लड़ रहे सांड ने टक्कर मार दी थी, जिसका हैलट हास्पिटल मे इलाज जल रहा था। 15 वें दिन उसकी वहीं मौत हो गई। दो अप्रैल को पाली थाने के इनायतपुर निवासी रामसेवक का 20 वर्षीय पुत्र धीरज साइकिल से गेंहू की बोरी लाद कर भैंसी नगला से अपने गांव जा रहा था, उसी बीच रूपापुर-भरखनी रोड पर इनायतपुर पुलिया पर सांड आपस में लड़ रहे थे, धीरज उधर से निकला, उसी बीच वह सांड से टकरा कर ज़ख्मी हो गया, उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से फतेहगढ़ के लोहिया हास्पिटल में भर्ती कराया गया, लेकिन वहां उसकी हालत और बिगड़ गई, जिसके चलते वहां के डाक्टरों ने उसे कानपुर के हैलट हास्पिटल के लिए रिफर कर दिया।

लोकतंत्र के महापर्व में सभी निभाएं सहभागिता : डीएम

कोटेदारों, गैस एवं पेट्रोल पम्प के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता जागरूकता गोष्ठी का हुआ आयोजन

हरदोई

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत बुधवार को रसखान प्रेक्षागृह में जनपद के कोटेदारों, गैस एवं पेट्रोल पम्प के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता जागरूकता गोष्ठी एवं रैली का आयोजन जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी लोग अपनी सहभागिता निभाएं और गांव के सभी कार्ड धारकों को सपरिवार 13 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कोटेदार समाज के प्रतिष्ठित अंग होते हैं और वे मतदाता जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोगों को जनपद को शीर्ष मतदान प्रतिशत वाले जनपदों में शामिल कराने का संकल्प लें और अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक मतदान करायें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आलस्य बिल्कुल न करें व 5 वर्ष में आने वाले महापर्व में शामिल हों। सभी कोटेदार अपनी दुकानों के बाहर मतदाता जागरूकता से सम्बंधित बैनर लगवाएं। राशन कार्ड धारकों को मतदान की शपथ दिलाएं। अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन व सी विजिल ऐप डाऊनलोड करें। वोट देने से हमारा जनपद, प्रदेश और देश मजबूत होगा। दिव्यांगों व 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को घर पर मतदान की सुविधा दी गयी है। मतदान केन्द्रो के नजदीक तक परिवार के साथ वाहन में जाने की छूट दी गयी है। सभी लोग आदर्श आचार संहिता का पालन करें। उल्लंघन के मामले में कंट्रोल रूम नंबर 1950 पर कॉल करके शिकायत कर सकते हैं।

मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि जनपद में महिला, युवा व दिव्यांग मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। सभी का दायित्व है कि मतदान अवश्य करें। सर्वाधिक मतदान वाले जनपदों में जनपद का नाम शामिल कराएं। उन्होंने कोटेदारों को निर्वाचन आयोग के क्यू आर कोड के बारे में बताते हुए कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से हम मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। सी विजिल ऐप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। इसमें शिकायत कर्ता का नाम गोपनीय रहता है तथा 100 मिनट के अंदर शिकायत का निस्तारण किया जाता है। केवाईसी ऐप के माध्यम से हम अपने प्रत्याशी के बारे में जान सकते हैं। इस चुनाव में नारी शक्ति, दिव्यागों व युवाओं को समर्पित बूथ बनाये गए हैं। शेष बूथों को भी आदर्श बूथ बनाया गया है। कोटेदारों को कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता से सम्बंधित कैलेंडर व पम्पलेट वितरित किये गए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी कोटेदारों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। प्रेक्षागृह के कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

गोष्ठी को संबोधित करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता जागरूकता के कैलेंडर व पम्पलेट का वितरण कराया जाये। इपिक वितरण की नियमित निगरानी की जाये। 12डी का शत प्रतिशत वितरण कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पटल पर कार्य करते समय आचार संहिता का पूरी तरह से पालन करें मतदान कार्मिक

हरदोई, अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कर्मचारियों को नामांकन के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी दी। पार्किंग आदि की व्यवस्थाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपने दो पहिया वाहनों में मतदाता जागरूकता का स्टिकर अवश्य लगवा लें। कार्यालय में मतदाता जागरूकता का कैलेंडर लगवाएं। प्रतिदिन कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी जाये। मतदान के लिए आस पास के लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि दिव्यांगों के लिए घर पर मतदान की सुविधा हेतु 12 डी वितरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोग आचार संहिता का पूरी तरह से पालन करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपजिलाधिकारी विजय सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने बस मालिकों के साथ की बैठक

विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बस मालिकों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मालिक अपने ड्राइवरों को बतायें कि चुनाव ड्यूटी के दौरान कोई ड्राइवर शराब न पिएं। अपना इपिक कार्ड भी ड्राइवर साथ में लेकर आएं। उनके मतदान की व्यवस्था रवानगी स्थल पर की गयी है। ड्राइवरों के रुकने की व्यवस्था की गयी है। मेडिकल टीम भी तैनात रहेगी। बसों का रुट चार्ट तैयार कर लिया गया है। ईंधन के लिए पम्प निर्धारित कर लिए गए हैं।हरदोई लोकसभा की विधानसभाओं के लिए सीएसएन कॉलेज व मिश्रिख लोकसभा के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं की पार्किंग आईटीआई परिसर में निर्धारित की गयी है। जिलाधिकारी ने बस मालिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी।

नाले चोकः नगर की जल निकासी बाधित

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के अंदर बंद पड़े नालों में भरी गन्दगी के कारण जल निकासी नहीं हो पा रही है और सड़ रही गन्दगी से इतनी बदबू पैदा हो रही है जिससे बैक्टीरिया पनप कर भारी संख्या में कीड़े-मच्छरों को जन्म दे रहे हैं नतीजा ये है कि संचारी रोग का प्रकोप लोगों के घरों में घर बनाकर लोगों को बीमार बना रहा है। हर उम्र के नागरिक चाहें बच्चे हों या बृद्ध जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता थोड़ा कम है उन्हें अपनी चपेट में लेकर रोगग्रस्त कर रहा है। लोगों को बुखार, उल्टी,दस्त, कालरा, खांसी, डायरिया, पीलिया, एनीमिया जबरदस्त तरीके से हो रहा है। इस तरह संचारी रोगों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। समय-समय पर एंटी लार्वा तथा फागिंग होती रहती है, लेकिन काफी दिनों से लगातार जलभराव होने से घरों में मच्छरों व कीड़ों का घुसना एक आम बात हो गई है। कई बार चेयरपर्सन से लेकर नगर पालिका के हर कर्मचारी को बताया गया। खबरों का प्रकाशन व सोशल मीडिया पर भी लिखकर जागरुक किया गया, मगर जिम्मेदार लोकसेवकों ने कोई ध्यान नहीं दिया। चेयरपर्सन अब तो कभी जनता के बीच दिखतीं भी नहीं हैं और यदि कोई समस्या लेकर उनके आवास पर जाता है तो कभी मिलती भी नहीं हैं।

नामांकन की तैयारियों का जायजा लेते डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

नामांकन आज से, तैयारियां पूरी

हरदोई। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने 18 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की नामांकन तैयारियों का गुरुवार को जायजा लिया। उन्होंने नामांकन कक्ष की व्यवस्थाएं देखी तथा तथा आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

चौराहे पर खड़ी ट्रक में लगी आग, मचा हड़कंप

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर अमृत विचार। राष्ट्रीय राजमार्ग 730 पर खड़ी ट्रक में लगी आग का वीडियो वायरल हुआ है। आपको बतातें चलें कि तहसील शोहरतगढ़. के एनएच 730 के सिसवा चौराहे पर खड़ी ट्रक में आग लग गयीं, जिससे आग की लपटों से एक-एक कर ट्रक के दो टायर दग गये। गेहूं के डंठल में आग लगाने से आग इतनी तेज हुई की खड़ी ट्रक में आग जा पहुंची। आग की लपटें इतनी तेज थी कि ट्रक धू-धू जलने लगी। आग की लपटों को देखकर स्थानीय लोग आग बुझाने में जुट गयें। वहीं काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में करेंगे नामांकन

हरदोई

अमृत विचार। गुरुवार से हरदोई में लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। हरदोई में सीधी टक्कर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश रावत और समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी उषा वर्मा के बीच है, वहीं हरदोई में ही मिश्रिख लोकसभा सीट का भी नामांकन होगा।

नामांकन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी में उत्साह देखने को मिल रहा है। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के समर्थन में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने सोशल मीडिया के वॉलिंटियर्स को संबोधित किया था। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश रावत व मिश्रिख लोकसभा प्रत्याशी अशोक रावत अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। बीजेपी की ओर से नामांकन पत्र दाखिल करते समय उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद और साथ रहेंगे। नामांकन के दौरान प्रत्याशी समेत चार लोगों को नामांकन कक्ष में जाने की अनुमति है, बाकी समर्थक बाहर ही रहेंगे।

जनसभा को भी संबोधित करेंगे बृजेश पाठक

नामांकन सभा को उपमुख्यमंत्री करेंगे संबोधित

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी के हरदोई लोकसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश रावत व मिश्रिख लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अशोक रावत के नामांकन में शामिल होने के लिए गुरुवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हरदोई पहुंच रहे हैं ।केशव प्रसाद मौर्य 10 :55 पर हेलीकॉप्टर से हरदोई पुलिस लाइन पहुंचेंगे। इसके बाद कार से वह 11 बजे गांधी मैदान में नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गांधी मैदान में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा हरदोई के प्रत्याशी जयप्रकाश रावत और मिश्रिख लोकसभा से बीजेपी के प्रत्याशी अशोक रावत के समर्थन में नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान लोकसभा संयोजक प्रीतेश दीक्षित, लोकसभा प्रभारी मिश्रीख रामनिवास यादव भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बर मंच पर मौजूद रहेंगे। उपमुख्यमंत्री द्वारा दोनों लोकसभा सीट के प्रत्याशी के समर्थन में नामांकन सभा के बाद गांधी मैदान से लेकर नुमाइश चौराहा से होते हुए कलेक्ट तक जाएंगे। जहां लोकसभा हरदोई और मिश्रिख के प्रत्याशी का नामांकन कराया जायेगा।

भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का किया गया उद्घाटन

माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार। मिश्रिख लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अशोक रावत के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ हवन पूजन के साथ विधायक आशीष सिंह आशू व सांसद अशोक रावत ने फीता काटकर किया। विधायक आशीष सिंह व सांसद अशोक रावत ने आए हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते कहा कि गांव गांव प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कर्यो को जनता को बताए। 13 मई को होने वाले मतदान के लिए भाजपा के पक्ष में माहौल बनाएं। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिध रमेश वर्मा अशोक सिंह, नवल माहेश्वरी, मुकुल सिंह : आशा, पूर्व प्रमुख विवेक कुमार सिंह चेयरमैन अनुराग मिश्र,, पूर्व चेयरमैन उमेश महेश्वरी, रजोल सिंह, आशीष अग्निहोत्री, शिवेंद्र सिंह, राम नरेश आर्य, गोपाल, रामनन्दनी वर्मा, नरेश माहेश्वरी, महेश माहेश्वरी सहित सेकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

समस्याः गर्मी से सूख रहे हलक, चौराहे पर पीने को पानी नहीं

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। भीषण गर्मी से राहगीर व बस यात्रियों के कंठ सूख रहे हैं। नगर पालिका द्वारा चौराहे पर पानी का कोई भी प्रबंध नहीं किया गया है। चौराहे पर भी वाटर कूलर और सामान्य पेयजल का प्रबंध नहीं है। बस अड्डे चौराहे पर रोजाना सैकड़ों यात्री आवागमन करते हैं। यात्रियों को इस प्रचंड गर्मी में पानी नहीं मिल रहा है। ठंडे पानी की व्यवस्था न होने के कारण यात्री प्यास बुझाने के लिए भटकते नजर आते हैं। यात्रियों और राहगीरों का कहना है कि यहां पर सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। उन्होंने बताया कि जो सुविधाएं यहां पर उपलब्ध होनी चाहिए। यहां पर उपलब्ध नहीं है और न ही यहां पर कोई शौचालय की व्यवस्था है। बताया कि बस स्टैंड चौराहे पर न ही वाटर कूलर लगे हैं और न ही पानी की कोई व्यवस्था की गयी। ऐसी गर्मी में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई वर्ष पहले उत्तर प्रदेश सरकार के एक मंत्री को शौचालय जाना था, परंतु शौचालय न होने के कारण पेट्रोल पंप में शौचालय जाना पड़ा था, जबकि वह स्वयं नगर विकास मंत्री थे। उसके बावजूद भी कोई व्यवस्था नहीं की गई।

चुनावी हलचल पूर्व विधायक ने सपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

भाजपा की खुल चुकी पोल : बब्बू

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी भी पूरी तरह से सक्रिय हो गई है। इसी सिलसिले में बुधवार को समाजवादी पार्टी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बासित नगर चौराहे पर पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू एवं पूर्व सांसद और सपा प्रत्याशी उषा वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

पूर्वाह्न 11:30 बजे पूर्व सांसद और सपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आसिफ खान बब्बू के आवास पर पहुंची। यहां पर मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं और सपा समर्थकों के साथ संपर्क करने के बाद पूर्व विधायक आसिफ खां के साथ बासित नगर चौराहा पहुंची। यहां पर पहले से तैयार हो चुके समाजवादी पार्टी के चुनाव कार्यालय का पूर्व विधायक आसिफ खां और पूर्व सांसद तथा सपा प्रत्याशी उषा वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया।

सपा कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन करते पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू, साथ में पूर्व सांसद एवं सपा प्रत्याशी उषा वर्मा। अमृत विचार

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

ब्लड बैंकः - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

एक नजर

चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की मनाई जयंती

रामपुर मथुरा। शंकर लाल मौर्य मां कालिका देवी मंदिर अध्यक्ष व सम्राट अशोक युवा समिति अध्यक्ष के आवास पर चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जयंती मनाई गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में उनके अनुयायियों ने सम्राट अशोक के चित्र पर फूल मालाएं पहनाईं। समिति कोषाध्यक्ष केशव राम मौर्य ने सभी का स्वागत किया। समारोह में मुख्य रूप से प्रकाश रावत, रामू विश्वकर्मा, कीडी लाल गौतम, अजय कुमार गौतम, राकेश कुमार मौर्य, बृज किशोर मौर्य, इंजीनियर रवि मौर्य, नितिन मौर्य, कल्याण सिंह मौर्य, लालू मौर्य, सर्वेश कुमार मौर्य, लक्ष्मीकांत मौर्य, खुशीराम गौतम, रामदास मौर्य, अनुज कुमार मौर्य, हिमांशु मोर्य, राहुल मौर्य, रमेश कुमार मौर्य, राम विजय मौर्य, प्रियांशु मौर्य, रामकिशोर मौर्य आदि उपस्थित रहे।

साइकिल सवार को बाइक ने मारी टक्कर, ट्रामा रेफर

महमूदाबाद। कोतवाली क्षेत्र में साइकिल व मोटर साइकिल की आमने सामने जोरदार टक्कर होने पर साइकिल सवार श्रीपाल घायल हो गया। श्रीपाल पुत्र मोल्हे राम उम्र करीब 45 वर्ष निवासी धूसे पुरवा मजरे गुलौली थाना महमूदाबाद के निवासी है। गत 14 अप्रैल को साइकिल से खिंझना मार्केट से वापस आते समय अचानक तिनाहिया व गुलौली गांव के मध्य सड़क हादसा हो गया। हादसे के बाद घायल को महमूदाबाद सीएचसी लाया गया, बाद में उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया गया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घायल की पत्नी कांति देवी द्वारा गत 16 अप्रैल को थाना महमूदाबाद में लिखित तहरीर देते हुए पूरे मामले की जानकारी दी गई थी। जिस पर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करने की बात कही गई थी। इस संबंध में बुधवार 17 अप्रैल को आशुतोष वर्मा नामक शख्स ने ट्वीट किया कि थाने को लेकर गए व्यक्ति को अभद्रता करके भगा दिया गया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मामले में मुकदमा पंजीकृत है।

व्यय प्रेक्षक तैनात

सीतापुर। वरिष्ठ कोषाधिकारीध्प्रभारी अधिकारी व्यय लेखा सीतापुर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत जनपद में वीएस वेंगादश्वरन, मो.नं.-8870014133, लोक सभा क्षेत्र-30, सोनिया नैन, मो.नं.-9896533842, लोक सभा क्षेत्र-30 के लिए व्यय प्रेक्षकों को तैनात किया गया है।

आग की लपटों से जले 12 घर और फसलें

32 बीघा गेहूं व गन्ने की फसल को नुकसान, तेज हवाओं के चलते चिंगारी ने लिया विकराल रूप

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। जिले में बुधवार का दिन ग्रामीण इलाकों में अग्निकांड के नाम रहा। अलग अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ निकली चिंगारी ने आग का विकराल रूप धारण कर एक दर्जन से अधिक घरों को अपने आगोश में जलाकर ग्रामीणों की 18 लाख से अधिक की सम्पत्तियों को जलाकर खाक कर दिया। तेज हवाओं के चलते आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों को फायरकर्मियों के साथ कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इसके साथ खेतों में खड़ी फसलों में भी आग लगने से सैकड़ों बीघा फसलें जलकर खाक हो गई। प्रशसनिक अफसरों ने नुकसान का आंकलन कराकर पीड़ितों को मदद जल्द से जल्द पहुंचाने के निर्देश दिए।

जानकारी के अनुसार सबसे बड़ा अग्निकांड विकासखंड सकरन इलाके में देखने को मिला। यहां ग्राम सैदापुर निवासी त्रिभुवन के घर बुधवार की दोपहर करीब बारह बजे खाना बन रहा था। बताया जाता है कि खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी ने छप्पर में आग को पकड लिया, जिससे त्रिभुवन का घर जलने लगा। छप्पर में लगी आग तेज हवाओं के चलते देखते ही देखते विकराल हो गई और गांव के एक छोर पर स्थित एक दर्जन मकानों के छप्परों तक आग पहुंच गई। आग की लपटों की बीच गांव के माहिल, शिवकुमार, रामधार, जयसिंह, कमलेश, बैजनाथ, राजेश, छोटन्न, अक्षयलाल, मोती लाल आदि के घरो को अपने आगोस में ले लिया।

भीषण अग्निकांड के बीच कुछ ही देर में सभी घर जल कर राख हो गये। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों की मदद से आग की लपटों पर काबू करने का प्रयास किया लेकिन हवाओं के चलते ग्रामीणों का प्रयास नाकाफी साबित हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने ग्रामीणों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया। इस अग्निकांड में ग्रामीणों के कपडा, बर्तन, अनाज व नकदी समेत करीब बारह लाख की कीमत का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पाकर मौके पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल विकास कश्यप ने बताया कि नुकसान का आंकलन किया गया है जल्द ही पीड़ितों को आर्थिक सहायता दिलाई पहुंचाई जाएगी।

खेतों को ट्रैक्टर से जोतकर आग पर काबू पाने का प्रयास करते ग्रामीण। अमृत विचार

आग लगने के बाद नुकसान का आंकलन करते लेखपाल व मौजूद पीड़ित ग्रामीण।

तंबौर में आग से 12 बीघा गेहूं जलकर राख

तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार। थाना इलाके में अचानक आग लगने से करीब 12 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। आग से हुए नुकसान को देखकर खेतों का बटाईदार रोता-बिलखता हुआ नजर आया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अजयपुर में शनिमंदिर के पश्चिम स्थित लगे गेहूं की फसल अज्ञात कारणों से के चलते अग्निकांड की भेंट चढ़ गई। आधे पर खेतों की बोवाई कर रखे बटाईदार इमामुहसन उर्फ मूल्ला निवासी काशीपुर ने बताया कि एकमात्र सहारा इसी फसल का था। इसके जलने से काफी नुकसान हो गया है। सूचना पर पहुंचे लेखपाल सत्येंद्र यादव ने स्थिति का निरीक्षण करके आगजनी से क्षति हुई फसल में करीब दो बीघा अवधराम निवासी कमहरीया, 6 बीघा इमाम हसन, 4 बीघा जाबिर की फसल को लेकर विभाग को लेकर क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलवाने की रिपोर्ट भेजी।

ट्रांसफार्मर की चिंगारी से जला पांच बीघा गेहूं

खेतों के बीच रखा ट्रासंफार्मर व जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

लहरपुर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में किसान के खेत में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर से गेहूं के खेत में आग लग गई। तारों से निकली चिंगारी से लगी आग से खेत में खड़ी करीब पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

ग्राम नौवापुर निवासी तौकीर खान व भाई मोबीन खान पुत्रगण रहूफ खान के खेत रानी बाग में हैं। बुधवार को उनके गेहूं के खेत के बीच रखे विद्युत ट्रांसफार्मर के तारों की स्पार्किंग से निकली चिंगारी से आग लग गई। स्थानीय किसानों ने आग लगने की सूचना फोन से पीड़ित किसानों को दी। मौके पर पहुंचे किसानों ने पास पड़ोस के किसानों के टैंकरों की मदद से कड़ी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान तौकीर खान ने बताया कि उसके द्वारा विद्युत विभाग को ट्रांसफार्मर से आग लगने व विद्युत आपूर्ति बंद किये जाने की सूचना दी गई, लेकिन सप्लाई रोकने के अलावा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। तौकीर खान ने बताया कि खेत के बीच में लगे ट्रांसफार्मर की वजह से हर वर्ष उसके खेतों में आग लगने की घटना होती है। आरोप है कि कई बार प्रार्थना पत्र लेने के बाद भी ट्रांसफार्मर को हटाया नहीं गया है। पीड़ित किसान तौकीर खान ने उप जिलाधिकारी, कोतवाली प्रभारी एवं विद्युत विभागको प्रार्थनापत्र देकर ट्रांसफार्मर हटाने एवं मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

इमलिया सुल्तानपुर में पांच बीघा गन्ना व भूसा जला

इमलिया सुल्तानपुर। थाना इलाके में बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों से एक खेत में आग लग गई। आग की लपटों से किसान की करीब 5 बीघा गन्ने की फसल जलकर बर्बाद हो गई। साथ ही खेत में पड़ा भूसा भी जलकर राख हो गया।

बेलगवां गांव निवासी अनिल सिंह पुत्र नरेंद्र पाल सिंह के गन्ने के खेत में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग की लपटों से करीब 5 बीघा गन्ना जलकर बर्बाद हो गया। वहीं गेहूं कटने के बाद खेत में पड़ा करीब 5 बीघे का भूसा भी जलकर राख हो गया। किसान का आरोप है कि गेहूं कटने के बाद गांव की कुछ महिलाएं गेहूं की बाली बीनने के लिए खेतों में आईं थी। इसी दौरान उन्होंने बीड़ी पीने के बाद जली हुई बीड़ी खेत में ही डाल दी, जिससे खेत में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीण खेत पहुंच कर आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक आग की लपटों से फसल जलकर बर्बाद हो गई।

रामपुरकलां में 3 बीघा गेहूं की जली फसल

रामपुरकलां, अमृत विचार। थाना इलाके में अज्ञात कारणों के चलते गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद निजी साधनों से आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत शंकरपुर के तुलापूरवा निवासी बृजेश कुमार के गेहूं के खेत में अज्ञात कारणो के चलते आग लग गई। जिसमें तीन बीघा गेहूं और दो बीघा गन्ना जलकर बर्बाद हो गया। बताया जाता है कि कोठी पुरवा निवासी सुंदर धोबी खेत को बटाई ले रखा था। किसान ने बताया कि गेहूं की फसल कटी खेतों में पड़ी थी, जो जलकर बर्बाद हो गई। इसके साथ ही सदरपुर इलाके के बनकटी मजरे हुसैनपुर निवासी मुनव्वर के खेत में लगी गेंहू की फसल में अज्ञात कारणों के चलते बुधवार की दोपहर आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने रौद्र रूप ले लिया। ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के आग पर काबू पाया। आग की लपटों से खेतों में खड़ी गेंहू की फसल जल कर बर्बाद हो गई।

आग लगने से जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

सार-संक्षेप

नपा ने सफाई सर्वेक्षण में पहला स्थान लाने की शुरू की तैयारी

सफाई नायकों के साथ बैठक करते पालिका ईओ अनिरूद्ध पटेल। अमृत विचार

लहरपुर। स्वच्छ भारत मिशन अर्बन के अंतर्गत नगर निकाय की स्वच्छता की रैंकिंग में प्रथम स्थान पाने के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अनिरुद्ध पटेल ने पालिका सभागार में एक बैठक का आयोजन किया। जिसमें समस्त सफाईनायकों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 के स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर पालिका की स्वच्छता रैंकिंग राज्य एवं जिला स्तर पर काफी अच्छी आई थी। इस वर्ष 2024 में भी स्वच्छ सर्वेक्षण होना है। सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पाने के लिए उन्होंने सभी सफाई नायकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पूर्व में जिन-जिन बिंदुओं पर कम अंक प्राप्त हुए थे। उन बिंदुओं की अच्छे से तैयारी कर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त करना है। इस कार्यशाला में संजीत यादव जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अनुरुद्ध कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अफसर अली स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी, जगदीश प्रसाद, प्रदीप कुमार, रंजीत कुमार, सोनू, त्रिदेव मिश्रा, करन, आदर्श, मुशीर अहमद व पालिकाकर्मी उपस्थित थे।

श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई रामनवमी

घर में पूजा-अर्चना करता परिवार। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्री रामनवमी का पर्व श्रद्धालुओं के द्वारा पूजा अर्चना व भारी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ विभिन्न मंदिरों एवं घरों में मनाया गया। नगर के श्री राधा कृष्ण मंदिर, छन्नू लाल द्वारका प्रसाद मंदिर एवं श्री राम जानकी मंदिर में श्री राम जन्मोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया गया मुख्य कार्यक्रम श्री राम जानकीमंदिर बेहटी में आयोजित किया गया। मंदिर व्यवस्थापक कन्हैया मेहरोत्रा ने विधि विधानसे भगवान के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना कर श्री रामजन्मोत्सव मनाया। इस मौके पर आयोजित महाआरती में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया।

ओवरलोड वाहनों से लग रहा जाम, राहगीर परेशान

जाम में फंसी एंबुलेस व अन्य वाहन। अमृत विचार

लहरपुर। केशरीगंज में आये दिन जाम लगने से स्थानीय दुकानदारों, वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। बता दें कि हरगांव शुगर मिल जाने वाले ओवरलोडओवर हाइट गन्ने से भरे ट्रकों व भदफर होते हुए लखीमपुर बहराइच आने व जाने वाले भारी वाहनों के चलते केसरी गंज बाजार का मार्ग संकरा होने के कारण प्रतिदिन जाम लगती है और यह समस्या गन्ने के सीजन में हरगांव मिल जाने वाले ट्रकों के आवागमन से अधिक होती है। हरगांव, लखीमपुर, भदफर आने जाने वाले वाहन केसरीगंज बाजार से होकर ही गुजरते हैं। बाजार का मार्ग संकरा होने के कारण दो भारी वाहन एक साथ नहीं निकल पाते हैं और जाम लग जाती है। मंगलवार को भी गन्ने के ट्रकों के निकलने के कारण जाम लग गई और इस जाम में एंबुलेंस के फंस जाने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाये जा रहे मरीज को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रतिदिन जाम लगने की वजह से स्थानीय दुकानदारों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है आवागमन बाधित होने से स्थानीय दुकानदारों व विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के वाहनों को आने जाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। स्थानीय दुकानदार हिमांशु त्रिवेदी, आशीष गुप्ता, संजय, शिव शंकर गुप्ता आदि ने बताया कि सहालग का समय है जाम लगने से ग्राहकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यदि केसरीगंज तिराहे से भदफर मार्ग पर जाने वाले बाईपास कच्चे मार्ग को दुरुस्त कराकर भारी वाहनों को भदफर मार्ग से निकाला जाए तो जाम की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। मंगलवार को केसरीगंज में लगभग एक घंटे से अधिक जाम में लोग व वाहन फंसे रहे।

वन विभाग के पिंजरे में कैद हुई हमलावर लंगूरों की दहशत

महोली, अमृत विचार। बीते करीब एक सप्ताह में लगभग एक दर्जन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल करने वाले दो लंगूरों की दहशत आखिरकार वन विभाग के पिंजरे में कैद ही हो गई। विभागीय टीम पिंजरे को लेकर कार्टरगंज मुख्यालय पहुंची। अब इन लंगूरों को यहां से ले जाकर खीरी के घने जंगलों में छोड़ा जाएगा।

मामला महोली क्षेत्र के कठिघरा गांव से जुड़ा है। क्षेत्रीय वन अधिकारी केएन भार्गव ने बताया कि बीते सप्ताह महोली नगर पंचायत क्षेत्र में दो लंगूर कहीं से आ गए थे। जो लोगों पर हमलावर हो जाते थे। उनके हमले से कई वार्डों के लोग घायल हो चुके थे। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए बीट के दारोगा अक्षय पांडेय को लंगूर बंदरों को पकड़ने के लिए निर्देशित किया गया था। इस क्रम में उन्होंने पहले कस्बे में पानी टंकी के निकट पिंजरा लगाकर लंगूरों को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन दोनों लंगूर अपना स्थान बदलकर महोली विकास क्षेत्र के कठिघरा गांव पहुंच गये थे।

इसके बाद अक्षय पांडेय की टीम ने कठिघरा गांव में बड़ा पिंजरा लगाकर लंगूरों को पकड़ने का प्रयास किया। करीब 48 घंटे की मशक्कत के बाद बुधवार को दोनों लंगूरों को पकड़ने में सफलता हासिल हो सकी। हमलावर लंगूरों को पिंजरे में बंद देखने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इन लंगूरों को खीरी के जंगलों में छोड़ा जाएगा। मालूम हो कि लंगूरों के हमलावर होने के बाद भी वन विभाग उन्हें पकड़ने के लिए अपना पिंजरा लगाने में हीला-हवाली कर रहा था। इस विषय को लेकर अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर भी प्रकाशित की थी। खबर के प्रकाशन के बाद वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाया गया था।

पिंजरे में बंद दोनों लंगूर। अमृत विचार

वन दारोगा अक्षय पाण्डेय की टीम को मिली सफलता

सजीव झांकियों का मंचन देख भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। नवरात्र के पावन अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिर केसरीगंज पर जय माता दी युवा जागरण समिति के तथावधान में चल रहे श्री मद भागवत ज्ञानयज्ञ की पूर्णाहुति श्रद्धापूर्वक की गई। इस मौके पर आयोजित कन्याभोज में भारी संख्या में कन्याओं ने प्रतिभाग कर प्रसाद ग्रहण किया। रात्रि बेला में वृंदावन धामसे आए कलाकारों ने रासलीला में राधाकृष्ण की सजीव झांकियों का मंचन किया जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूबते उतराते रहे। रासलीला में कलाकारों ने कंस वध का मंचन किया जिसमें उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि जब-जब होई धर्म की हानी, बाढ़हि असुर अधम अभिमानी, तब तब घर प्रभु विविध शरीरा हरहि दयानिधि सज्जन पीरा, अर्थात पृथ्वी पर जब-जब अत्याचार अनाचार बढ़ता है तब तब भगवान अत्याचार अनाचार और पाप को नष्ट करने के लिए अवतार लेते हैं, अत्याचारी राजा कंस के आतंक से भी जब पृथ्वी कराह रही थी, तब भगवान श्री कृष्ण ने अवतार लेकर कंस का वध कर पृथ्वी को कंस के आतंक से मुक्त किया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु रासलीला का मंचन देखने के लिए उपस्थित थे।

आईपीएल के 3 सट्टेबाजों को एसओजी ने दबोचा

केस दर्ज

मौके से तीन मोबाइल, 20 हजार रुपये बरामद

महोली, अमृत विचार। आईपीएल क्रिकेट में हर मैच के हर शॉट और बॉल पर ऑनलाइन लाखों के वारे-न्यारे करने वाले तीन सट्टेबाजों को एसओजी ने दबोचा है। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और बीस हजार रुपए की नगदी बरामद करते हुए केस दर्ज किया है।

मामला कोतवाली क्षेत्र के महोली कस्बे से जुड़ा है। मंगलवार की देर शाम एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) टीम के प्रभारी सत्येंद्र विक्रम सिंह साइबर सेल की टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। उनका दावा है कि इस दौरान उन्होंने आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए तीन लोगों को नवीन फल व गल्ला मंडी से गिरफ्तार किया। मौके से उनके कब्जे से बीस हजार रुपए की नगदी और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए। अभियुक्तों के खातों में सट्टे हेतु प्रयोगार्थ करीब दो लाख पचास हजार रुपए भी सीज कराए गए। सट्टेबाजी करने वाले तीनों युवकों की पहचान हर्षित गुप्ता पुत्र अनूप गुप्ता निवासी सोनारन टोला, मान सिंह पुत्र विश्राम सिंह निवासी बड़ागांव रोड और अजीत बाजपेयी पुत्र विजय शंकर बाजपेई निवासी शुक्लन टोला, नगर पंचायत महोली के रूप में हुई। इनके द्वारा पूछताछ में बताया गया कि उनके द्वारा अपने मोबाइलों पर कई ऐप के माध्यम से आईडी पासवर्ड बनाकर आईपीएल में सट्टा लगाकर हार जीत की बाजी लगाई और लगवाई जाती है। लिंक पर आइडी पासवर्ड बनाते हुए उस आइडी का प्रयोग कर अन्य क्लाइंट की आइडी बनाई जाती है। जिसका रिचार्ज कर आइडी में कॉइन ऐड करके आइडी बनाने पर मैच व सेशन में कॉइन लगाए जाते हैं। जीतने पर कॉइन के बदले पैसा भेजा जाता है। कार्रवाई के संबंध में शहर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों को निजी मुचलके पर छोड़ा गया है।

30 लोगों का किया जाएगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन

शिविर में महिला की जांच करती चिकित्सक। अमृत विचार

लहरपुर, अमृत विचार। ग्राम गंगा दीन पुरवा में डॉ. मोहम्मद अनीस ने आंख अस्पताल सीतापुर के सौजन्य से एक निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कराया। जिसमें 105 नेत्र रोगियों ने अपना पंजीकरण कराया।

आंख अस्पताल से आयी डॉ. दिव्या बंसल व उसकी टीम रोहित श्रीवास्तव, शाहनवाज हुसैन, ज्ञानेश गुप्ता, हर्षित शुक्ला, तान्या सिंह, अनमोल कुमार, सत्यांश मिश्रा, नसीम गाजी आदि के सौजन्य से मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। डॉ. दिव्या बंसल ने बताया कि 30 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। जिन्हें आंख अस्पताल की बस से सीतापुर आंख अस्पताल ऑपरेशन के लिए भेजा गया है।

अनदेखी बिना नंबर वाले वाहनों की भरमार, पार्किंग न होने से हर जगह लगी रहती है भीड़

बिना रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस के फर्राटा भर रहे ई-रिक्शा

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। नगर में करीब दो सैकड़ा से अधिक ई-रिक्शा और आधा सैकड़ा टैंपों में दर्जनों बिना पंजीयन के फर्राटा भर रहे हैं। हालत यह है कि निर्धारित पार्किंग स्थल न होने से बिना स्टैंड के ही सार्वजनिक जगह पर ई-रिक्शा का रेला रहता है। ई-रिक्शा चालकों के सड़क पर कब्जा जमाने से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है।

बता दें कि नगर में दर्जनों ई-रिक्शा बिना रजिस्ट्रेशन के दौड़ रहे हैं। इन पर ओवरलोडिंग होने के बाद भी जिम्मेदार बेखबर हैं। महमूदाबाद नगर के व्यस्ततम रामकुंड, बस स्टैंड और बजाजा चौराहे पर ई-रिक्शा चालक सवारियों को बिठाने के लिए रोड पर ही रिक्शा रोक देते हैं। जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं, रामकुंड चैराहे के करीब पैंतेपुर रोड पर डग्गामार टैंपो स्टैंड धड़ल्ले से संचालित है और चालक ओवरलोडिंग करते देखे जा सकते हैं। यातायात में इनसे जाम की भी समस्या बढ़ गई है। बिना लाइसेंस ई-रिक्शों के नाबालिग चालक सड़कों पर यमदूत बनकर वाहनों को दौड़ा रहे हैं। इससे हादसों की भी आशंका बढ़ गई है। नगर निवासी अयूब डंपी कहते हैं कि गैर पंजीकृत व बिना नंबर के ई-रिक्शा मुसीबत का सबब बने रहे हैं। ई-रिक्शा चालक कहीं से भी सवारी से लेकर सामान भरकर निकल पड़ते हैं। जो बड़े हादसों को दावत देते हैं।

सड़क पर फर्राटा भरते ई-रिक्शा। अमृत विचार

क्षमता से अधिक सवारियां भरते हैं ई-रिक्शा

क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर फर्राटा भरने वाले अधिकतर ई-रिक्शा और टैंपो जहां बिना नंबर के हैं। वहीं, उन्हें चलाने वाले भी अनट्रेंड हैं। चालक किसी भी गली में कभी भी सवारियां लेकर फर्राटा भरते नजर आते हैं। जिससे वह अपनी जान तो जोखिम में डालते ही हैं वहीं सवारियों की जान के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सर्वाभिलाषिण: सर्वभोजिन: सपरिग्रहा: ।
अब्रह्मचारिणो मिथ्योपदेशा गुरवो न तु ॥

अभिलाषा रखनेवाले, सब भोग करनेवाले, संग्रह करनेवाले, ब्रह्मचर्य का पालन न करनेवाले, और मिथ्या उपदेश करनेवाले, गुरु नहीं है ।

संपादकीय

नहीं ले पा रहे लाभ

पिछले कुछ दशकों से देश में नौकरियों की कमी की समस्या है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी अभी भी कृषि पर निर्भर है जो कि अल्प-रोजगार और प्रच्छन्न बेरोज़गारी के लिए बदनाम है। भारत में 62 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या की आयु 15 से 59 वर्ष के बीच है तथा जनसंख्या की औसत आयु 30 वर्ष से कम है। इसका तात्पर्य यह है कि भारत जनसंख्या की आयु संरचना के आधार पर आर्थिक विकास की क्षमता का प्रतिनिधित्व करने वाले 'जनसांख्यिकीय लाभांश' के चरण से गुजर रहा है। उधर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत चीन या कोरिया की तरह जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। देश की तरक्की को लेकर हो रहे 'प्रचार' पर भरोसा कर भारत गलती कर रहा है। बहुत सारे भारतीय नवप्रवर्तक अब सिंगापुर या सिलिकॉन वैली का रुख कर रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां अंतिम बाजारों तक पहुंच बहुत आसान लगती है। इसके लिए मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। जनसांख्यिकीय लाभांश किसी देश की जनसंख्या की संरचना में बदलाव के कारण होने वाली आर्थिक वृद्धि है, जो आमतौर पर प्रजनन और मृत्यु दर में गिरावट का परिणाम है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष द्वारा भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश पर एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश का अवसर वर्ष 2005-06 से वर्ष 2055-56 तक पांच दशकों के लिए उपलब्ध है।

कोई भी जनसांख्यिकीय लाभांश इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, शासन और अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में सही नीतियां लागू करती है या नहीं। इसके अलावा, किसी देश को मिलने वाले जनसांख्यिकीय लाभांश की मात्रा युवा वयस्कों की उत्पादकता के स्तर पर निर्भर करती है, जो बदले में, देश में स्कूली शिक्षा के स्तर, रोजगार प्रथाओं, समय और बच्चे पैदा करने की आवृत्ति के साथ-साथ आर्थिक स्थिति पर भी निर्भर करती है। जनसांख्यिकीय लाभांश बचत, श्रम आपूर्ति, मानव पूंजी और आर्थिक विकास के साथ पाया जा सकता है। भारत की अल्प-वित्त पोषित शिक्षा प्रणाली युवाओं को उभरते रोज़गार के अवसरों का लाभ उठाने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए अपर्याप्त है। इसलिए 'जनसंख्या विस्फोट' की आशंका से अधिक यह महत्वपूर्ण है कि भारत युवा जनसंख्या की स्वास्थ्य सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करे, क्योंकि भारत का कल्याण इसी पर निर्भर है। युवा आबादी की रोज़गार क्षमता बढ़ाने के लिए कौशल विकास भारत की श्रम शक्ति को आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए सही कौशल के साथ सशक्त बनाने की आवश्यकता है। युवाओं के कल्याण की रक्षा करना आवश्यक है क्योंकि भारत का कल्याण उन्हीं पर टिका है।

विश्व धरोहर दिवस पर सबाल्टर्न विरासत को भी बचाएं



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं।

आज 'वर्ल्ड हेरिटेज डे' के आयोजन के समय अपनी मूर्त और अमूर्त धरोहरों को याद करते हुए इन्हें बचाए रखने का संकल्प लिया जाता है। हमारा अधिकांश ध्यान भवनों पर केन्द्रित रहता है जबकि सभ्यताओं की तरक्की के दौर में वास्तुशिल्प से परे हरेक वह वस्तु -फिजिकल और नॉन-फिजिकल, धरोहर है जिससे मनुष्य जीवन और समाज के चरित्र पर गुणात्मक असर पड़ता रहा है। गायन, नृत्य, चित्रभाषा, किताब या नदी पर बनाया गया पुल, लिखने के लिए पुराने इंक पेन और एम्ब्रायडरी वाले परिधान भी मनुष्य के जीवन को गुणात्मक दृष्टि और जीवनशैली देने, दृश्य-स्वरुप गढ़ने और बौद्धिक आनंद के सृजन हेतु निर्मित्ति के दायरे में आते हैं। दिवस विशेष एक परंपरा की भांति गुज़र जाने दिए जाते हैं। कुछ संगठन एक निर्धारित दिवस पर एक आयोजन बेशक प्रभावी तरीके से करते हैं खासतौर से अगर यह उनके मैंडेट से संबंधित हो, लेकिन अन्य संगठन दूसरों से संबद्ध दिवस-आयोजन से बहुधा, ख़ास वास्ता नहीं रखते। ऐसा क्यों? 'वास्ते' का सवाल नैतिकता और प्रबंधन के नाके पर आकर अटक जाता है। संबंधित संस्थाओं को इन विशिष्ट अवसरों पर लोगों तक पहुंच बनाने के लिए आधुनिक सूचना तकनीक का इस्तेमाल करना चाहिए जैसे कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, वेबकास्ट, यू-ट्यूब।

एक विशिष्ट दिवस के प्रति जिसका आयोजन सोद्देश्य किया जाए और प्रयोजन सर्वजनहिताय-सर्वजनसुखाय है, हमें जागरूक रहना चाहिए। केंद्र सरकार में सक्रिय ड्यूटी पर था तो उन सभी दिवसों का मैं ख्याल रखता था जो हमारे संस्थान के उद्देश्यों से मेल खाने वाले होने के अलावा राष्ट्रीय स्तर पर महत्व के हैं। ऑफिस की स्टाफ कौंसिल के निर्णय के अनुसार इनमें से विशिष्ट दिवसों को चिह्नित करके इनके बारे हम कार्यक्रम आयोजित करते थे। यह सब करने से आयोजनकर्ताओं का भी मानसिक स्तर ऊंचा उठता है। इसे आयोजित करने से आकलन किए जाने का एक सुअवसर मिलता है कि अभी तक एक फील्ड में जो भी किया उसे करने की जरूरत क्या थी और जो हुआ या किया गया इसके नतीज़न हमने एक क्षेत्र विशिष्ट में ऐसा क्या किया जिसे लोककल्याण, लोकज्ञान और संबद्ध घटनाओं को परखने में हमारे दृष्टिकोण में गुणात्मक वृद्धि हुई। विषय स्टेटिस्टिक्स का हो या न्यूक्लियर फिजिक्स का, वायरल प्रोटीन्स की फोल्डिंग का है या फिर एस्ट्रोनॉमी विषय में ब्रह्माण्ड में तारों के जन्म या मृत्यु से संबंधित, गेहूं की नई नस्ल के विकास का है या पानी के पुराने आर्किटेक्चर से संबंधित, मनुष्य का इन्हें देखने और बरतने का अंदाज़ एथिक्स के बिना व्यर्थ है। मनुष्य निर्मित पुरातात्विक धरोहर के प्रति दिखाए-बरते गए नैतिक मानक संहिता में ठहराव है जबकि इन्हें गतिमान होना चाहिए। इसे बनाए रखने के लिए काम करने की पद्धतियों में सुधार करने के लिए ऐसे विशिष्ट अवसर विमर्श हेतु उपयुक्त होते हैं जिनमें जनभागीदारी भी हो सकती है। अन्यथा बंद कमरों में आचार समितियों की बैठकों के दौरान निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या रहती, इसके बारे में मालूम नहीं होता।

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

धरोहर दिवस सिर्फ मान्यूमेंट्स के इर्द-गिर्द करके इसे एक 'बॉक्स-ऑफिस' अचीवमेंट नहीं बनाकर रखा जा सकता बल्कि जहां संभव है वहां फील्ड इवेंट का तत्व शुमार होना चाहिए। सिर्फ राष्ट्रीय या राज्य स्तरीय महत्व की वास्तु-धरोहर को स्मरण करने से परे बहुत कुछ और जोड़ा जाना चाहिए।

विश्व-धरोहर दिवस का आयोजन महानगरों में स्थित कुछ बड़े संस्थाओं के दायरे में सिमट जाता है। भारत के गांवों और कस्बों में निवास करने वाली एक बड़ी संख्या इसमें, पैसिव और एक्टिव दोनों तरह की, भागीदारी से छूट जाती है। विद्यालयों और कालेजों तक में विशिष्ट दिवसों पर विषय से संबंधित कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते। गांवों और कस्बों में ऐसी अनेक वस्तुएं और विधाएं मौजूद रही हैं जिन्हें स्थानीय महत्व पर मान मिल सकता है जैसेकि प्रयाग में जमुना किनारे और गया में स्टेशन रोड पर शानदार धर्मशाला भवन एवं उत्तर प्रदेश में गंगा नहर पर 200 वर्ष या इससे पहले बनाये गए पुल, गांव में 75-100 वर्ष पहले की बनायी हुई एक हवेली और चौपाल के आलावा बुजुर्ग महिलाओं द्वारा एक सदी पहले बरते जाने वाले वाले परिधान जिन पर शानदार कशीदाकारी हुआ करती। प्रचलन से बाहर हो गए खेती के हमारे औजार, गांव में मौजूद शानदार कलात्मक कुएं, एक बावड़ी, कुंड या पक्का तालाब, मंदिर और इसमें स्थापित देव मूर्ति, अन्य धर्मों के आस्था स्थल जो सदियों पुराने हो सकते हैं, हमारे साझा धरोहर हैं।

विविध प्रकार की धरोहर हमारे आसपास ही होती हैं, लेकिन इनकी पहचान और संरक्षण अत्यावश्यक है। इनके संरक्षण के लिए अनेक तरह का नया वैज्ञानिक ज्ञान, पद्धति और टूल्स हमारे पास अब मौजूद हैं। लेकिन जरूरत है इसके इस्तेमाल की और ऐसी पहल की जिससे सांस्कृतिक धरोहर जब तक संभव है, बचाई जा सके। दुनिया में कोई वस्तु या कला सदा के लिए तो नहीं रहती क्योंकि हरेक की एक निश्चित फिजिकल लाइफ होती है, लेकिन हम बेहतर देखभाल से इन्हें दीर्घायु तो कर ही सकते हैं।

धरोहर संरक्षण के प्रति देश में पर्याप्त निष्ठा है, संरक्षण के लिए तकनीकी क्षमता भी, लेकिन सियासत और धनाभाव के चंगुल में यह ऐसी उलझी है जिससे हमारे गांव-कस्बों और बाहरी इलाकों में मौजूद लाखों की संख्या में सबाल्टर्न हेरिटेज की लिस्टिंग नहीं हो पाई है बावजूद इसके कि इंडियन नेशनल ट्रस्ट ऑफ़ आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) और स्वेच्छा से काम करने वाले हज़ारों उत्साही व्यक्ति इस काम में पिछले करीब 40 वर्ष से लगे हुए हैं। यह प्रशंसनीय है कि देश में इन्हें सूचीबद्ध किए जाने और संरक्षण के प्रति सांप्रदायिक भेदभाव और रोषयुक्त नीति कभी नहीं रही बल्कि विविध प्रकार के स्मारक भवनों के इर्द-गिर्द नीति का ताना-बाना समान रूप लागू रहा चाहे यह ब्रिटिश राज का समय था अथवा आधुनिक संप्रभु भारत। फिलवक्त पुरातात्विक अध्ययन और संरक्षण के लिए मौजूद विशाल तंत्र के संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में न तो प्रशिक्षित मैनपावर है और न ही संरक्षण-निधि। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के पूर्व-महानिदेशक डॉ.राकेश तिवारी से इस बाबत बात हुई तो कहने लगे कि 'भारत में स्थानीय महत्व की बिल्ट-हेरिटेज के महत्व को स्थानीय तौर से लोग जब तक नहीं समझेंगे तब तक इसका संरक्षण भी नहीं हो पाएगा। इसे बिना सरकारी मदद के साझाप्रयास, आर्थिक अंशदान से ही किया जाना संभव है। पंचायती राज तंत्र में इसे 'इनबिल्ट' नहीं किया गया। केंद्रीय या प्रांतीय स्तर के सरकारी तंत्र से इसका संचालन और संरक्षण असंभव है'।

देश में कुछेक बड़े न्यास और मिल-जुल कर लोगों द्वारा बनाए गए रजिस्टर्ड संगठनों के लिए इंटेक ने काफी काम करवाया है। अभी कुछेक राज्यों में कम्युनिटी लीडर्स और राज्य सरकारों की रुचि आमजन को 'हेरिटेज वाक' करवाने की हो गई है जिससे यह भरोसा बढ़ने लगा है कि जागरूकता के प्रसार से सूचीबद्ध होने से छूट गई सबाल्टर्न स्तर पर निम्न महत्व की मानी गई वास्तु और अमूर्त धरोहर का संरक्षण तेज़ी से हो पाएगा। लोकवार्ता में लोकगायन करने वाले साजिंदों की डॉक्यूमेंटेशन दूरदर्शन और आल इंडिया रेडियो ने की है। राजस्थान में विजयदान देथा और कोमल कोठारी और हरियाणा में आरसिंह और आरके नैन जैसे लोगों ने 50 वर्ष में काफी काम किया। उन लोगों का काम महत्व दिए जाने योग्य है जिन्होंनें अपने बलबूते पर, अपने संसाधनों से दुःख-सुख झेलकर भारत की अमूल्य मूर्त-अमूर्त धरोहर की डॉक्यूमेंटेशन की है। पिछले सौ वर्ष में देश में ऐसे करीब 100 से अधिक संख्या में निष्ठावान व्यक्तियों ने इस प्रकार का काम किया है। इन व्यक्तियों के बारे में फोटोग्राफिक क्लब्स और सोसाइटीज, फिल्म डिवीज़न, संग्रहालयों में स्थापित फोटोग्राफ़िक एवं फिल्म सेक्शन्स के रिकॉर्ड, प्राइवेट आर्काइव्ज वगैरह स्रोतों से हमें अनेक नाम उपलब्ध हो सकते हैं। विश्व धरोहर दिवस ऐसे लोगों के अभिनंदन के लिए उपयुक्त अवसर होना चाहिए।

प्रसंगवश

यमुना की बदहाली गाथा

यमुना छठ पर यमुना भयानक गंदगी से भरी थी। गंदगी से भरी यमुना को देखकर किसी को गुस्सा नहीं आता। भक्त गण, यमुना प्रेमी लोग प्रतिवाद नहीं करते। बल्कि गंदगी में यमुना को रखकर जश्न मनाते हैं। इवेंट करते हैं। गंदगी से भरी यमुना में धार्मिक इवेंट देखने हो तो आप कभी भी यमुना किनारे विश्राम घाट-सतीघाट आदि प्रमुख घाटों पर आएं और गंदगी में धार्मिक इवेंट का आनंद लें।

यमुना छठ पर घाट किनारे भाजपा के अनेक नेता और लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी भी वहां आई थीं। उनको गंदगी से भरी यमुना देखकर शर्म नहीं आई। सन 2014 में पीएम मोदी ने कहा था हेमा मालिनी को जिता दो मैं 15 दिन में यमुना स्वच्छ करा दूंगा। दस साल हो गए। कोई यमुना साफ नहीं करा पाया। मीडिया के अनुसार यमुना स्वच्छ कराने के नाम पर कागज में 1697 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इनमें से अकेले मथुरा में 235 करोड़ रुपए किए हैं। लेकिन नतीजा जीरो है। हकीकत यह है मथुरा ने जब से भाजपा सांसद को चुना है तब से यमुना में प्रदूषण बढ़ा है। यमुना जल विषाक्त हुआ है। इसका प्रधान कारण है कारखानेदारों-भवन निर्माताओं -कमीशनखोरों-स्थानीय माफ़िया गिरोहों -मिडिल क्लास के साथ सांठगांठ।

सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

सैलीब्रिटी जब सांसद बनेंगे तो वह कभी आपके इलाके में टिककर रहेगा नहीं। सैलीब्रिटी का मन संसद और जनता में नहीं लगता। उसका मन धन कमाने में लगता है। संसद में जाना उसके लिए समय बर्बाद करना है। जनता की सेवा करने का उसके पास समय नहीं है। वह तो मीडिया और इवेंट के लिए बना है।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

मथुरा में बेशर्मी और सैलीब्रिटी हेकड़ी का आलम यह है कि सांसद ने विगत दस साल में मथुरा की जनता को कभी समय नहीं दिया। टिककर कभी मथुरा में नहीं रहीं। मंदिरों का राजनीतिक प्रचार के लिए दुरुपयोग किया। संसद में दस सालों में उनकी न्यूनतम शिरकत रही है। साल में कभी एक आध बार संसद में बोलती हैं।

शहर में असंख्य समस्याएं हैं। जनता भटकती रहती है और दलालों -कमीशनखोरों से काम कराती रहती है। जब मेले आते हैं तो डीजे-नाच-गान आदि के शोर में जनता को इस कदर डुबो दिया जाता है कि वह यमुना की गंदगी, बंदरों के आतंक, बेरोजगारी, अकादमिक अव्यवस्था आदि पर सोचने की किसी के पास फुरसत नहीं होती।

हालत इस कदर ख़राब हैं कि जो लोग कुछ साल पहले तक अपने को 'प्रगतिशील' कहते थे वे आज गर्व से हेमा मालिनी और संघ को चंदा दे रहे हैं। घर में बैठकर राम नाम जप रहे

यमुना छठ के दिन मथुरा की जनता का किस तरह उत्पीड़न किया गया उसका एक ही नमूना काफी है। यमुना छठ के दिन विश्रामघाट-सती घाट आदि घाटों पर मेला लगता है। लेकिन अचानक रात को तक़रीबन एक घंटे बिजली ग़ायब रही। लाखों लोग उससे परेशान हुए। इतने विशाल मेले के समय बिजली का गायब रहना साधारण घटना नहीं है। अव्यवस्था का आलम यह था कि विश्राम घाट और उसके आसपास के बाजार और क्षेत्र में भयानक अव्यवस्था थी, जनता परेशान रही। कोई सुव्यवस्था नज़र नहीं आई।

विगत दस साल में मथुरा में बेरोज़गारी और अपराध बढ़े हैं। फुटकर व्यापारी, छोटे दुकानदार आदि के व्यापार में तबाही मची हुई है। मंदिरों की आमदनी बड़ी मात्रा में गिरी है। देह-व्यापार बढ़ा है। आए दिन सरेआम अपराध हो रहे हैं।

मथुरा में रहने वाले व्यक्ति को जब भी जनता ने चुना है, उसने जनता की सेवा की है। ऐसे यशस्वी सांसदों में राजा महेंद्र प्रताप, चौधरी दिगंबर सिंह, ठा.चकलेश्वर सिंह, मानवेन्द्र सिंह के नाम उल्लेखनीय हैं। आज सांगठनिक तौर पर भाजपा के अलावा और किसी दल का संगठन जमीनी स्तर पर काम नहीं कर रहा। विपक्ष की इस तरह अनुपस्थिति भी भाजपा को जिताने में मदद कर रही है। विपक्ष ने यह मान लिया है कि उसे यहां काम नहीं करना।

आखिर क्यों ना जोड़ें नक्सलियों से बातचीत के तार

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे।

गर्मी और चुनाव की तपन शुरू हुई और नक्सलियों ने धुंआधार हमले शुरू कर दिए। हालांकि सरकार की कार्यवाही में बीते दो महीनों में 52 नक्सली मारे गए और कई बड़े नाम आत्मसमर्पण कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनते ही उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दो बार मंशा जाहिर की कि सरकार बातचीत के जरिए नक्सली समस्या का निदान चाहती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नक्सलियों के गढ़ दंतेवाड़ा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील करते हुए आश्वासन दिया था कि उनकी सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है और वह हर जायज मांग को मानेगी। इसके बाद 21 मार्च को दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने पत्र जारी कर कहा कि हम सरकार से बातचीत को तैयार हैं लेकिन सरकार पहले हमारी शर्तों को माने। इधर बातचीत की तैयारी चल रही थी और दूसरी तरफ बस्तर की सीमा से लगे गढ़चिरौली में एक साथ कई कथित नक्सली मार दिए गये। उसके बाद 10 अप्रैल को नक्सलियों ने पर्चा जारी कर इसे सरकार की बातचीत की आड़ में धोखाधड़ी बताया।

समझना होगा कि नक्सली कई कारणों से दवाब में हैं। सरकार की स्थानीय आदिवासियों को फोर्स मे भर्ती करने की योजना भी कारगर रही है। एक तो स्थानीय लोगों को रोजगार मिला, दूसरा स्थनीय जंगल के जानकार जब सुरक्षा बलों से जुड़े तो अबुझमाड़ का रास्ता इतना अबूझ नहीं रहा। तीसरा जब स्थानीय जवान नक्सली के हाथों मारा गया और उसकी लाश गांव-टोले में पहुंची तो ग्रामीणें का रोष नक्सलियों पर बढ़ा। एक बात जान लें कि दंडकारण्य में नक्सलवाद महज फैंटेसी, गुंडागर्दी या फैशन नहीं है। वहां खनिज और विकास के लिए जंगल उजाड़ने व पारंपरिक जनजाति संस्कारों पर खतरे तो हैं और नक्सली अनपढ़-गरीब आदिवासियों में यह भरोसा भरने में समर्थ रहे हैं कि उनके अस्तित्व को बचाने की लड़ाई के लिए ही उन्होंने हथियार उठाए हैं। यह भी कड़वा सच है कि नक्सल विरोधी कार्यवाही में बड़ी संख्या में निर्दोष लोग भी जेल में हैं व कई मारे भी गए, इसी के चलते अभी सुरक्षा बल आम लोगों का भरोसा जीत नहीं पाए हैं। लेकिन यह सटीक समय है जब नक्सलियों को बातचीत के लिए झुका कर इस हिंसा का सदा के लिए अंत कर दिया जाए।

नक्सली कमजोर तो हुए हैं लेकिन अपनी हिंसा से बाज नहीं आ रहे। कई बार वे अपने अशक्त होते हालात पर पर्दा डालने के लिए कुछ ना कुछ ऐसा करते हैं जिससे उनका आतंक कायम रहे। याद करें 21 अक्तूबर 2016 को न्यायमूर्ति मदन लौकुर और एके गोयल की पीठ ने फर्जी मुठभेड़ के मामले में राज्य सरकार के वकील को सख्त आदेश दिया था कि पुलिस कार्यवाही तात्कालिक राहत तो है लेकिन स्थाई समाधान के लिए राज्य सरकार को नागालैंड व मिजोरम में आतंकवादियों से बातचीत की ही तरह बस्तर में भी बातचीत कर हिंसा का स्थाई हल निकालना चाहिए।

बस्तर से भी समय-समय पर यह आवाज उठती रही है कि नक्सली सुलभ हैं, वे विदेश में नहीं बैठे हैं तो उनसे बातचीत का तार क्यों नहीं जोड़ा जाए। हिंसा से सर्वाधिक प्रभावित दक्षिण बस्तर के दंतेवाड़ा में सर्व आदिवासी समाज चिंता जताता रहा है कि अरण्य मे लगातार हो रहे खूनखराबे से आदिवासियों में पलायन बढ़ा है और इसकी परिणति है कि आदिवासियों की बोली, संस्कार, त्योहार, भोजन सभी कुछ खतरे में हैं। यदि ईमानदार कोशिश की जाए तो नक्सलियों से बातचीत कर उन्हें हथियार डाल कर देश की लोकतांत्रिक मुख्य धारा में शामिल होने के लिए राजी किया जा सकता है।

भारत सरकार मिजोरम और नगालैंड जैसे छोटे राज्यों में शांति के लिए हाथ में क्लासनिकोव रायफल ले कर सरेआम बैठे उग्रवादियों से ना केवल बातचीत करती है, बल्कि लिखित में युद्ध विराम जैसे समझौते करती है। प्रधानमंत्री निवास पर उन अलगाववादियों को बाकायदा बुलाया जाता है और उनके साथ हुए समझौतों को गोपनीय रखा जाता है जो दूर देश में बैठ कर भारत में जमकर वसूली, सरकारी फंड से चौथ वसूलने और गाहे-बगाहे सुरक्षा बलों पर हमला कर उनके हथियार लूटने का काम करते हैं। फिर नक्सलियों मे ऐसी कौन सी दिक्कत है कि उनसे टेबल पर बैठ कर बात नहीं की जा सकती। कभी विचार करें कि सरकार व प्रशासन में बैठे वे कौन लोग हैं जो हर हाल में जंगल में माओवादियों को सक्रिय रखना चाहते हैं। जब नेपाल में वार्ता के जरिये उनके हथियार रखवाए जा सकते थे तो हमारे यहां ऐसे प्रयास क्यों नहीं हुए ?

सोशल फोरम

सबसे बड़ा सवाल

एक मोमिन की पोस्ट देखी। रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम जी के आदर्श, धर्म और नैतिकता की तारीफ करते हुए उन्होंने लिखा कि हमने अपना धर्म बदला है अपने पूर्वज नही। अपनी संस्कृति अपनी सभ्यता नही। अपनी आस्था अपना मुल्क नहीं। दूसरे धर्म वाला जब आपकी आस्था के संबंध में ऐसी बातें कहे तो आपके लहालोट होने के लिए इतनी पंक्तियां काफी है। लेकिन क्या बात इतनी ही सिंपल है। जैसी दिखाई देती है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे विचार से ऐसा संभव नही। ये दो विपरीत ध्रुव हैं। दो विपरीत विचारधाराएं हैं। और ऐसा ही कुछ धर्मों के मामले में है। एक दूसरे के धर्म का सम्मान अच्छी बात है। लेकिन मानते तो हम कोई एक धर्म ही हैं। यानी कोई एक विचारधारा। क्या कोई व्यक्ति एक ही समय मे दक्षिणपंथी और मार्क्सवादी हो सकता है?

आज जैसे राजनीति में वैचारिक दरिद्रता आ गई है। एक वैचारिक शून्य उत्पन्न हो गया है। विचारधारा का कोई महत्व ही नहीं रहा। थोड़े से स्वार्थ के लिए लोग राजनीतिक पार्टियां बदल रहे हैं। ऐसा ही कुछ मुझे धर्म के मामले में भी नजर आता है। यहां लोग धर्म नहीं बदलते लेकिन अपने धार्मिक नियमों, मान्यताओं के विरुद्ध जाना आज बड़ी साधारण सी बात है। क्योंकि लोगों में वैचारिक शून्यता अपने धर्म के मामले में भी है। धर्म ग्रंथ अक्सर लोग पढ़ते नही। ठीक से समझते नही। यहां सारा धर्म देखा देखी का है, स्वार्थ का है। विचारधारा के कोई मायने नहीं।

मैं तो बस यही चाहता हूं कि जिस धर्म/विचारधारा को भी हम माने, उसे पढ़ें, जाने उसके सिद्धांतों को समझें बूझें। उसकी अच्छाइयों और बुराइयों को भी जाने। जरूरत महसूस हो तो धर्म का तार्किक विश्लेषण भी करें। अधूरा ज्ञान किसी काम का नहीं।

मेरा सबसे बड़ा सवाल यहां ये है कि जिन्होंने भी धर्म बनाया, उसके नियम बनाए। उन्होंने निश्चित ही कुछ सोचा समझा जाना होगा तभी ऐसा किया होगा। तो उन सब बातों का कट्टरता से पालन उचित है या बदलते समय के साथ, जैसा कि आज के राजनैतिक परिदृश्य में घट रहा है, विपरीत विचारधारों के मिश्रण में कोई हर्ज नही है।

-फेसबुक वॉल से

ऐसा हतप्रभ चुनाव तो आज तक नहीं देखा

अपने बाल्यकाल से अब तक स्वतंत्रता के बाद से सारे चुनाव देखें हैं लेकिन ऐसा अद्भुत चुनाव आज तक नहीं देखा जहां चुनाव से पूर्व ही सभी पक्ष विपक्ष यह मान कर चल रहे हैं कि आएंगे तो मोदी ही। आप देख रहे होंगे कि टीवी डिबेट में मुद्दा यह नहीं होता कि मोदी जीतेंगे या नहीं बल्कि चार सौ सीट क्यूं चाहिए ही, होता है। इसका मतलब सरकार बनाने के लिए आवश्यक 272 तो मिल ही रहीं है बहस सिर्फ़ इतनी है कि इसके ऊपर कितनी जाएंगी। विपक्ष के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी घुमा फिराकर मोदी जी की जीत स्वीकार करते हुए कहते हैं कि जादू चलाकर यदि मोदी जीत जाते हैं तो देश में आग लग जाएगी, जीत वो भी पक्की मान रहे हैं। ख़ुद की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पारंपरिक अमेठी सीट छोड़कर वायनाड गए हैं। एक हताश, निराश, पराजित योद्धा की तरह अभी से पूरा विपक्ष एक आवाज में कह रहा है ईवीएम की वजह से जीतेंगे। क्या मतलब हुआ कि जीत सभी मान रहें हैं। वो भी पहले चरण के मतदान से पहले ही ऐसा आत्मसमर्पण चुनाव में मैंने तो पहले कभी नहीं देखा। चुनाव पूर्व सर्वे के आख़िरी दिन सभी टीवी चैनलों ने 350 से 400 से ऊपर एनडीए को दिखाया है, कांग्रेस को तो इस बार चालीस से नीचे रहने का अनुमान सभी चैनल दिखा रहे हैं।



राकेश शर्मा
अध्यक्ष, इंडियन न्यूज़ पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

इस वातावरण से एक बात स्पष्ट समझ आती है मोदी की गारंटी, मोदी पर विश्वास, मोदी की विकास यात्रा, मोदी की विकसित भारत के लिए दूरदृष्टि और मोदी के पिछले दस साल के दृढ़तापूर्वक किए गए कार्य। विपक्ष की सभी पार्टियों ने भाजपा के संकल्प पत्र से कहीं अधिक जनकल्याण के वायदे अपने अपने घोषणा पत्रों में किए हैं लेकिन उन पर कहीं चर्चा ही नहीं हो रही।

बेरोज़गारी और महंगाई जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को भी विपक्ष ने मोदी के चक्रव्यूह में फंसकर गौण कर दिया। धूमधाम से बनाया गया खंडित विखंडित जिसमें कहा गया था हर जगह भाजपा के विरुद्ध संपूर्ण देश में विपक्ष का एक ही उम्मीदवार होगा व्यक्तिगत अपेक्षाओं के कारण चुनाव से पहले ही धूलधूसरित हो गया। अब अधिकतर जगह आपस में ही भिड़े हुए है या चुनाव से पहले ही गठबंधन पहले ही छोड़ गए हैं।

मोदी जी ने राष्ट्रवाद, विकसित भारत, हिंदुत्व, सनातन , अपनी विकास यात्रा में सब भारतीयों को सम्मिलित करना, विश्वगुरु बनने के मार्ग पर प्रशस्त करना, अर्थव्यस्था में विश्व में पांचवी अर्थव्यवस्था बनाकर तीसरी पारी में तीसरी विश्व की बड़ी अर्थववस्था का संकल्प, विश्व को सुदृढ़ नेतृत्व देने की अभूतपूर्व क्षमता इत्यादि शामिल है।

क्या जनता मोदी पर विश्वास इसलिए भी कर रही है कि जिस कार्य को करने की हिम्मत पिछली सरकारों ने नहीं दिखाई वह मोदी जी ने कितनी सहजता से कर दिखाया। इसमें प्रमुख हैं कश्मीर को धारा 370 से मुक्ति, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति, महिला आरक्षण, शताब्दी की सबसे बड़ी महामारी कोरोना से देश को सुरक्षित बाहर निकालना, आत्मनिर्भर भारत बनाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में सहयोग, सभी तीर्थ स्थलों का जीर्णोद्धार, ग़रीबों को ग़रीबी से बाहर निकालना, जनकल्याण की योजनाओं को लाभार्थियों तक सीधा पहुंचाना इत्यादि। विपक्ष समझ ही नहीं पा रहा कि 2024 का भारत बदल गया है, अब वह जातीय जनगणना, सांप्रदायिक विद्वेष, तुष्टिकरण हिंदू और हिंदुत्व और सनातन को गालियों के जुमलों में ना फंसकर सिर्फ़ विकसित भारत देखना चाहता है।

बादलों के बरसने की चाहत

पिछले कुछ दिनों से सुबह पूर्व आकाश पर हल्के बादलों का जमावड़ा बना रहता था। मंगल और शनि पूर्वी क्षितिज पर बहुत कम कांतिमान से दर्शन दे रहे हैं। आज बहुत प्रयास के बाद इनकी पहचान कर सका हूं। इनकी स्थिति चालीस अंश ऊपर है लेकिन यह सूर्योदय के समय की स्थिति है। आकाश में धूल और धुंध के कारण पांच बजे के बाद तो स्वाति जैसे चमकदार तारे भी धुंधलेपन से प्रभावित हो जा रहे हैं। चार दिन पहले से अपराह्न हल्के बादलों से भवाली भीमताल के आसमान में हल्के-फुल्के बादल छा रहे थे कल से उनके भी दर्शन नहीं हो रहे हैं। जिन बादलों से आशा की जा रही थी वो कश्मीर की कली की नायिका की तरह रूठ कर चल दिए हालांकि जिस तरह नायिका हमेशा रूठी नहीं रह सकती उसी तरह बादल हैं कभी तो बरसेंगे ही। भवाली न सही कहीं तो बरसना ही है चाहे नेपाल जाकर बरस लें। लेकिन मित्रो जल स्रोतों में निस्सरण कम होता जा रहा है और छोटी क्यारियों में उग आई चौलाई, ऊगल, बीन और मूली को अब रोज पानी की दरकार हो गई है। इसलिए बादलों से बरसने की चाहत बढ़ती जा रही है।

एक नजर

दो बाइकों की टक्कर से एक की मौत

रायबरेली, अमृत विचार। घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कुसिहा मजरे बैखरा गांव की है। गांव निवासी भगवानदीन पुत्र नारायण बुधवार की दोपहर बाइक पर सवार हो खेत गये। वहां से वापस लौटते समय कुसिहा गांव मोड़ पर पल्सर बाइक सवार ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि भगवानदीन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पल्सर पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तीनों को सीएचसी अमांवा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने भगवान को मृत घोषित कर दिया। वहीं पल्सर सवार दोनों युवकों का प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

16 वर्षों से बंद सढ़ियामऊ रेलवे क्रॉसिंग पर जल्द बनेगा अंडरपास!

कार्यालय संवाददाता, महोली

- सामग्री की आपूर्ति शुरू, 26 गांव के ग्रामीणों ने किया था मतदान बहिष्कार का ऐलान
- आचार संहिता में नया कार्य होगा या नहीं, असमंजस में ग्रामीण

अमृत विचार। विकासखंड इलाके के आम और खास लोगों के लिए बीते 16 वर्षों से सिरदर्द बनी सढ़ियामऊ की रेलवे क्रॉसिंग अब नया इतिहास लिखने जा रही है। मतदान बहिष्कार के आंदोलन के बाद यहां शीघ्र ही अंडरपास बनने जा रहा है। क्रॉसिंग के समीप इसको लेकर सामग्री की आपूर्ति भी शुरू हो गई है। बीते कई माह से इस इलाके के करीब दो दर्जन गांवों के मतदाता रेलवे क्रॉसिंग की बहाली को लेकर सामूहिक रूप से मतदान बहिष्कार का ऐलान कर रहे थे। पुलिस-प्रशासन के सारे प्रयास विफल थे। लेकिन आदर्श आचार संहिता के दौरान जनहित में केंद्र सरकार की इस दरियादिली को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

> सढ़ियामऊ रेलवे क्रॉसिंग पर सामग्री आपूर्ति होने की सूचना है। लेकिन नाप-जोख के लिए अभी विभाग अथवा उच्चाधिकारियों द्वारा कोई पत्राचार नहीं हुआ है। जनहित में रेलवे क्रॉसिंग बहाली की आवश्यकता जरूर है।
>
> -अभिनव यादव, एसडीएम महोली

बताते चलें कि उरदौली गांव राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के किनारे बसा है। इसकी आबादी करीब 6700 है।

सढ़ियामऊ रेलवे क्रॉसिंग के समीप सामग्री को उतारते मजदूर व मौजूद ग्रामीण।

जलालपुर और सढ़ियामऊ इसके मजरा हैं। उरदौली से सढ़ियामऊ होते हुए सीधा रास्ता मिश्रिख-नैमिषारण्य जाता है। ग्रामीण बताते है कि वर्ष 2008 में रेल विभाग ने मानव रहित सढ़ियामऊ रेलवे क्रॉसिंग को गाटर लगाकर अवरुद्ध कर दिया था। इससे चार पहिया वाहन निकलने पर रोक लग गई थी। लोगों ने जब विरोध शुरू किया तो रेलवे ने और गाटर लगा दिए। जिससे दो पहिया वाहनों का आवागमन भी मुश्किल हो गया। अब इलाके के करीब 26 गांवों के करीब 50 हजार लोगों को 10 किलोमीटर का अतिरिक्त फेर लगाकर महोली आना पड़ता है। जिससे लोगों में लगातार शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा था। 2012 के विधानसभा चुनाव के समय सपा नेता अनूप गुप्ता ने जनहित में सढ़ियामऊ रेलवे क्रॉसिंग को मुद्दा बनाया। वो तो चुनाव जीत गये लेकिन रेल-मंत्रालय के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। इसके बाद विधानसभा और लोकसभा चुनाव में सढ़ियामऊ रेलवे क्रॉसिंग सियासी मुद्दा बनती रही लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।

बंद रेलवे क्रॉसिंग बन चुकी चुनावी मुद्दा

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सढ़ियामऊ के लोगों ने विधानसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार कर दिया। मौके पर डीएम और एसपी भी आए लेकिन ग्रामीणों ने दो टूक कहा, रोड नहीं तो वोट नहीं। शासन-प्रशासन की अनदेखी से ग्रामीणों का पारा बढ़ता चला गया। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले करीब 26 गांव के मतदाताओं ने चुनाव बहिष्कार का सामूहिक ऐलान कर दिया जिसके बाद शासन प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। बीते 4 अप्रैल को तहसीलदार अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी अरुण सिंह ने ग्रामीणों के बीच चैपाल लगाकर मतदान करने की अपील की लेकिन ग्रामीण अपनी जिद पर अड़े रहे कि रोड नहीं तो वोट नहीं। बुधवार को यहां जब लोहे की सरिया की आपूर्ति होने लगी तो लोग अचरज में पड़ गए। प्रधानपति शेर सिंह ने बताया कि सढ़ियामऊ रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास बनने जा रहा है। जिसकी आपूर्ति शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही यहां अंडरपास बनाया जाएगा।

14 अगस्त 2023 को हुआ था रेलवे क्रॉसिंग का सर्वे

उरदौली प्रधानपति शेर सिंह ने बताया कि बीते 14 अगस्त 2023 को रेलवे के इंजीनियर ने सढ़ियामऊ रेलवे क्रॉसिंग पर जाकर सर्वे किया था। लंबी नाप-जोख के बाद उन्होंने आश्वस्त किया था कि वह एस्टीमेट बनाकर डीआरएम कार्यालय को भेज देंगे। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद आगे का कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि बीते वर्ष सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने भी सढ़ियामऊ रेलवे क्रॉसिंग की बहाली के लिए रेलमंत्री से पत्राचार किया था।

कन्याओं को भोज कराकर श्रद्धालुओं ने व्रत का किया पारण

वासंतिक नवरात्र के नवें दिन भक्तों ने सिद्धिदात्री स्वरूप का किया पूजन-अर्चन

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। वासंतिक नवरात्र के नवें दिन भक्तों ने देवी के सिद्धिदात्री स्वरूप का पूजन-अर्चन व हवन के साथ कन्याभोज करके उपवास का पारण किया। बुधवार को देवी मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। क्षेत्र के प्रसिद्ध श्री संकटा देवी धाम पर आज भोर चार बजे से ही भक्तों का आवागमन रहा। भक्तों ने अपनी मनौती को लेकर मां संकटा को प्रसाद चढ़ाया।

संकटा देवी धाम में बुधवार की सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। गुरुवार को मंदिर परिसर में चल रहे 15 दिवसीय मेले में काफी भीड़ जुटी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के महिला व पुरुष आरक्षियों के साथ धाम प्रबंध समिति के पदाधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मां संकटा देवी धाम परिसर स्थित भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर में बने हवन कुंड के साथ नगर के बुढ़िया माता मंदिर काली माता मंदिर, दुर्गा माता मंदिर व क्षेत्र के अन्य देवी मंदिरों में हजारों की संख्या में लोगों ने हवन-पूजन कर कन्या भोज का आयोजन करते हुए अपने व्रत का पारण किया। संकटा देवी धाम में प्रतिदिन होने वाली महाआरती में सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया।

संकटा देवी धाम में महाआरती करतीं श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष। अमृत विचार

भक्तों ने ग्रहण किया पूड़ी, सब्जी व खीर

सिधौली क्षेत्र के कस्बा बाड़ी में रामनवमी के अवसर पर बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने पूड़ी, सब्जी व खीर का प्रसाद ग्रहण किया। गांव के लोगों ने बताया कि हम सब मिलकर हर साल रामनवमी वाले दिन भंडारा करते है। इस मौके पर सूरज, रजनेश, मंजू, विशाल, अजय आदि मौजूद रहे।

कोतवाली प्रभारी ने आहुतियां देकर बांटा प्रसाद

सिधौली कोतवाली परिसर में बुधवार को कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह व ने नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी के मौके पर कोतवाली में हवन में आहुतियां देकर प्रसाद बांटा और कन्याओं को भोजन कराने के बाद उपहार दिए। वहीं पुलिस का ये अच्छा काम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। सैकड़ों की संख्या में मुंडन, अन्नप्राशन व वैवाहिक कार्यक्रम धाम परिसर में संपन्न हुए।

देवी के रूप में घर-घर पूजी गईं कन्याएं

बाड़ी में भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

सिधौली। बुधवार को रामनवमी पर घर-घर में देवी के रूप में कन्याओं को पूजा गया। लोगों ने कन्याओं को उपहार वितरित किए। देवी मंदिरों में दिन भर पूजा अर्चना होती रही। नवरात्र संपन्न होने पर लोगों ने घरों में प्रसाद के रूप में हलवा, पूरी,दही जलेबी बनाया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां सिद्धादात्रि की पूजा के बाद कन्यापूजन व भोज कराकर व्रत खोला। मंदिरों में श्रद्धालुओं व कन्याओं का जमावड़ा लगा रहा। अन्य दिनों की अपेक्षा सुबह से ही भक्तों की खासी भीड़ रही।

सुबह पांच बजे से ही श्रद्धालु स्थानीय मंदिरों में मां के दर्शन के लिए पहुंचे। शीतला माता मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा माता मंदिर सहित ग्रामीण अंचलों में बने मंदिरों में श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। ग्रामीण इलाके के मंदिरों में भी भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। रामनवमी के अवसर पर कन्या भोज कराने वालों में महिला श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा रही। श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराने के बाद स्वेच्छा से कन्याओं को पैसे, कपड़े व श्रृंगार की सामग्री वितरित की।

हम रहें या न रहें ये देश रहना चाहिए...

सम्मेलन में अपनी रचना सुनाते कवि। अमृत विचार

महमूदाबाद, अमृत विचार। नगर के प्रसिद्ध मां संकटा देवी धाम में वासंतिक नवरात्र के अवसर पर चल रहे 15 दिवसीय मेले में धाम के सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार की रात्रि आठ बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि कुर्सी क्षेत्र के विधायक साकेन्द्र वर्मा ने कहा कि कविता प्राचीन काल से जनमानस व शासन को जगाने का कार्य करती आ रही है। कवि सम्मेलन का आरंभ हरदोई से पधारे गीतकार सुखदेव पांडेय 'सरल' की वाणी वंदना से हुआ। बाराबंकी से आए ओज के सशक्त हस्ताक्षर शिवेश राजा ने पढ़ा कि 'धीरज रखो छाती पर चढ़कर भगवा लहरायेंगे। रामलला तो आएं हैं अब कृष्णलला भी आएंगे। सौगंध उठाओ शम्भू की, काशी भी भव्य सजायेंगे। गोंडा से पधारे मुकेश रस्तोगी मार्तंड ने कहा कि 'प्राण जाएं भाव पर यह शेष रहना चाहिए। हम रहें या न रहें ये देश रहना चाहिए'। हरदोई से पधारे गीतकार सुखदेव पांडेय 'सरल' ने कहा कि 'मां नहीं है तो जिंदगी में अमावस्या है, हाथ मां का तो कोई नहीं समस्या है।

मेला महोत्सव में आज

श्री संकटा देवी धाम के चल रहे 15 दिवसीय मेला महोत्सव में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को रात्रि आठ बजे से श्री नीलकंठ बाबा मेला समिति भेटौरा के कलाकारों द्वारा 'पोरस सिकंदर' नाटक का मंचन किया जाएगा। यह जानकारी मेला मैनेजर अशोक नाग ने दी।

बस स्टॉप से सवारी ढो रहे डग्गामार वाहन!

महमूदाबाद, अमृत विचार। कोतवाली इलाके में मंगलवार को डग्गामार वाहन चालकों और परिवहन निगम के बस संचालकों के खिलाफ जमकर विवाद के बाद भी डग्गामार वाहन चालकों के हौसले बुलंद है। पुलिस और परिवहन विभाग की लचर व्यवस्था के चलते डग्गामार वाहन चालक बस स्टॉप के सामने ही गाड़ियों को सवारियों को बैठाने का काम करते हुए नजर आते है। सड़क पर डग्गामार वाहनों के चलते होने वाले हादसे भी कहीं न कहीं जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते होते है। जिम्मेदार अफसर कार्रवाई के बजाय कानून का पाठ पढ़ाने से भी बाज नहीं आते है।

बताते चलें कि क्षेत्र में सिधौली रोड स्थित पुलिस चैकी के पास ही मुख्य मार्ग पर अक्सर प्राइवेट बस चालक और डग्गामार वाहन चालक सवारियों को भरने में बिल्कुल भी नहीं हिचकिचाते है रोडवेज बस स्टॉप से लगभग 200 मीटर करीब ही लगातार प्राइवेट बस चलाने वाले सालों से सवारियां भरते आ हैं। रोडवेज बस चालकों का आरोप है कि अक्सर सरकारी बस स्टैंड के पास से ही डग्गामार वाहन सवारियां भर लेते हैं। मंगलवार को अफसरों की लापरवाही के चलते मामला इतना बढ़ गया था कि आक्रोशित बस चालक ने बस को रोड पर लगाकर जाम लगवा दी थी। मंगलवार को पुलिस के हस्तक्षेप के बाद उम्मीद थी की बस स्टॉप पर स्थितियों में सुधार आएगा मगर स्थितियां जस की तस बनी हुई हैं।

मुख्य मार्ग पर बस खड़ी कर सवारी भरते प्राइवेट बस संचालक। अमृत विचार

रोड सरकारी है तो सवारियां भरने से क्या दिक्कत है: कोतवाली प्रभारी

इस मामले को लेकर जब कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह से बात की गई तो पहले तो उन्होंने बताया कि रोड सरकारी है तो सवारियां भरने से क्या दिक्कत है? नियमों का हवाला देने पर कोतवाली प्रभारी ने कहा कि ज्ञान न देने की नसीहत दे डाली। उन्होंने बताया कि मंगलवार से लगाकर अभी तक पांच गाड़ियां सीज की जा चुकी हैं। यदि निर्धारित स्टैंड से अलग होकर प्राइवेट वाहन सवारी भरते दिखेंगे तो आगे भी कार्यवाही होती रहेगी।

राम सनातन धर्म का विचार है, राम हर भक्त का विधान है

सीतापुर, अमृत विचार। जिले में मंदिरों के अंदर राम जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास भक्ति भाव के साथ मनाया गया। राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रथम राम जन्मोत्सव मानने के लिए लोगों के अंदर एक अलग ही जोश उमंग उल्लास दिखाई दिया। शहर के राम सीता मंदिर पर धर्मगुरु आशीष शास्त्री की अगुवाई में दोपहर के 12 बजते ही लोगों द्वारा सड़कों पर आतिशबाजी की गई।

वहीं सभी मंदिरों ढोल नगाड़े घंटे घड़ियाल शंख की ध्वनि में राम आरती की गई। आर्य नगर स्थित ऊंचा वाला राम सीता मन्दिर में महन्त राजेंद्र शास्त्री के द्वारा भगवान राम की स्तुति कर आरती की गई। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नेहा अवस्थी प्रतिनिधि, प्रतिनिधि नामिंद्र अवस्थी ने भी राम जन्मोत्सव में सम्मलित होकर भगवान राम की आरती उतारी।

राम जन्मोस्तव के मौके पर मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा केक काटकर टॉफी खिलौने पंचामृत फल आदि मौजूद श्रद्धालुओं में वितरीत किया गया। राम जन्मोत्सव के अवसर पर धर्म गुरु आशीष शास्त्री ने भगवान राम के जीवन चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि राम सनातन धर्म का विचार है। राम हर भक्त का विधान है राम लोगों की चेतना है राम हर इंसान का चिंतन है, राम प्रतिष्ठा है राम प्रताप है, राम प्रवाह है राम प्रभाव है राम नेति है राम नीति है राम व्यापक है। हर इंसान को भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

आर्य नगर निकट सुमित्रा मॉडर्न कॉलेज के समीप स्थित सिद्धि प्रदायक हनुमान मंदिर में श्रद्धालु भक्तों के द्वारा रामनवमी के अवसर पर जन्म उत्सव से पहले भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमे गायकों ने भगवान राम के जीवन से संबंधित भजनों का गायन किया भगवान के सुंदर सुंदर भजनों को सुनकर श्रद्धालु भक्ति भाव में झूमते नाचते रहे। दोपहर 12 बजते ही घंटे घड़ियाल बजने के साथ ही भगवान राम की स्तुति वा आरती मन्दिर प्रांगण गूंज उठा। पूजारी संजय बाजपाई के द्वारा भगवान राम की आरती कर जन्मोत्सव मनाया गया। शहर के चांदी वाले हनुमान मंदिर, बालाजी महाराज मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, पूरानी धर्मशाला स्थित राम सीता मंदिर, जेल रोड स्थित बड़ा हनुमान मंदिर, घंटाघर से छोटा हनुमान मंदिर, सत्यनारायण मंदिर आदि शहर के सभी छोटे बड़े मंदिरों में राम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। राम जन्मोत्सव की आरती की उपरांत जगह-जगह पंचामृत रामदाना फल मिष्ठान आदि का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

राम सीता मंदिर में प्रभु राम की आरती उतारतीं नपा अध्यक्ष नेहा अवस्थी व प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी और राम जन्मोस्तव के दौरान भजनों को सुनते श्रद्धालु।

श्रद्धा अष्टमी व राम नवमी को कन्या भोज के लिए महिला व पुरुषों की लगी रहती है लाइन

श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है ऐतिहासिक मां कालिका देवी मंदिर

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार। ग्राम पंचायत गढ़चपा कालिकन में स्थित प्राचीनतम ऐतिहासिक मां कालिका देवी मंदिर पुराने समय से आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर प्रबंध समिति के प्रयासों से आज यह भव्य मंदिर 30-40 किमी कि परिधि में स्थित सुंदर मंदिरों में से एक है।

ब्लॉक मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर गोंडादेवरिया रोड पर स्थित मां कालिका देवी मंदिर पर नवरात्र में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। करीब 200 वर्ष प्राचीन इस स्थान के बारे में प्रत्यक्ष जानकारी देने वाले व इस स्थान की देवी के कृपापात्र शिक्षक साधुराम की कुछ दिन पूर्व मृत्यु हो गई थी। मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष शंकर लाल मौर्य ने बताया कि लगभग 200 वर्ष पहले इस स्थान पर भीषण जंगल था। बहुत साहसी व्यक्ति ही जंगल में जाते थे। कहा जाता है कि पड़ोस के गांव के एक तेली का खेत जंगल के पास में था। खेत की जुताई बुआई करते समय एक मूर्ति रूपी पत्थर निकला। इस पत्थर को तेली अपने घर उठा ले गया और तेल निकालने वाली मशीन (कोल्हू) पर रख दिया। सुबह देखा तो पत्थर गायब हो गया और उसी खेत में मिला। तेली ने पुनः पत्थर लाकर रख दिया, लेकिन पत्थर पुनः उसी स्थान पर पहुंच गया। इस घटना के बाद रात में स्वप्न उसे ऐसा लगा कि कोई मुझसे कह रहा है कि मुझे उसी खेत में रहने दो। उसी दिन से तेली खेत में ही पत्थर को जमीन में रखकर पूजा करने लगा। धीरे धीरे बड़ी संख्या में श्रद्धालु आने लगे।

ऐतिहासिक मां कालिका देवी मंदिर।


मां कालिका देवी।

कुछ वर्ष पूर्व इस जीर्ण-शीर्ण स्थान पर ग्रामीणों ने मां कलिका देवी मंदिर जीर्णोद्धार समिति बनाई और क्षेत्रीय लोगों की मदद से तीन मंजिला भव्य मंदिर का निर्माण कराया। इस मंदिर के साथ शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, संतोषी व सरस्वती माता मंदिर आदि कई प्राचीन मंदिर भी है। मंदिर के पीछे एक सरोवर है। मान्यता है कि इस सरोवर में स्नान करने से कुष्ठ रोग ठीक हो जाता है। अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए दसको पूर्व दर्जनों लोग नवरात्रि में अपनी जीभ काटकर देवी को अर्पित कर देते थे। वर्तमान में इस प्रथा पर पूरी तरह से रोक लग गई है। मंदिर पर पूरे नवरात्रि महिला मंडल द्वारा देवी जागरण तथा दूरदराज के श्रद्धालु रामचरित्र मानस का पाठ करते रहते हैं।

पुजारी देवकुमार दीक्षित ने बताया कि मूर्ति पर पहले श्रद्धालु जल चढ़ाते थे, जिससे काफी दिक्कतें हो जाती थी। अब केवल प्रसाद ही चढ़ाया जाता है। अष्टमी व राम नवमी को कन्या भोज के लिए महिला व पुरुषों की लाइन लगी रहती है।

सड़क पर आग का गोला बनी मैजिक

रायबरेली, अमृत विचार। जिले के रायबरेली-सलोन मार्ग पर बुधवार शाम एक मैजिक में शार्टसर्किट होने से वह आग का गोला बन गई। घटना के समय मैजिक में सवार लगभग एक दर्जन लोग कूद कर किसी तरह से अपनी जान बचाई। आग लगने से सड़क पर हड़कम्प मच गया कुछ समय के लिए दोनों ओर आवागमन रुक गया। आग की सूचना मिलते ही पहुंची दमकल ने किसी तरीके से आग पर काबू पा सकी लेकिन तब तक मैजिक पूरी तरीके जलकर राख हो गई थी।

सूची निवासी सुरेश निर्मल बुधवार दोपहर बाद सलोन से मैजिक में सवारियां भरकर रायबरेली की तरफ आ रहा था तभी राजमार्ग के गढ़ी चौराहे के निकट अचानक मैजिक में आग लग गई। मैजिक में धुंआ देख चालक ने किसी तरीके से गाड़ी रोकी और उसमें सवार यात्रियों ने कूद कर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप रख लिया और मैजिक आग का गोला बन गई। उधर बीच सड़क पर आग लगने से दोनों तरफ गाड़ियां रुक गई। आनन-फानन में घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पहुंचे दमकल कर्मियों ने घण्टों मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सके।

अपनी ढपली अपना राग

भाजपा सरकार सिर्फ अमीरों की हैं। इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो आम नागरिकों, किसानों व व्यापारियों के लिए काम होगा। –राहुल गांधी

भाजपा संविधान को मानती है न लोकतंत्र को। ईडी व सीबीआई के जरिये सबको जेल भेजना चाहती है।
– शिवपाल यादव

इंडी गठबंधन के लोग जब गांव में जाएंगे तो लोग इन्हें भिंडी गठबंधन कहेंगे। ये गले तक भ्रष्टाचार में डूबे हैं।
–ब्रजेश पाठक

प्रदेश में विकास हुआ है तो अखिलेश सरकार में। आज स्कूल, अस्पताल व अच्छी शिक्षा चाहिए।
–संजय सिंह

इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। विपक्षी गठबंधन में एक अनार सौ बीमार वाली हालत है।
– नंद गोपाल गुप्ता नंदी

यहां के वोटर भी गजब

पसंद आए तो पलकों पर... वरना जब्त कराई जमानत

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : सांसद चुनने में बाराबंकी के मतदाताओं का अंदाज कुछ अलग है। जो मन को भाया उसे पलकों पर बैठाया, जो पसंद नहीं आया, उसकी जमानत तक जब्त करा दी। जी हां, अब तक के लोकसभा चुनाव में 179 में से 130 प्रत्याशी अपनी जमानत जब्त करा चुके हैं। इनमें प्रमुख सियासी दलों के दिग्गज भी शामिल हैं। बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र का पहला आम चुनाव 1951 में हुआ था। पहले चुनाव में कांग्रेस की गंगा देवी सांसद निर्वाचित हुई थे। पहले चुनाव में 11 प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई थी। इनमें नौ की जमानत जब्त हो गई थी।

1957 के चुनाव में संसद पहुंचने की हसरत लेकर पांच उम्मीदवारों ने चुनावी दंगल में किस्मत आजमाई थी। इस चुनाव में रामसेवक यादव ने निर्दल के रुप में चुनाव जीता था। दो प्रत्याशी अपनी जमानत गंवा बैठे थे। 1962 के चुनाव में यहां दो लोकसभा सीटें थी। इनमें रामसनेहीघाट सीट एससी तो बाराबंकी सीट सामान्य के रुप में निर्धारित की गई थी। आरएससघाट सीट पर चार प्रत्याशी चुनाव लड़े थे। जिसमें कांग्रेस के स्वामी रामानंद विजेता तो जनसंघ के भागीरथ 35.48 प्रतिशत मत पाकर रनर रहे थे। जबकि दो प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। जबकि दूसरी सीट पर पांच प्रत्याशियों में से 34.11 प्रतिशत मत पाने वाले कांग्रेस के हुसैन कामिल किदवाई को छोड़कर तीन प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी। 1967 में भी दो सीटों पर चुनाव हुआ था। रामसनेहीघाट सीट पर तीन तो बाराबंकी सीट पर चार उम्मीदवार थे। रामसनेहीघाट सीट पर बी. कुरील ने जीत दर्ज की थी तो एस कैलाश 35.06 फीसदी मत हासिल कर दूसरे स्थान पर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे। वहीं बाराबंकी सीट पर दो उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी।

इसी तरह 1971 में रामसनेहीघाट सुरक्षित सीट पर तीन प्रत्याशी चुनावी दंगल में उतरे थे। जिसमें बैजनाथ कुरील ने बाजी मारी थी। जबकि एनसीओ दल के बाबूलाल कुशमेश 35.75 फीसदी मत हासिल कर रनर रहे थे। जबकि एक उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। वहीं बाराबंकी सामान्य सीट पर कुल चार उम्मीदवार उतरे थे। जिसमें कुंवर रुद्र प्रताप सिंह ने चुनाव जीता था। 36.49 मत पाकर सोशलिस्ट पार्टी के रामसेवक यादव रनर रहे थे। दो की जमान जब्त हो गई थी। 1977 के चुनाव में बाराबंकी सुरक्षित सीट पर आधा दर्जन प्रत्याशियों में से राम किंकर विजेता थे। वहीं कांग्रेस के बैजनाथ कुरील 19.66 फीसदी मत पाकर दूसरे नंबर पर रहे और चार उम्मीदवारों ने अपनी जमानत गंवा दी।

1980 के चुनाव में पांच प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से दूसरे नंबर पर रहने वाले प्रत्याशी बैजनाथ कुरील को छोड़ तीन अन्य उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे।

इस चुनाव में राम किंकर ने लगातारक दूसरी बात बाजी मारी थी। इसी तरह 1984 का चुनावी दंगल आठ प्रत्याशियों के बीच हुआ था। इसमें 28.44 फीसदी मत हासिल कर दूसरे नंबर पर रहने वाले एलकेडी के रामसागर को छोड़कर अन्य उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इस चुनाव में कमला प्रसाद रावत जीते थे। 1989 का चुनाव नौ धुरंधरों के बीच लड़ा गया, इनमें दूसरे नंबर पर कांग्रेस के राम किंकर व तीसरे नंबर के प्रत्याशी बसपा के विजय कुमार को छोड़कर छह योद्धा जमानत नहीं बचा सके थे। इस लोकसभा चुनाव में रामसागर रावत विनर रहे थे। 1991 के चुनाव में 11 प्रत्याशियों में से रनर रहे बीजेपी के कपिल देव 27.18 और कांग्रेस के कमला प्रसाद रावत 19.80 फीसदी मत पाकर जमानत बचा पाए थे, जबकि राम सागर रावत ने लगातार दूसरी बार मैदान मारा था। वहीं आठ प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। 1996 में 24 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। राम सागर रावत ने इस चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाई थी। भाजपा के रनर प्रत्याशी कपिल देव सिंह व तीसरे नंबर पर रहे बसपा एपी गौतम को छोड़ अन्य सभी ने अपनी जमानत गंवा दी थी।

1951 में पहली बार हुआ था लोस का चुनाव

179 प्रत्याशी अब तक जमानत जब्त करा चुके हैं

130 को जमानत बचाने के लिए जनता ने तरसाया

11 प्रत्याशियों ने पहले चुनाव में आजमाई थी किस्मत

सबसे ज्यादा 1996 में 21 प्रत्याशियों ने गंवाई जमानत

बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 21 प्रत्याशियों ने अपनी जमानत 1996 के लोकसभा चुनाव में गंवाई थी। इस चुनाव में दो दर्जन उम्मीदवार चुनाव लड़े थे। सपा के रामसागर रावत ने भाजपा के कपिल देव को 14722 मतों से हराया था। बसपा के आनंद प्रकाश गौतम 17 .27 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। इसके अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी।

जमानत बचाने का यह है गणित

प्रत्याशी को जमानत बचाने के लिए कुल मतदान का 16 .66 फीसदी (1/6 हिस्सा) वोट प्राप्त करना जरूरी होता है। किसी प्रत्याशी को अगर कुल मतदान का छठवां हिस्सा (16 .66 फीसदी) वोट नहीं मिलते हैं तो नामांकन के समय जमा की गई ज़मानत राशि ज़ब्त कर ली जाती है। इसे जमानत जब्त होना कहते हैं।

कई दिग्गजों की हुई थी बुरी हार

भाजपा के कद्दावर नेता में शामिल रामनरेश रावत को 2009 के चुनाव में मात्र 47656 मत ही हासिल हुए थे। इस हिसाब से वह चौथे नंबर पर रहे थे। 2014 के चुनाव में बसपा के कमला प्रसाद रावत तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 167150 मत मिले थे। जबकि चौथे नंबर पर सपा की राजरानी रावत थी। इन्हें 159284 मत मिले थे। इन दोनों की जमानत जब्त हुई थी। जबकि दूसरे नंबर पर रहे पुनिया को 242236 तो विजेता रहीं भाजपा की प्रियंका रावत को 454214 मत मिले थे। इस चुनाव में 10 लाख 68 हजार 196 मत पड़े थे। इसी तरह 2019 के चुनाव में कांग्रेस के तनुज पुनिया की भी जमानत जब्त हुई थी। इन्हें 159611 मत मिले थे और वह तीसरे नंबर पर रहे थे। इस चुनाव में विजेता रहे बीजेपी के उपेंद्र रावत को 535917 जो सपा के रामसागर को 425777 वोट मिले थे। जबकि कुल पड़े मतों की संख्या 11 लाख 54 हजार 376 थी।

आईना : डुमरियागंज लोकसभा सीट

2019 के चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
जगदम्बिका पाल	4,92,253
आफताब आलम	3,86,932
चंद्रेश उपाध्याय	60,549
अन्य	11,757

2014 में किसको कितने वोट

2014 नोटा 11,757 | 2014 नोटा 6,776



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	जगदंबिका पाल	2,98,845
बसपा	मोहम्मद मुकीम	1,95,257
सपा	माता प्रसाद पांडे	1,74,778
कांग्रेस	वसुन्धरा सिंह	88,117
पीईसीपी	डॉ. मोहम्मद अयूब	99,242

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
सपा	माता प्रसाद पांडे	60,186
बसपा	मोहम्मद मुकीम	151,787
बीजेपी	जय प्रताप सिंह	153,306
कांग्रेस	जगदंबिका पाल	229,872
पीईसीपी	इनामुल्लाह चौधरी	79,820



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	केशव देव मालवीय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	राम शंकर लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	कृपा शंकर	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	नारायण स्वरूप शर्मा	भारतीय जनसंघ
1971	केशव देव मालवीय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	माधव प्रसाद त्रिपाठी	जनता पार्टी
1980 व 84	काजी जलील अब्बासी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	बृजभूषण तिवारी	जनता दल
1991	रामपाल सिंह	भारतीय जनता पार्टी
1996	बृजभूषण तिवारी	समाजवादी पार्टी
1998 व 99	रामपाल सिंह	भारतीय जनता पार्टी
2004	मोहम्मद मुकीम	बहुजन समाज पार्टी
2009	जगदंबिका पाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014 व 19	जगदंबिका पाल	भारतीय जनता पार्टी

2024

कुल मतदाता- 19,52 039

पुरुष मतदाता- 10,39,726

महिला मतदाता- 9,12,165

शहर में सन्नाटा ... गांव में बना है चुनावी माहौल

सुनील मिश्रा, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार : लोकसभा को लेकर प्रत्याशी इन दिनों गांव की गलियों से लेकर सड़कों तक कदमताल कर रहे हैं। अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने को हर जुगत भिड़ाने की कोशिश में हैं। हालांकि डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी अभी से पूरा महौल बनाए हुए हैं। वहीं, शहरों में सन्नाटा सा पसरा है।

डुमरियागंज संसदीय सीट से भाजपा के तीसरी बार प्रत्याशी बने जगदंबिका पाल जहां अपनी जीत को सुनिश्चित करने को जी तोड़ प्रयासरत हैं वहीं से सपा ने भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी के चुनावी मैदान में उतर जाने से चुनावी सरगर्मी बढ़ी नजर आती है। वह भी समर्थकों के साथ चुनावी समर में अपनी ताकत झोंक चुके हैं। इधर, बसपा ने ख्वाजा शमसुद्दीन को यहां अपना प्रत्याशी बनाया है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत के लिए गांव में पहुंचकर चुनावी डंका बजा रहे हैं।

लोकसभा डुमरियागंज में 25 मई को चुनाव का मतदान होगा और 5 जून को स्थिति साफ होगी। लोकसभा डुमरियागंज में कुल मतदाता 19 लाख 52 हजार अपने मतों का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरुष 10 लाख 39726, और महिला 912165, तथा अन्य 148 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। मालूम हो कि इस चुनावी महासंग्राम में मुस्लिम मतदाता और ब्राह्मण मतदाता चुनावी जीत हार में अहम भूमिका निभाएंगे। सपा में जहां ब्राह्मण मतदाता उतार कर भाजपा में खलबली मचा दी। वही बसपा में मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर सपा के लिए एक मुश्किलें खड़ी कर दी है।

▸▸ डुमरियागंज संसदीय सीट के लिए छठवें चरण में चुनाव होना है लेकिन, अभी से गांवों का निरन्तर चक्कर काट रहे ज्यादातर प्रत्याशी

हर प्रत्याशी चल रहा है अपना - अपना दांव

इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अपनी हैट्रिक लगाने के लिए बेताब है। वह गांव के एक-एक व्यक्ति से मिलकर केंद्र और भारत सरकार के विकास की नीतियों को गिना रहे हैं। साथ ही तीसरी बार डबल इंजन की सरकार बनाने की अपील भी कर रहे हैं। वहीं, सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी भी लोगों का समर्थन पाने को पुरजोर दांव अजमा रहे हैं। स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी जो शेरे पूर्वांचल के नाम से जाने जाते रहे, के पुत्र भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी का भी पूर्वांचल के ब्राह्मणों में अच्छा प्रभाव माना जा रहा है। सपा से चुनावी भाग्य आजमाने उतरे कुशल तिवारी के आने से भाजपा में खलबली मची हुई है। क्योंकि सपा में अगर यादव मुस्लिम और ब्राह्मणों ने साथ दिया तो भाजपा के लिए कहावत सत्य होगी कि बड़ी कठिन है डगर पनघट की। यहां मतदान होने में अभी लगभग एक महीने का समय है। तीनों मुख्य पार्टियों को छोड़कर अन्य छोटे दल अभी अपने कितने प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारते हैं यह परिदृश्य साफ नहीं। ऐसे में फिलहाल एनडीए, इंडिया और बसपा के बीच ही संघर्ष होना है। इन दलों के प्रत्याशी प्रचार करने लेकर सक्रिय हैं नतीजतन, चुनाव धीरे-धीरे रोचक होता जा रहा है।

इंडी गठबंधन राम विरोधी, कांग्रेस-सपा ने किया आस्था से खिलवाड़: केशव मौर्य

अमृत विचार, लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि पूरा का पूरा इंडी अलायंस राम की विरोधी है। कांग्रेस और सपा ने देशवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कोई पहली बार नहीं किया, वे लगातार और बारंबार करते आ रहे हैं। बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि, सनातन विरोधी इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। आज सपा महासचिव ने भगवान राम और रामभक्तों के खिलाफ अनर्गल बयान देकर सनातनियों की श्रद्धा पर कुठाराघात किया है। उन्होंने जनता से अपील की कि, लोकसभा चुनाव में जनता को एक बार फिर इनका घमंड तोड़ना पड़ेगा। जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं। कहा कि यदि सपा के महासचिव अपने नेता को रामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को स्वीकार करने की सलाह दिये होते तो राम इनके सारे पाप और कलंक धो देते।

दो लड़कों की जोड़ी पहले भी फ्लॉप रही थी: भूपेन्द्र चौधरी

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी उत्तर प्रदेश में फ्लॉप रही थी और एक बार फिर इस जोड़ी को यूपी की जनता सिरे से नकार देगी। बुधवार को जारी एक बयान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, जिनके थीम सांग में ही ये कहा जा रहा हो कि दिल्ली में प्रवेश की खातिर व राहुल और अखिलेश की खातिर जनता वोट करे, ऐसे सत्ताभोगी और स्वार्थी लोगों को जनता अच्छी तरह पहचानती है। उन्होंने कहा, इनका जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। इनके वादे जुबानी जमाखर्च से ज्यादा कुछ नहीं। इनके सारे वादे सत्ता में आने की छटपटाहट दिखाते हैं, क्योंकि न तो गरीब और किसान इनकी नीति में हैं और न ही नीयत में। दशकों तक देश पर राज करने के बाद भी आज जब वो गरीब की बात करते हैं तो मोदी पर नहीं, बल्कि खुद पर ही सवाल उठाते हैं। प्रदेश और देश की जनता उनके दिल्ली के तख्त पर आसीन होने की लालसा को कभी पूरा नहीं होने देगी।

पहले चरण में 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के पहले चरण की आठ सीटों पर 80 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। करीब एक करोड़ 44 लाख मतदाता मतदान करेंगे। इसमें कई राजनीतिक दिग्गजों के लिए कड़ी परीक्षा होगी। सीटों के जीतने के लिए भाजपा, इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस व सपा और बसपा के प्रत्याशियों के बीच घमासान की स्थिति है।

इस चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। सहारनपुर सीट पर चुनाव मैदान में भाजपा से राघव लखन पाल हैं। पिछले चुनाव में पाल को बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने 20 हजार मतों से हराया था। बसपा ने इस बार माजिद अली को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इमरान मसूद पर दांव लगाया है।

रामपुर सीट पर भाजपा से घनश्याम सिंह लोधी, सपा से मोहिबुल्लाह नदवी, बसपा से जीशान खां चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह, पीलीभीत सीट से भाजपा से मंत्री जितिन प्रसाद, सपा से भगवत शरण गंगवार, बसपा से अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू चुनावी लड़ाई लड रहे हैं। नगीना सीट से बसपा से सुरेंद्र पाल सिंह, भाजपा से ओम कुमार व सपा से मनोज कुमार हैं। इस सीट से आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं।

बिजनौर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल से चंदन चौहान, सपा से दीपक, बसपा से विजेंद्र सिंह चुनाव मैदान में हैं। मुरादाबाद सीट पर भाजपा से सर्वेश सिंह, सपा से रूचि वीरा व बसपा से इरफान सैफी हैं। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा से केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, सपा से हरेंद्र मलिक व बसपा से दारा सिंह प्रजापति चुनाव मैदान में हैं। कैराना सीट पर भाजपा से सांसद प्रदीप कुमार, सपा से इकरा हसना व बसपा से श्रीपाल सिंह अपनी किस्मत अजमा रहे हैं। संजीव बालियान मुजफ्फरनगर से लगातार तीसरी बार लोकसभा जाने की तैयारी में जुटे हैं। कैराना के चर्चित हसन परिवार की बेटी इकरा हसन पर सभी की निगाह है।

● राजनीतिक दिग्गजों के लिए होगी कड़ी परीक्षा

कीर्तिवर्धन के पास पिता से आगे जाने तो श्रेया के पास मौका बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का

राष्ट्रवाद-रामनाम बनाम कुर्मी, यादव व मुसलमान, भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी का सीधा मुकाबला, साधे जा रहे समीकरण

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा उम्मीदवार

श्रेया वर्मा, सपा उम्मीदवार

भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। उनके पिता भी चार-चार बार के सांसद थे। कीर्तिवर्धन अब पांचवीं बार मैदान में हैं। क्या वह अपने पिता से आगे निकल पाने में सफल होंगे? वहीं दूसरी ओर सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर-आंखों पर बैठाया। केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। अब सवाल है कि क्या पौत्री श्रेया वर्मा अपने बाबा की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में सफल होंगी?

अमृत विचार: अप्रैल माह की चिलचिलाती धूप में चुनाव सरगर्मी भी तेज है। खासतौर पर भाजपा व सपा के घोषित प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में इस सरगर्मी को चरम पर पहुंचाने में जुटे हुए हैं। भाजपा उम्मीदवार सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के पास इस बार मौका जहां पांचवी बार जीतकर अपने पिता का रिकॉर्ड तोड़ देने का है वहीं, सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा के पास मौका विजयी होकर अपने बाबा बेनी प्रसाद वर्मा की विरासत को आगे बढ़ाने का है।

बहरहाल, इस बीच उम्मीदवार अपनी और अपनी पार्टी की उपलब्धियों को जनता के बीच रखकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। राष्ट्रवाद से लेकर क्षेत्रवाद और जातिवाद को भी साधने की जुगत चल रही है। दिलचस्प यह कि रामनाम की धुन के बीच ईद की सेवईयां भी बांट रहीं हैं। कहीं, जातीय सहोदर होने की दुहाई दी जा रही तो कहीं विकास कराने का गुणगान हो रहा है। रामनाम का दुपट्टा भी ओढ़ाकर धर्म-जाति की अलख जगाने का भी प्रयास है।

गोंडा लोकसभा की पांच विधानसभा क्षेत्रों में करीब 25 लाख से अधिक आबादी है। इसमें करीब 18 लाख वोटरों को रिझाने की कसरत चल रही है। जिले की गोंडा सदर, मेहनौन, मनकापुर, गौरा तथा बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा में सभी भाजपा के ही विधायक हैं।

गोंडा सदर से प्रतीक भूषण शरण सिंह, मेहनौन से विनय कुमार द्विवेदी, मनकापुर से रमापति शास्त्री, गौरा से प्रभात कुमार वर्मा तथा उतरौला से राम प्रताप वर्मा सभी भाजपा के विधायक हैं। इन पांच विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम करीब 21 प्रतिशत, यादव 9 प्रतिशत, कुर्मी करीब 10 प्रतिशत हैं। इसके अलावा करीब 17 प्रतिशत ब्राह्मण, 9 प्रतिशत क्षत्रिय, अनुसूचित 18 प्रतिशत सहित कायस्थ, बनिया व अन्य जाति के लोग निवास करते हैं।

पिता का रिकॉर्ड तोड़ने की भी होगी कसरत

सांसद कीर्तिवर्धन सिंह चार बार सांसद रह चुके हैं। दो बार सपा से तो दो बार भाजपा से जीत हासिल कर चुके हैं। इसी तरह उनके पिता कुंवरआनंद सिंह भी कांग्रेस से चार बार सांसद रह चुके हैं। 1971 में वह पहली बार चुनाव जीते थे। कीर्तिवर्धन सिंह ने अपने पिता की बराबरी तो पूरी कर ली अब पांचवीं बार मैदान में हैं। वह अपने पिता से आगे निकल जाएंगे या बराबरी पर रह जाएंगे यह तो चुनाव बाद पता चलेगा।

अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने का जज्बा

2009 में गोंडा से कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिर आंखों पर बैठाया। महज 25-26 प्रतिशत वोट पाकर वह विजई हुए थे और केंद्र में इस्पात मंत्री बने थे। लेकिन अपने वादों को पूरा न कर पाने पर 2014 के चुनाव में उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। लेकिन उनकी पौत्री श्रेया वर्मा ने अपने बाबा की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वह विरासत बढ़ा पाएंगी या नहीं चुनाव तक इंतजार करना होगा।

सपा को सजातीय तो भाजपा को उम्मीदवार पर भरोसा

समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम, यादव के साथ सजातीय समीकरण साधने के लिए कुर्मी विरादरी की श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा ने अपने पुराने कंडीडेट सांसद कीर्तिवर्धन सिंह पर ही भरोसा जताया है। भाजपा उम्मीदवार के पास बीते 10 सालों के विकास का लेखाजोखा है। राष्ट्रवाद का जज्बा है और रामनाम का सहारा है तो सपा उम्मीदवार के पास भी सपा शासनकाल में कराए गए विकास कार्यों का पुलिंदा है। सपा उम्मीदवार के बाबा स्व. बेनी प्रसाद वर्मा द्वारा गोंडा में किए गए कार्य हैं साथ ही मुस्लिम, यादव व सजातीय वोट कुर्मी के पाले में आने की उम्मीद है। वैसे, किस उम्मीदवार को कुल मतों का कितना हिस्सा मिलता है यह तो वक्त ही बताएगा?

52 प्रतिशत बरकरार रहेगा या घटेगा

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को 52 प्रतिशत मत मिले थे। 48 प्रतिशत में अन्य सभी दलीय, निर्दलीय उम्मीदवार शामिल थे। रिकार्ड मतों से जीत हासिल कर संसद तक चौथी बार पहुंचने वाले भाजपा उम्मीदवार कीर्तिवर्धन सिंह पांचवी बार अपना रिकार्ड तोड़ पाएंगे या फिर उतने पर या उससे कम पर पहुंचेंगे। समीक्षकों का मानना है कि 2019 का चुनाव मोदी के नाम पर था। यह चुनाव भी उन्हीं के नाम पर लड़ा जा रहा है लेकिन पिछला मत प्रतिशत इस बार नहीं होगा। इसमें कुछ कमी आएगी।

चौथे चरण में 13 लोस सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए आज से नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों व ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 18 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन सीटों पर चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के बीच किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में लोकसभा की शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव होगा। 13 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। चौथे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, बहराइच समेत 13 जिलों के अंतर्गत आते हैं। ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर में आता है।

मतदाता खामोश और ध्रुवीकरण गुम है। प्रचार के अंतिम दिन सबने जोर लगाया पर कहीं कोई लहर या तूफ़ान नहीं बन पाया। चर्चा में मोदी हैं, तो सुरक्षा के मुद्दे पर योगी की बात है। पिछले चुनावों की तरह सड़कों पर जय श्री राम का जयघोष नहीं है, पर रामनवमी के आयोजनों में राम मंदिर बनने के उत्साह की हिलोर है। जीत-हार के सवाल पर भाजपा का माहौल है, लेकिन जाति-बिरादरी से नहीं इंकार है। पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान से पहले कुछ ऐसा ही हाल है। चौराहों, चाय-पान की दुकानों और चौपालों में वोटों का हिसाब किताब है। भाजपा से टक्कर में दूसरे और तीसरे नंबर की उलझन का गुणा-भाग है। कौन किधर जा रहा है, इसे लेकर हर किसी का अपना कयास है। अधिकतर सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर में कौन कितना आगे-पीछे यह जानने के लिए हर कोई बेकरार है।

मनोज त्रिपाठी

उत्तर प्रदेश में पहले चरण के मतदान में आठ लोकसभा सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। इन आठ सीटों में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें हार गई थी। सहारनपुर, बिजनौर और नगीना लोकसभा सीट बसपा ने जीती थी, जबकि मुरादाबाद और रामपुर में सपा की साइकिल दौड़ी थी। ऐसे में इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही पार्टी के लिए हर सीट बेहद महत्वपूर्ण है। हालांकि इस बार सपा और बसपा के अलग-अलग चुनाव लड़ने और रालोद का साथ मिलने से भाजपा के लिए राहत की बात है, लेकिन फिर भी पार्टी ने राम मंदिर निर्माण और मोदी की गारंटी से माहौल बनाकर परिवारवाद और भ्रष्टाचार पर जोरदार प्रहार करते हुए विकसित भारत के धारदार प्रचार अभियान में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। इसके बावजूद जातीय गोलबंदी उसे मतदान से पहले न सिर्फ परेशान कर रही है, बल्कि जीत का अंतर तय करने में उलझन में डाल रही है। भाजपा की यह चिंता बेवजह भी नहीं है, क्योंकि पश्चिम यूपी की कई लोकसभा सीटें जातिगत समीकरण में उलझती दिख रही हैं। कहीं मुकाबला कड़ा होता तो कहीं फंसता नजर आ रहा है। दरअसल, भाजपा को टक्कर देने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन हो या बसपा दोनों ने इस बार जातिगत समीकरणों का ही सहारा लिया है। इस रणनीति के चलते जानकार मेरठ, मुजफ्फरनगर, बिजनौर लोकसभा सीट पर भाजपा, बसपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला मानकर चल रहे हैं। जाट, गुर्जर, पिछड़े और दलित वर्ग के साथ मुस्लिम मतों के लिए घमासान है। इनमें कुछ पत्ते कहीं बंद, तो कुछ कहीं हवा के साथ बहते नजर आ रहे हैं। मुस्लिम मतदाता सीट दर सीट चुनाव का रुख भांपकर मतदान करने का मन बना रहा है। उसकी निगाह बसपा या सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों की मजबूती पर टिकी है।

पश्चिम यूपी की आठ सीटों पर प्रथम चरण में कल मतदान

वोटर की चुप्पी, बूथ पर ही टूटेगी शोर थमने के साथ बढ़ी धुकधुकी

रामपुर : खेल बिगाड़ने आई बसपा को दिखने लगा अपने खेल का असर

मुस्लिम बहुल रामपुर लोकसभा सीट पर यह पहला चुनाव है, जब नूर महल का नवाब खानदान और सपा नेता मो. आजम खान नेपथ्य में हैं। ऐसे में भाजपा अपने प्रत्याशी घनश्याम लोधी जिन्होंने उपचुनाव में आजम खान के विश्वस्त आसिम रजा को हराकर बड़ा उलटफेर किया था, की फिर से जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के जनाधार वाली इस सीट पर पहले बसपा प्रत्याशी जीशान खान को लेकर कहा जा रहा था कि वह सपा उम्मीदवार मौलाना मोहिबुल्लाह का खेल बिगाड़ने आए हैं। लेकिन सपा की भीतरी कलह और प्रत्याशी मोहिबुल्लाह जो तुर्क बिरादरी से आते हैं, पर पठानों के मुकाबले तुर्क को तरजीह देने का आरोप लगने के बाद बसपा को भाजपा से मुकाबले में अपना खेल बनता नजर आने लगा है। इस सीट पर साढ़े चार लाख युवा मतदाताओं में अधिकांश जाति-धर्म की सियासत से हटकर नया चुनाव कर सकते हैं। इस समीकरण को देखते हुए भाजपा ने पूर्व सांसद बेगम नूर बानो के पौत्र पूर्व विधायक नवेद मियां के बेटे हमजा मियां को पार्टी में लेकर युवाओं को साधने में लगा दिया है। यहां मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा की राह आसान मानी जा रही है।

2019
के लोकसभा चुनाव में भाजपा पांच सीटें गई थी हार

02 सीट मुरादाबाद और रामपुर में जमकर दौड़ी थी सपा की साइकिल

03 सीट सहारनपुर, बिजनौर और नगीना बसपा ने जीत ली थी

पीलीभीत : भाजपा को लग रहा आसान इम्तिहान

इस सीट पर वरुण गांधी की जगह भाजपा से उतरे प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को चुनौती देने के लिए सपा प्रत्याशी भगवत शरण गंगवार और बसपा उम्मीदवार अनीस अहमद खान ने प्रचार के अंतिम दिन तक पूरी ताकत लगाए रखी। प्रधानमंत्री मोदी यहां दस दिन पहले सभा करके भाजपा का माहौल बना गए थे। इसके बाद जितिन प्रसाद ने पूरा अपना चुनावी अभियान प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के साथ इलाके के विकास पर केंद्रित रखा। उधर, सपा प्रत्याशी गंगवार के समर्थन में ईद के बाद अखिलेश यादव सभा करके जोश भर गए थे। सपा प्रत्याशी बरेली के नवाबगंज से पांच बार विधायक रहने की याद दिलाते हुए जनता से जुड़ाव और अपने काम की याद दिलाकर लोगों से रिश्ता जोड़ने का प्रयास करते रहे। बसपा प्रत्याशी अनीस अहमद खान ने इस सीट पर करीब पांच लाख मुस्लिम मतदाताओं पर नजर गड़ा रखी है।



मुरादाबाद : भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीधा संघर्ष

मुरादाबाद : इस मुस्लिम बहुल सीट पर टिकट को लेकर हुई कलह के बाद सपा नेता आजम खान समर्थकों का साथ मिलने से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा थोड़ी राहत महसूस कर रही हैं। हालांकि मौजूदा सपा सांसद एसटी हसन खुलकर उनके प्रचार में नहीं उतरे हैं। लेकिन इस क्षेत्र में कांग्रेस का जनाधार होने से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार सिंह का मुकाबला करने में सपा-कांग्रेस गठबंधन को ज्यादा मुश्किल पेश नहीं आ रही है। जानकारों के मुताबिक यहां मुकाबला भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन की सीधी लड़ाई में बदलता नजर आ रहा है। हालांकि बसपा प्रत्याशी इरफान सैफी मुस्लिम वोटों में सेंध लगाकर और परंपरागत दलित मतों को साधकर भाजपा की राह आसान करते नजर आ रहे हैं।

2019 में किसको मिले कितने वोट



सहारनपुर: मुस्लिम वोट बैंक पर भाजपा की निगाह

सहारनपुर में भाजपा से तीसरी बार मैदन में उतरे राघव लखनपाल शर्मा ने क्षत्रियों की नाराजगी को तो कुछ हद तक दूर कर लिया है, लेकिन सपा-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। हालांकि इस लड़ाई में बसपा प्रत्याशी माजिद अली उनकी राह आसान करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में सबकी निगाह मुस्लिम वोट बैंक पर टिकी है, जिसकी संख्या छह लाख से ज्यादा बताई जाती है। प्रचार खत्म होने तक इस सवाल का जवाब नहीं मिल पाया है कि क्या मुस्लिम वोट एकमुश्त मसूद के समर्थन में जाएगा? पिछली बार यह सीट सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने जीती थी। यदि मुस्लिम वोट में बिखराव होता है तो भाजपा को लाभ निश्चित रूप से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम



कैराना : सीधी लड़ाई में बदलता दिख रहा चुनाव

कैराना लोकसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। इस सीट को जीतने के लिए मुख्यमंत्री योगी जहां हिंदुओं को पलायन की याद दिलाकर विपक्ष को ललकार गए हैं, वहीं अंतिम दिन रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने रोड शो करके हुंकार भरी। जानकारों के मुताबिक इस सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन की हसन परिवार से उम्मीदवार इकरा हसन भाजपा को सीधी टक्कर देती नजर आ रही हैं। 28 वर्षीय इकरा लंदन में पढ़ी हैं और हिंदू गांवों में जाकर वोट मांगने के दौरान भाजपा सांसद की निष्क्रियता को मुद्दा बनाती रही हैं। भाजपा ने इस सीट पर गुर्जर समाज के प्रदीप चौधरी को दूसरी बार मैदान में उतारा है। प्रदीप चौधरी ने 2019 में इकरा हसन की मां तब्बसुम हसन को हराया था। लेकिन इस बार उनकी मुश्किल की एक वजह बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा भी हैं, जो भाजपा से नाराजगी का मुद्दा उछालकर पार्टी के परंपरागत ठाकुर वोट बैंक में सेंध लगा रहे हैं।

2019 लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत



नगीना : सुरक्षित सीट पर चंद्रशेखर आजाद ने फंसाया पेंच

नगीना सुरक्षित सीट पर आज़ाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद चुनाव के केंद्र में हैं। बसपा उन्हें अपने लिए चुनौती मान रही है, यही वजह रही कि पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने नगीना में ही सभा करके प्रचार अभियान शुरू किया था। यहां करीब 70 प्रतिशत मतदाता मुस्लिम और दलित हैं। भाजपा से नहटौर के विधायक ओम कुमार तो इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी के रूप में पूर्व जज मनोज कुमार मैदान में हैं। उनके समर्थन में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रचार खत्म होने से पहले आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के साथ माहौल बना गए हैं। बसपा से सुरेंद्र पाल प्रत्याशी हैं। भाजपा को छोड़कर सभी प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान के दौरान दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति बनाई। इसी तरह भाजपा के अलावा मुस्लिम मत भी तीनों प्रत्याशियों में बंटते नजर आ रहे हैं। दलित-मुस्लिम मतों के विभाजन का भाजपा सीधा फायदा उठा सकती है।



2019 का वोट प्रतिशत

बसपा	मलूक नागर	51.21
भाजपा	कुंवर भारतेंद्र	44.67
कांग्रेस	नसीमुद्दीन	2.36

बसपा भाजपा कांग्रेस

बिजनौर : भाजपा-बसपा की लड़ाई सपा ने त्रिकोणीय बनाई

बिजनौर लोकसभा सीट पर 2019 के चुनाव में सपासे गठबंधन के चलते बसपा ने जीत हासिल की थी। इस बार बसपा से चौ. विजेन्द्र सिंह प्रत्याशी हैं। वह जाट और दलित के साथ अति पिछड़ों को साधकर कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उनके मुकाबले में उतरे भाजपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी चंदन चौहान मीरापुर से रालोद के विधायक हैं। वह गुर्जर बिरादरी से आते हैं। चंदन को मजबूत करने के लिए बिजनौर से बसपा के सांसद मलूक नागर को रालोद में लेकर दलित वोट जोड़ने की कवायद की गई है। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी इस सीट पर जी-जान लगाए हैं, तो सीएम योगी और बसपा सुप्रीमो मायावती भी जनसभा कर गई हैं। इस सीट पर सपा प्रत्याशी दीपक सैनी संघर्ष को त्रिकोणीय बनाकर वास्तव में भाजपा की मुसीबत बढ़ा रहे हैं।

2019 के लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत

49.6 % भारतीय जनता पार्टी

49.2% सपा, बीएसपी, रालोद (गठबंधन)

मुजफ्फरनगर : भाजपा के वोट बैंक में सेंध की कोशिश

बसपा ने मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट से दारा सिंह प्रजापति को प्रत्याशी बनाकर भाजपा के वोट बैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है। दलित और प्रजापति वोटों को साधकर बसपा की कोशिश मुस्लिम वोट अपने पक्ष में करने की है। यहां से भाजपा प्रत्याशी दो बार से सांसद केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान की हर तरफ चर्चा के बीच कुछ विरोध के स्वर भी सुनाई देते हैं। बालियान जाट समाज के साथ ओबीसी वर्ग में मजबूत समर्थन रखते हैं। लेकिन उनके विरुद्ध प्रचार में त्यागी, ठाकुर और सैनी समाज की नाराजगी को हवा देने की कोशिश की जाती रही। कांग्रेस-सपा गठबंधन से मैदान में उतरे हरेन्द्र मालिक कई चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण हर समाज में पहचान और पकड़ रखते हैं। वह अंतिम समय तक भाजपा के वोटों में सेंधमारी करके मुकाबला अपनी तरफ मोड़ने की जद्दोजहद करते नजर आए।

बिहार की चार सीटों पर कल डाले जाएंगे वोट

पटना। बिहार में इंडिया गठबंधन और राजग के बीच लोकसभा चुनाव में कड़ा मुकाबला है। दोनों ही दलों ने प्रचार में ताकत झोंक दी हैं। पहले चरण में यहां की चार सीटों जमुई, गया, नवादा और औरंगाबाद पर 19 अप्रैल को डाले जाएंगे। इन सीटों को जीतने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों और विरोधी गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव सबने अपने तरकश के हर तीर को आजमा लिया है। एक- एक वोट का महत्व समझते हुए राजद, जदयू, हम, भाजपा और लोजपा के कार्यकर्ता मतदाताओं को घर- घर जाकर मनुहार कर रहे हैं।

औरंगाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा के सुशील सिंह ताल ठोक रहे हैं तो इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पाटी राष्ट्रीय जनता दल के अभय कुशवाहा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। पिछले तीन चुनाव से सुशील सिंह यहां से जीत रहे हैं। उन्होंने 2009 में जदयू और उसके बाद के दोनों चुनावों में भाजपा के टिकट पर जीत दर्ज की। अब उनके विजय रथ को रोकने के लिए अभय कुशवाहा ने रात दिन एक कर रखा है। तेजस्वी यादव ने यहां सभा कर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की भरपूर कोशिश की है तो पीएम मोदी के साथ ही राजग के बड़े नेताओं ने भी यहां कोई कसर नहीं छोड़ी है।

गया सुरक्षित सीट को हॉट सीट की श्रेणी में रखा गया है क्योंकि यहां से पूर्व मुख्यमंत्री एवं हम के अध्यक्ष जीतन राम मांझी मैदान में हैं। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल के कुमार सर्वजीत से है। इसके साथ ही विभिन्न दलों और निर्दलीय 12 और उम्मीदवार यहां से ताल ठोक रहे हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला मांझी और कुमार सर्वजीत के बीच ही है। 2019 में इस सीट पर जदयू ने परचम लहराया था।

भाजपा ने जमुई लोकसभा सीट अपनी प्रमुख सहयोगी पार्टी लोजपा रामविलास को दी है। इस सुरक्षित सीट पर लोजपा रामविलास ने अरुण भारती तो राजद ने अर्चना कुमारी रविदास को उम्मीदवार बनाया है। यह सीट लोजपा प्रमुख चिराग पासवान के लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। लगातार दो चुनाव में वे इस सीट पर खुद ही जीत चुके हैं। अब उन्होंने अरुण भारती को उतारा है। नवादा सीट पर भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार ताल ठोक रहे हैं। इन्हीं दोनों के बीच मुख्य मुकाबला भी है।

● राजग ने पिछले चुनाव में जीतीं थीं ये लोकसभा सीटें

2019 में कौन कहां से जीता

सीट	विजेता पार्टी
गया	जदयू
नवादा	लोजपा
जमऊ	लोजपा
औरंगाबाद	भाजपा

तमिलनाडु में 20 सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष!

चेन्नई

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में सबसे बड़ा मुकाबला तामिलनाडु में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के बाद लोकसभा सीटों के मामले में यह देश का चौथा सबसे बड़ा राज्य है। इस दक्षिणी राज्य में अभी तक अन्नाद्रमुक और द्रमुक के बीच द्वि-ध्रुवीय मुकाबला ही होता रहा है। राष्ट्रीय दल कांग्रेस और भाजपा इन दोनों में किसी एक पार्टी के साथ हाथ मिलाते रहे हैं। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में यहां दो दर्जन से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद जताई जा रही है। भाजपा के नेतृत्व वाला राजग यहां से अपनी सीटें बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। तमिलनाडु की 39 लोकसभा सीटों में पहली बार भाजपा अपने फायरब्रांड नेता के अन्नामलाई के नेतृत्व में कम से कम 10 लोकसभा सीटें और दो अंकों में वोट शेयर दर्ज करने की उम्मीद कर रही है।

पिछली बार 2019 के चुनाव में डीएमके गठबंधन ने तमिलनाडु की 39 में से 38 सीटें जीती थीं। पार्टी को उम्मीद है कि इस बार अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच वोट विभाजन के कारण उनके लिए राह और भी आसान हो सकती है, क्योंकि अन्नाद्रमुक और भाजपा एक साथ चुनाव नहीं लड़ रहे हैं।

2014 में द्रमुक का नहीं खुला था खाता: तमिलनाडु में साल 2014 के आम चुनाव में तत्कालीन मुख्यमंत्री जे जयललिता के नेतृत्व वाली अन्नाद्रमुक ने 37 सीटें जीती थीं। भाजपा ने एक सीट और एस रामदास के नेतृत्व वाली पट्टली मक्कल काची ने एक सीट जीती थी।

39 सीटों पर मतदान कल

- भाजपा अपने फायरब्रांड नेता अन्नामलाई के नेतृत्व में 10 सीटें और दो अंकों में वोट शेयर की कर रही उम्मीद
- द्रमुक को भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच वोट विभाजन के कारण नजर आ रही जीत की राह और आसान

26 उम्मीदवार नामांकन में दाखिल किए गए चुनावी हलफनामों के अनुसार चुनाव लड़ने वाले 40 सबसे अमीर उम्मीदवारों में तमिलनाडु से हैं।

2019 का चुनाव परिणाम

द्रमुक गठबंधन	38
अन्ना द्रमुक गठबंधन	01

2019 वोट शेयर

द्रमुक गठबंधन : **53.15%**
अन्ना द्रमुक गठबंधन : **30.56 %**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम प्रांत के नलबाड़ी में लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा भी लगाया।

मतदाताओं का मिजाज | 17 चुनावों में सिर्फ तीन बार 1998, 2014 और 2019 के चुनाव में बरेली संसदीय सीट पर 60 फीसदी से ज्यादा पड़े वोट

मंदिर और मोदी लहर में फर्स्ट डिवीजन पास हुए बरेली के मतदाता

अनुपम सिंह, बरेली

अमृत विचार : बरेली संसदीय सीट पर मतदाताओं का मिजाज मुद्दों, लहर और ध्रुवीकरण से प्रभावित होता रहा है। यही वजह है कि पिछले 72 बरसों में हुए 17 चुनावों में महज तीन बार ही यहां के मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए, जबकि बाकी चुनावों में 60 फीसदी का आंकड़ा नहीं छू सके। अब इस बार डिस्टिंक्शन यानी 75 फीसदी मतदान के लिए चुनाव आयोग, राजनीतिक दल और प्रत्याशी सभी जोर लगा रहे हैं।

आजादी के बाद पहली बार 1952 में हुए लोकसभा चुनाव में बरेली सीट पर 36.55 फीसदी मतदान हुआ था। 1957 में वोटिंग प्रतिशत छह प्रतिशत बढ़ोत्तरी के साथ 42.8 पर पहुंचा। 1962 के चुनाव में मतदाताओं ने और उत्साह दिखाया तो 48.1 प्रतिशत मतदान हुआ। 1967 में फिर मतदाता बड़ी संख्या में घरों से बाहर आए और 57.7 प्रतिशत वोटिंग हुई। 1971 के चुनाव में जिला प्रशासन और सियासी दलों को वोटिंग प्रतिशत और बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन मतदाताओं ने निराश कर दिया। वोटिंग प्रतिशत धड़ाम होकर 45.6 फीसद पर अटक गया।

हालांकि 1977 के चुनाव में उत्साह फिर देखने को मिला और 53.21 फीसदी मतदान कर मतदाताओं ने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया, लेकिन 1980 में मतदान प्रतिशत गिरकर 44.6 रह गया। 1984 में वोटिंग प्रतिशत में फिर उछाल आया। 54.01 फीसदी मतदान हुआ। 1989 के चुनाव में मतदान तीन फीसदी लुढ़ककर 51.8 रहा। 1991 में फिर बढ़ोत्तरी हुई और मतदान प्रतिशत का आंकड़ा 58.3 फीसदी पहुंचा। लेकिन 1996 में मतदान प्रतिशत 50.6 फीसदी पर चला गया। लेकिन 1998 ने पहली बार रिकॉर्ड बनाया। 61.7 फीसदी वोटिंग के साथ मतदाता फर्स्ट डिवीजन पास हुए। हालांकि, एक साल बाद 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ, तो मतदान 58.5 प्रतिशत ही हुआ। 2004 में उदासीनता दिखी और मतदान प्रतिशत 52.9 पर सिमट गया। 2009 में आंकड़ा 50.4 फीसदी रहा, लेकिन 2014 के चुनाव में मतदाताओं ने कमाल कर दिया। 11 फीसदी ज्यादा वोट पड़े और मतदाताओं ने 61.2 फीसदी वोटिंग के साथ फर्स्ट डिवीजन का दूसरा रिकॉर्ड बनाया। 2019 में 2014 वाली स्थिति मतदाता बरकरार तो नहीं रख पाए, मगर 60.5 प्रतिशत मतदान के साथ फर्स्ट डिवीजन पर बने रहे।

भाजपा और मोदी लहर में रचा कीर्तिमान

- बरेली संसदीय सीट का चुनावी इतिहास बताता है कि मतदाताओं ने जिन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग की, उस समय देश में भाजपा और मोदी की लहर रही। 1998 के लोकसभा चुनाव के वक्त राम मंदिर आंदोलन के कारण भाजपा के पक्ष में माहौल था, तो 2014, 2019 में मोदी लहर थी। इसके सियासी निहितार्थ भी निकाले जा रहे हैं, क्योंकि बरेली सीट को मुस्लिम बाहुल माना जाता है। ऐसे में इन तीन चुनावों में सबसे ज्यादा वोटिंग होना दिलचस्प है।

1977 में जनता पार्टी की लहर में 53.21, 1984 में सहानुभूति के चलते 54.01 और 99 में 58.5 फीसदी पड़े वोट थे

33,54,696 मतदाता बरेली और आंवला सीट पर

1796060 पुरुष मतदाता

1558544 महिला मतदाता

एक नजर

आयोग की कार्रवाई में अब तक 18,14,807 लोग पाबंद

अमृत विचार, लखनऊ : चुनाव आचार संहिता के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदेश भर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। अफसरों के मुताबिक, शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 23,94,541 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस दिए गए हैं, जिनमें से 18,14,807 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। यही नहीं अवैध शस्त्र बनाने वाले केंद्र सीज किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1855 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 अप्रैल 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 487 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4275 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 6744 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 6822 कारतूस, 2853 .5 किग्रा विस्फोटक व 357 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2528 स्थानों पर रेड डाली गई और 129 को सीज किया गया।

असली राम भक्त वो जो सत्य के पथ पर चलते हैं

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में किया रोड शो, कहा- मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि असली राम भक्त वो जो सत्य के पथ पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्य नहीं, सत्ता चाहिए। पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रियंका सहारनपुर में रोड शो के दौरान लोगों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी इमरान मसूद को जिताने के लिए लोगों से उनके पक्ष में मतदान की अपील की।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो सत्ता में बैठे हैं, वह माता शक्ति और सत्य के उपासक नहीं हैं, 'सत्ता' के उपासक हैं। वे सत्ता के लिए किसी भी हद तक गिर जाएंगे। सत्ता के लिए सरकारें गिरा देंगे, विधायकों को खरीदेंगे, अमीरों को देश की संपत्ति दे देंगे। यह हमारे देश की परंपरा नहीं है। उन्होंने कहा कि राम सत्ता के लिए नहीं, सत्य के लिए लड़े, इसलिए हम उनकी पूजा करते हैं। प्रियंका ने कहा कि इस देश ने सत्ता को नहीं सत्य को पूजा है और मोदी सत्ता को पूजते हैं सत्य को नहीं।

इससे पहले उन्होंने सहारनपुर से चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए प्रदेश में पहला रोड शो किया। लगभग 25 मिनट में 1.5 किलोमीटर की यात्रा की। प्रियंका गांधी ने सड़क के किनारे बड़ी संख्या में खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। उनमें से कुछ से हाथ भी मिलाया। प्रियंका गांधी के साथ गाड़ी पर कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद, जिला पार्टी प्रभारी गणेश दत्त और अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

इन जगहों से गुजरा रोड शो : रोड शो रायवाला, जेबीएस इंटर कॉलेज, कम्बोह का पुल, रांघडो का पुल और कुतबशेर होते हुए अधिकतर क्षेत्र मुस्लिम आबादी से गुजरा और लकड़ी बाजार, कम्बौह का पुल, रांघड़ो का पुल, कुतुबशेर होते हुए गुरू सिंघ सभा गुरुद्वारा पर संपन्न हुआ।

जनता के मुद्दों पर होना चाहिए चुनाव

प्रियंका गांधी ने कहा कि वह हर जगह यही कह रही हैं कि ये चुनाव जनता का होना चाहिए, जनता के मुद्दों पर होना चाहिए। मोदी और भाजपा के नेता बेरोजगारी, महंगाई, किसानों, महिलाओं की बात नहीं कर रहे हैं। असली समस्याएं महिलाओं-किसानों की है, उनके बारे में बात ही नहीं हो रही है। बात इधर-उधर की ध्यान भटकाने की हो रही है। उन्होंने कहा कि जनता पर अन्याय करने वाली भाजपा की विदाई तय है।

सहारनपुर में कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो करतीं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा।

इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम से खुली भाजपा की पोल

प्रियंका गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने छोटे व्यापारी, गरीब, मजदूर के लिए कुछ नहीं किया और अडानी अंबानी का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। भाजपा सरकार ने हमेशा अमीरों की जेबें भरी हैं। गरीब को कुछ नहीं मिला। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम भी भाजपा लेकर आई थी और वह इस सूची के नाम गोपनीय रखना चाहती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने नाम उजागर करने के आदेश दिए तो भाजपा की पोल खुल गई।

राम के साथ सुनाई पैगंबर की कहानी

प्रियंका ने कहा कि मोदी का ध्यान गरीबों की तरफ नहीं धन्नासेठों की तरफ है। इस दौरान प्रियंका गांधी ने राम के साथ पैंगबर की कहानी सुनाई। प्रियंका गांधी ने अभिनेत्री कंगना रनौत के उस बयान को 'नॉनसेंस' (बेकार की बात) बताया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि गांधी भाई-बहन राजनीति के लिए फिट नहीं हैं। कंगना रनौत हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

प्रश्नपत्र लीक मामले में एसटीएफ ने बिहार में डाला डेरा

अमृत विचार, लखनऊ : आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपी सुभाष प्रकाश की तलाश तेज हो गई है। एसटीएफ ने सूचना के आधार पर बिहार में छापा मारा है। हालांकि अभी तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश से प्रश्नपत्र पहले बिहार गया है, फिर यूपी पहुंचा है। प्रश्नपत्र बिहार में किसने मंगवाया, कहां पर प्रश्नपत्र पढ़वाने को लेकर प्लानिंग की गई, एसटीएफ इसकी भी जांच कर रही है। गौरतलब हो कि आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में एसटीएफ ने अब तक नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से अभी तक कई आरोपी रिमांड पर हैं और उनसे पूछताछ की जा रही है। प्रश्नपत्र लीक कराने में सुभाष प्रकाश की बड़ी भूमिका का पता चल रहा है। लेकिन सुभाष प्रकाश पहुंच से दूर है।

हीट वेव से बचाव को बनेंगे कोल्ड रूम

सभी अस्पताल निदेशकों और सीएमओ को तैयारी करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : दिन पर दिन गर्मी बढ़ती जा रही है, यही स्थिति बनी रही तो मई तक भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। हीट वेव से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने मंगलवार को एक बार फिर वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए विभागीय अधिकारियों को हीट बचाव के लिए निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल की इमरजेंसी समेत वार्डों में इलाज के साथ ही पर्याप्त बेड की व्यवस्था की जाये ताकि बेड के अभाव में मरीज को लौटना न पड़े।

प्रमुख सचिव ने हीट वेव से बचाव संबन्धी गाइडलाइन के अनुसार अस्पतालों को तैयारी करने के निर्देश दिये हैं।

▸▸ अस्पताल में व्यवस्थाओं के साथ ही लू से बचाव के लिए लोगों में बढ़ाई जाएगी जागरूकता

तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि हीट वेव(लू) के मरीजों को ठंडा करना जरूरी होता है। इसके अलावा उन्हें फ्लूड चढ़ाया जाता है। इसलिए हीट वेव से प्रभावित मरीजों के इलाज में कोल्ड रूम बनाने के निर्देश दिए गये हैं। मंडलीय अस्पताल, जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चार-छह बेड के कोल्ड रूम बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जल्द ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा गाइडलाइन जारी की जायेगी, जिसके अनुसार सभी अस्पतालों को व्यवस्था करनी होगी।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने बताया कि गर्मी के दिनों में लू समेत संक्रामक रोगियों की संख्या बढ़ती है, इसलिए सभी जिलों के सीएमओ को संक्रामक रोगियों के इलाज की पुख्ता व्यवस्था व बचाव संबन्धी जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिये जा चुके हैं। कोई भी संक्रामक रोगी बगैर इलाज न वापस जाये, इसके लिए इमरजेंसी में बेड आरक्षित किये जायेंगे। साथ ही संक्रामक रोग प्रभावित क्षेत्र में बीमारी पर नियंत्रण पाने के लिए सघन जांच व इलाज की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र स्थित अस्पतालों में एंबुलेंस की 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी ताकि किसी भी स्थिति को नियंत्रण में किया जा सके।

बढ़ेंगे टेली कॉलर, दूर होगी 1962 की वेटिंग

अमृत विचार, लखनऊ : पशुओं के उपचार में फेल 1962 सेवा में सुधार होने की उम्मीद है। आकस्मिक स्थिति में टोलफ्री नंबर न लगना और लगने पर वेटिंग जाना और मौके पर मोबाइल वेटरनरी यूनिट (एंबुलेंस) न पहुंचना इन सभी खामियों को दूर करने की मंगलवार को पशुपालन निदेशालय में रूपरेखा तैयार की गई है। तमाम जिलों की शिकायतों को देखते हुए 1962 कंट्रोल रूम में कॉल अडेंट करने वाले टेली कॉलर कम बताए गए। जिनकी संख्या बढ़ाकर लाइनअप बढ़ाई जाएगी। इससे 1962 मिलाने पर वेटिंग नहीं जाएगी और फौरन कॉल अटेंड कर मोबाइल वेटरनरी यूनिट भेजी जाएगी। फोन पर भी परामर्श दिया जाएगा।

दरअसल, 1962 सेवा का संचालन प्रदेश में पांच कंपनियां मनमाने तरह से कर रही हैं। सभी के नियम अलग हैं। कर्मचारियों के वेतन में भारी कटौती तो अवकाश भी मनमाने तरह से देने से सेवा प्रभावित है। इस तरह की शिकायतें विभाग से छिपी नहीं हैं और नियंत्रण नहीं है। इस वजह से संचालन में लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं और पशु पालक निजी व सरकारी चिकित्सकों के ही सहारे हैं। जिसका शासन ने संज्ञान लिया है।

नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के अंतिम संस्कार में नम हुईं साहित्य प्रेमियों की आंखें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विख्यात साहित्यकार व नवगीतकार माहेश्वर तिवारी के अंतिम संस्कार में साहित्य प्रेमियों की आंखें नम हो गईं। बुधवार को रामगंगा विहार स्थित मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके पुत्र समीर तिवारी ने मुखाग्नि दी। उनकी अंत्येष्टि के समय महानगर ही नहीं दूसरे शहरों से आए साहित्यकारों, कवियों, राजनेताओं ने श्रद्धांजलि देकर उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

साहित्य-संस्कृति व कला के साथ सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों ने उनके आवास गौर ग्रेसियस कॉलोनी और फिर मोक्षधाम पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि देने वालों में देहरादून से आए राष्ट्रीय गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, नई दिल्ली से वरिष्ठ गीतकार सुभाष वशिष्ठ, गाजियाबाद से नवगीतकार जगदीश पंकज, नोएडा से कवयित्री भावना तिवारी, काशीपुर से लेखिका ऋचा पाठक व गजलकार मनोज आर्य, ठाकुरद्वारा से शरीफ भारती के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, पूर्व विधायक राजीव चन्ना, कांग्रेस नेता असद मौलाई, सुधीर पाठक के अलावा कवि मंचों पर उपस्थिति दर्ज कराने वाले संजीव आकांक्षी, साहित्यकार डॉ. आर सी शुक्ला, डॉ. महेश दिवाकर, योगेन्द्र वर्मा व्योम, रामदत्त द्विवेदी, राजीव प्रखर, जिया जमीर, डॉ. मनोज रस्तोगी, उदय प्रकाश सक्सेना, फक्कड़ मुरादाबादी, विवेक निर्मल, मयंक शर्मा, राहुल शर्मा, डॉ. कृष्ण कुमार नाज, काव्य सौरभ जैमिनी, धीरशान्त दास, योगेन्द्र रस्तोगी, ब्रजगोपाल व्यास सहित अन्य लोग शामिल रहे।

▸▸ बीमारी के चलते मंगलवार को हुआ था निधन, मोक्षधाम में किया गया अंतिम संस्कार

रवि किशन पर आरोप लगाने वाली महिला पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अभिनेता व गोरखपुर से बीजेपी सांसद रवि किशन को अपनी बेटी का पिता बताने वाली मुंबई निवासी अपर्णा ठाकुर समेत छह पर बुधवार को हजरतगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सांसद की पत्नी प्रीति शुक्ला ने दी तहरीर में अपर्णा पर 20 करोड़ रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने कहा कि जांच में मिले तथ्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सांसद पति के बचाव में उतरीं पत्नी प्रीति शुक्ला ने तहरीर में बताया अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर ने अपने संबंध अंडरवर्ल्ड माफिया से होने की धमकी दी। कहा यदि हमारी बात नहीं मानी तो तुम्हारे पति को दुष्कर्म के मामले में फंसा कर बदनाम कर दूंगी। प्रीति ने बताया कि अपर्णा द्वारा ब्लैकमेल कर 20 करोड़ रुपये रंगदारी मांगने के मामले में उन्होंने मुंबई में भी शिकायत की थी। लेकिन अपर्णा नहीं मानी और 15 अप्रैल को लखनऊ में रवि किशन पर झूठे आरोप लगाए। कहा, अपर्णा लगभग 35 साल से शादीशुदा है। इसका पति राजेश सोनी, बेटी सालशीनोवा सोनी और एक बेटा भी है। प्रीति शुक्ला का आरोप है कि अपर्णा का परिवार सपा के नेता और कुछ अन्य संग मिलकर उनके परिवार के खिलाफ साजिश रच रहा है।

▸▸ सांसद की पत्नी ने हजरतगंज कोतवाली में दी तहरीर, 20 करोड़ रंगदारी मांगने का आरोप

सांसद रविकिशन व उनकी पत्नी प्रीति।

रिपोर्ट में छह लोगों के नाम शामिल

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि मामले में अपर्णा सोनी उर्फ अपर्णा ठाकुर, राजेश सोनी, सालशीनोवा सोनी, सौनक सोनी, विवेक कुमार पांडेय मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता समाजवादी पार्टी और खुर्शीद खान राजू न्यूज टाईम नेशन व अन्य अज्ञात शामिल हैं।

ग्रेड वन के डॉक्टरों को मिलेगी प्रोन्नति, होंगी नई नियुक्तियां

स्वास्थ्य विभाग में 9 वर्ष बाद खुलेगा नियुक्ति का रास्ता

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में 9 वर्ष बाद ग्रेड वन के डॉक्टरों का प्रमोशन होगा और उन्हें ग्रेड टू में पदोन्नति मिलेगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने ग्रेड वन के 5384 डॉक्टरों का प्रस्ताव शासन में भेज दिया है, अनुमोदन मिलते ही, संभवतः ग्रेड वन में करीब 2196 पद रिक्त हो जायेंगे और नई नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा।

स्वास्थ्य विभाग में 2012 में और बाद में नियुक्त होने वाले चिकित्सकों को प्रोन्नति नहीं मिली, विभाग में ग्रेड वन के डॉक्टरों के प्रमोशन 2015 में अंतिम बार हुए थे। जिसमें 2011 तक नियुक्ति पाने वाले डॉक्टरों को प्रोन्नति मिल गई थी। विभागीय लापरवाहियों की वजह से नियुक्ति पाने वाले चिकित्सकों को विभाग में वरिष्ठता क्रम तक नहीं जारी हो सके। लिहाजा ग्रेड वन के प्रमोशन रुक गये। इतना ही नहीं साल 2018 में विभाग की नई नियमावली बनने के बाद तकनीकी दिक्कतें बढ़ गईं और चिकित्सकों को चार साल की नौकरी के बाद मिलने वाली पदोन्नति नहीं मिली। लिहाजा, विभाग में नई सेवा नियमावली के बाद ग्रेड वन में निर्धारित 3620 पद के सापेक्ष डॉक्टरों की संख्या बढ़कर करीब छह हजार से ज्यादा हो गई। पद रिक्त न होने की वजह से विभाग में ग्रेड वन के रेगुलर पदों पर नियुक्ति नहीं हो रही थी। वहीं ग्रेड टू में पदों की संख्या 7240 में अधिकांश पद रिक्त लंबी अवधि से रिक्त चल रहे हैं।

कमोवेश यही हाल ग्रेड थ्री का भी है, ग्रेड टू में प्रमोशन न होने से तमाम पद खाली हैं। विभाग की 2018 में नई सेवा नियमावली बनने के बाद बीते साल जनवरी 2023 में ग्रेड वन के 5257 डॉक्टरों को वरिष्ठता क्रम जारी होने के बाद मौजूदा समय में डॉक्टरों की संख्या 6949 पहुंच गई है।

▸▸ प्रस्ताव शासन में भेजा अनुमोदन मिलते ही करीब 2196 पद हो जाएंगे रिक्त

ग्रेड वन में 3620 पद

विभाग में चिकित्सकों के 19011 पद हैं, ग्रेड वन में 3620, ग्रेड टू में 7240, ग्रेड तीन में 5199, ग्रेड चार में 2825, ग्रेड पांच में 105, ग्रेड छह में 19 और ग्रेड सात में तीन पद हैं। विभाग में नियुक्ति के बाद चार साल की नौकरी करने के बाद ग्रेड वन से ग्रेड टू में प्रोन्नति का प्रावधान है।

> ग्रेड वन के डॉक्टरों को प्रोन्नति मिलने के बाद विभाग में ग्रेड वन के पद रिक्त हो जायेंगे, रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए उप्र लोक सेवा आयोग में अधियाचन भेजा जायेगा। पूर्व की तकनीकी दिक्कतों को खत्म कर लिया गया है।
>
> -डॉ.राजा गणपति, निदेशक स्वास्थ्य विभाग, लखनऊ

वर्ग पहेली-43

बाएं से दाएं

3. इबादत करने की जगह, इबादतगाह, मस्जिद-मंदिर आदि।
5.1. लिखे हुए अक्षर, लिखाई, लिखावट 2. लिखी हुई बात, किसी विषय या मुद्दे पर गद्य में लिखित विचार आदि 3. निबंध, मज़मून।
6.1. वर्णन 2. कथन।
7.1. स्त्रियों द्वारा पैर में पहना जाने वाला एक प्रकार का घुंघरू वाला ज़ेवर, पाज़ेब, नूपुर 2. बांस की सीढ़ी।
9. प्रेस या छापेख़ाने में कंपोज़ की गई सामग्री रखने के लिए निर्मित धातु की एक लंबी आयताकार तश्तरी।
10. स्वर्ग का कुंड या हौज़।

ऊपर से नीचे

1.1. विनिमय; अदला-बदली 2. हेर-फेर 3. परिवर्तन।
2.1. एक रूप से दूसरे रूप में आना, परिवर्तन 2. आवागमन।
4.1. घोड़े का खड़े खड़े पैर पटकते जाना, ज़मीन खूंदना 2. लांघना, छलांगना, कूदना 3. किसी कार्य या सेवा का प्रतिफल न मिलना, विवश होकर देखते रह जाना। (मु.) टापते रह जाना : वंचित रह जाना।
6.1. घर, मकान 2. अंतरिक्ष, आकाश 3. (रामायण) एक वानर का नाम जो रामचंद्र की सेना का एक सेनापति था 4. (महाभारत) एक राजर्षि का नाम जिनकी कथा द्रोण पर्व में है 5. एक असुर का नाम 6. गया नामक तीर्थ।
7.1. एक प्राचीन भाषा पालि
8.1. घुमाव, चक्कर 2. परिवर्तन, बदलना 3. क्रम, सिलसिला 4. चालाकी से भरी हुई, चाल या युक्ति 5. धोखे में रखना 6. घाटा सहना, नुकसान 7. दिशा, ओर 8. उलझन, झंझट



वर्ग पहेली -42 का हल

1 यू	थ	■	■	2 इ	■	■
■	■	3 प	र	का	र	■
4 ढी	■	■	■	रां	■	5 दु
6 ठ	कु	7 रा	ई	त	■	नि
■	■	ज	■	■	■	या
8 ख	री	दा	री	■	■	दा
■	■	न	■	9 ह	ज़ा	री

सुडोकू-122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9	4			5				
	1				9			
		5						9
				6	4			
	8						2	
2			3	1		6		
5				4			9	
			7				1	
	6			9	2		8	4

सुडोकू -121 का हल

1	3	8	7	2	5	4	6	9
5	6	7	1	4	9	3	8	2
2	9	4	8	3	6	7	1	5
6	2	5	4	7	8	9	3	1
7	1	9	5	6	3	8	2	4
4	8	3	9	1	2	5	7	6
8	7	1	2	9	4	6	5	3
3	4	2	6	5	7	1	9	8
9	5	6	3	8	1	2	4	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 17 .31 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अश्लेशा 07 .57 तक तत्पश्चात मघा।

मेष — आज मार्केटिंग संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। अटके हुए कार्यों में तेजी आयेगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ रहेगा। नए काम की शुरुआत करने का विचार बनायेंगे। सन्तान की सफलता से उत्साहित रहेंगे।

वृष — आज मानसिक तनाव का असर आपके काम और पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए संसाधन जुटाने में कठिनाई होगी। प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। घर के छोटे-छोटे काम को आज प्राथमिकता देंगे।

मिथुन — आज वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। बौद्धिक कार्यों में आप काफी ध्यान देंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी। करियर में आप बड़ा बदलाव कर सकते हैं। बहुमूल्य वस्तुओं की ख़रीदारी कर सकते हैं।

कर्क — आज करियर को लेकर नई दिशा प्राप्त हो सकती हैं। जीवनसाथी से परामर्श लेना लाभकारी होगा। वैचारिक मतभेदों को अपने व्यक्तिगत संबंधों पर हावी न होने दें। जो काम आप काफी दिनों से टाल रहे थे, वो आपको आज करना पड़ सकता है।

सिंह — आज व्यवसाय में आपकी आय बढ़ सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों की उन्नति होगी। मित्रों से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। धार्मिक कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ेगी। अनावश्यक धन के अपव्यय पर नियन्त्रण करने में सफलता मिलेगी।

कन्या — आज का दिन सामान्य फलदायी रहेगा। दैनिक कार्यों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। आसपास के लोगों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें। कब्ज और गैस की समस्या बढ़ेगी। परिजनों के साथ बैठकर गम्भीर मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

तुला — आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। शारीरिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। पुराने रोगों की बाधा समाप्त होगी। पूजा-पाठ और सत्संग में आप भाग लेंगे। अपनी जीवनशैली को आप काफी ऐश्वर्यशाली कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज घर में बुजुर्ग आपके विचारों से सहमत रहेंगे। विपरीत लिङ्ग के जातकों के प्रति आप आकर्षित रहेंगे। लोगों से आपकी जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। अपनी कार्यशैली में सुधार ला सकते हैं। अपने मित्रों से सलाह अवश्य लें।

धनु — आज वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। जीवनसाथी की अहमियत को समझें। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कर्ज और उधार चुकाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। लोगों की अपेक्षाओं पर आप खरे उतरेंगे। अपने विचारों को लेकर स्वयं ही भ्रमित हो सकते हैं।

मकर — आज आपकी परिस्थितियां काफी कमजोर रहने वाली हैं। पेट के विकार परेशान कर सकते हैं। ईर्ष्यालु लोग आपके विषय में गलत बातें फैलायेंगे। आय में कमी होने से आत्मविश्वास में कुछ कमी हो सकती है। आपका स्वभाव थोड़ा अड़ियल भरा हो सकता है।

कुंभ — आज आप काफी आध्यात्मिक प्रभाव में हो सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति बहुत ही अच्छा रहेगा। अपनी सफलता का भरपूर आनंद उठायेंगे। मित्र आपकी हर कार्य में सहायता देंगे।

मीन — आज आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों की परेशानियां दूर होंगी। परिवार में मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बनेगी। वैवाहिक जीवन में सामन्जस्य का कुछ अभाव हो सकता है। अपनी प्रशन्सा स्वयं करने से बचें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तेरी कसम — सुबह : 10 .41
- ताल — रात : 09 .25

&pictures
- 12th फेल — सुबह : 09 .01
- द लेडी किलर — रात : 09 .03

SONY PIX
- लाइट आउट — सुबह : 09 .33
- स्पाइडर मैन 2 — रात : 08 .38

ZEE CINEMA
- वो सात दिन — सुबह : 11 .30
- राधे श्याम — रात : 08 .45

colors CINEPLEX
- मीरा — सुबह : 11 .23
- आवारा पागल दीवाना — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .45 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे,
टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...
चिंटू- निकाल लीं सर! टीचर-ये वाली किताब किसकी है?
चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?
टीचर बेहोश है...

चिंटू : तुम्हें पता है तुम मोबाइल से पैसे कमा सकते हो!
मिंटू : अरे वाह! जल्दी बताओ कैसे?
चिंटू : मोबाइल बेचकर।
चिंटू की बात सुनकर मिंटू सन्न रह गया...

एक नजर

वायुसेना ने दो रोगियों को विमान के जरिए करगिल से श्रीनगर पहुंचाया

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान के जरिए दो रोगियों को बुधवार को करगिल से श्रीनगर ले जाया गया, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी। वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में विमान और उन्हें ले जाए जाने की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में लिखा था कि वायुसेना के एक एएन-32 से आज सुबह दो रोगियों को करगिल से श्रीनगर पहुंचाया गया। रोगियों को तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी और उन्होंने स्थानीय प्रशासन के जरिए वायुसेना से मदद मांगी थी। करगिल केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में काफी ऊंचाई पर है।

अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर कार ने ट्रक में टक्कर मारी, 10 मौत

नाडियाड (गुजरात)। गुजरात के खेडा जिले में नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई। नाडियाड देहात थाने के निरीक्षक किरीट चौधरी ने बताया, कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कि तभी एक्सप्रेस वे पर वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को एक एम्बुलेंस में पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। नाडियाड से विधायक पंकज देसाई ने कहा कि ऐसी संभावना हो सकती है कि कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण ट्रक को एक्सप्रेसवे की बाईं ओर रोका गया हो और कार चालक को ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिला, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

साथियों की रिहाई की मांग कर रहे किसानों का रेल पटरियों पर धरना

चंडीगढ़। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेल पटरियों पर बैठ गए। वे लोग हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे थे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के धरने के कारण कई रेलगाड़ियों के मार्ग में बदलाव किया गया है। उन्होंने कहा कि 30 से अधिक रेलगाड़ियों की आवाजाही प्रभावित हुई और उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया या उन्हें रद्द कर दिया गया। रामनवमी के अवसर पर रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित होने से यात्रियों को भी परेशानी हुई।

कांकेर मुठभेड़ में मारे गए 29 माओवादियों में से नौ की पहचान हुई

कांकेर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों में से नौ की पहचान कर ली गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि मुठभेड़ के बाद मंगलवार को दो नक्सलियों की पहचान की गई थी, लेकिन आज शाम तक सात और नक्सलियों की पहचान कर ली गई है। सुंदरराज ने बताया कि मारे गए नक्सली जिनकी पहचान की गई है उनमें डिवीजनल कमेटी सदस्य शंकर राव और ललिता, उत्तर बस्तर डिवीजन की सदस्य माधवी आदि हैं।

असफल प्रेमी की आत्महत्या के लिए प्रेमिका जिम्मेदार नहीं : हाईकोर्ट

दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला, खुदकशी के लिए अन्य को नहीं ठहरा सकते दोषी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए कहा है कि यदि कोई पुरुष प्रेम में विफलता के कारण अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेता है, तो उसकी महिला साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

अदालत ने कहा कि कमजोर और दुर्बल मानसिकता वाले व्यक्ति द्वारा लिए गए गलत फैसले के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा यदि कोई प्रेमी प्रेम में विफल रहने के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई छात्र परीक्षा में अपने खराब प्रदर्शन के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई मुवक्किल अपना मामला खारिज किए जाने के कारण आत्महत्या करता है तो क्रमशः प्रेमिका, परीक्षक और वकील को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

अदालत ने यह आदेश एक महिला और उसके दोस्त को अग्रिम जमानत देते हुए पारित किया था। वर्ष 2023 में एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में इन दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

मृतक के पिता की शिकायत के अनुसार, महिला और उनके बेटे के बीच प्रेम संबंध थे और दूसरा आरोपी उन दोनों का साझा मित्र था। यह आरोप लगाया गया था कि याचिकाकर्ताओं ने मृतक को यह कहकर उकसाया कि दोनों आरोपियों के बीच शारीरिक संबंध हैं और वे जल्द ही शादी करेंगे। मृतक का शव उसकी मां को उसके कमरे में मिला था। कमरे से सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें मृतक ने लिखा था कि वह उन दोनों (महिला और उसके सामान्य दोस्त) के कारण आत्महत्या कर रहा है।

उच्च न्यायालय ने कहा कि यह सही है कि मृतक ने अपने सुसाइड नोट में याचिकाकर्ताओं के नामों का उल्लेख किया था, लेकिन अदालत की राय है कि उस 'नोट' में ऐसा कुछ भी नहीं था, जिससे पता चले कि आरोपियों की ओर से कही गई बातें इतनी खतरनाक प्रकृति की थीं कि सामान्य व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दें। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड पर रखे गए व्हाट्सऐप चैट से प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक संवेदनशील स्वभाव का था और जब भी महिला उससे बात करने से इनकार करती थी तो वह लगातार महिला को आत्महत्या की धमकी देता था। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि हिरासत में पूछताछ का उद्देश्य जांच में सहायता करना है और यह दंडात्मक नहीं है। अदालत ने कहा कि अब दोनों याचिकाकर्ताओं से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को जांच में शामिल होने और सहयोग करने का निर्देश दिया।

भारत की 144 करोड़ जनसंख्या में से 24 फीसदी 0-14 वर्ष आयु वाले : यूएनएफपीए

नई दिल्ली, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़ हो चुकी है, जिसमें 24 प्रतिशत लोग 0 से 14 साल के उम्र के हैं। यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या 2024 रिपोर्ट इंटरवॉवन लाइव्स, थ्रेड्स ऑफ होप एंडिंग इनइक्वैलिटीज इन सैक्सुअल एंड रिप्रॉडक्टिव हेल्थ एंड राइट में अनुमान लगाया गया है कि भारत की जनसंख्या 77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 144.17 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ विश्व स्तर पर सबसे आगे है, जबकि चीन को दूसरा स्थान प्राप्त है। वहां 142.5 करोड़ की आबादी है। भारत में साल 2011 में की गई जनगणना के दौरान यहां 121 करोड़ आबादी थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि भारत की करीब 24 प्रतिशत आबादी 0-14 वर्ष की हैं, जबकि 17 प्रतिशत 10-19 वर्ष के भीतर है। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि 10-24 साल के 26 प्रतिशत लोग हैं जबकि 68 फीसदी 15-64 आयु वर्ग के हैं। भारत की सात प्रतिशत आबादी 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष है।

77 वर्षों में दोगुनी हो जाएगी भारत की जनसंख्या, 68 फीसदी लोग 15-64 की आयु वाले

रिपोर्ट में पाया गया कि यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में 30 वर्षों की प्रगति ने दुनिया भर में सबसे वंचित समुदायों को नजरअंदाज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में साल 2006-2023 के बीच 23 प्रतिशत लोगों का बाल विवाह कराया गया था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का 8 प्रतिशत रह गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सफलता का श्रेय अक्सर किफायती, गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ स्वास्थ्य परिणामों पर लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को दूर करने के प्रयासों को दिया जाता है।

'भगवा पोशाक' को लेकर विवाद के बाद स्कूल के अफसरों पर मामला दर्ज

हैदराबाद, एजेंसी

मंचेरियल जिला पुलिस ने कन्नेपल्ली गांव में स्कूल में 'हनुमान दीक्षा पोशाक' पहनकर आने वाले कुछ छात्रों पर कथित रूप से आपत्ति जताने के लिए स्कूल के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दांडेपल्ली पुलिस के अनुसार, छात्रों के माता-पिता की शिकायत के आधार पर मंगलवार को प्रधानाध्यापक समेत स्कूल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ब्लेस्ड मदर टेरेसा हाई स्कूल प्रबंधन ने बताया कि दो दिन पहले, प्रधानाध्यापक ने छात्रों को पोशाक के बजाय भगवा कपड़े में देखने के बाद उन्हें अपने माता-पिता को बुलाने के लिए कहा। बाद में लोगों के एक समूह ने मंगलवार को स्कूल में तोड़फोड़ की।

तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र में सीएए निरस्त करने का वादा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें केंद्र की सत्ता में आने पर कई सामाजिक कल्याणकारी कदमों के साथ ही नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को रद्द करने का वादा किया गया है।

राज्यसभा में तृणमूल के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने यहां पार्टी मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करते हुए कहा, ₹ये वे वादे हैं जिन्हें हम 'इंडिया' समूह के हिस्से के तौर पर पूरा करेंगे, जब समूह की अगली सरकार बनेगी।'' पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित मित्रा ने कहा, ₹हम मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना के जरिए पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने का वादा करते हैं। हम नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने और देश में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) कवायद को रोकने का भी वादा करते हैं।

पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से 427 अग्निवीरों का सफल प्रशिक्षण

बेंगलुरु। कर्नाटक में पैराशूट रेजीमेंट प्रशिक्षण केन्द्र से बुधवार को तीसरे बैच के 427 अग्निवारों ने 24 सप्ताह का कठिन भर्ती प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस मौके पर परेड का आयोजन किया गया। इसमें 427 अग्निवीरों ने अनुकरणीय अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। कर्नाटक और केरल उप-क्षेत्र के जनरल ऑफीसर कमांडर मेजर जनरल रवि मुरुगन अग्निवीरों की परेड का निरीक्षण किया और उन्हें संबोधित किया। उन्होंने अग्निवीरों को ईमानदारी, वफादारी, बहादुरी के मूल्यों को कायम रखने के महत्व पर जोर दिया और रंगरूटों की त्रुटिहीन सहनशक्ति, टर्नआउट और ड्रिल के लिए सराहना की। मेजर जनरल मुरुगन ने अग्निवीरों के माता-पिता को बधाई दी, जिनका राष्ट्र सेवा के लिए अपने बच्चों को कठिन प्रशिक्षण में भेजना समर्थन और योगदान है।

सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित केरल की सारिका ने उत्तीर्ण की सिविल सेवा परीक्षा

कोझिकोड (केरल), एजेंसी

उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले की रहने वाली महिला सारिका ए. के. ने गंभीर बीमारी सेरेब्रल पाल्सी से ग्रस्ति होने के बावजूद सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण की। सेरेब्रल पाल्सी (सीपी) एक जन्मजात बीमारी है, जो किसी व्यक्ति की चलने-फिरने, संतुलन बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित करती है।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को जारी किए गए परिणामों के अनुसार, सारिका ने अपने दूसरे प्रयास में सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 922 रैंक हासिल की। वह अपने दाहिने हाथ का उपयोग नहीं कर पाती हैं और मोटर चालित व्हील-चेयर को नियंत्रित करने के लिए अपने बाएं हाथ का इस्तेमाल करती हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में वह नतीजे से हैरान थीं। सारिका ने कहा मुझे यह उम्मीद थी कि मैं परीक्षा उत्तीर्ण कर लूंगी। मुझे खुशी है कि मैंने यह कर दिखाया। मेरे पास अपनी खुशी जाहिर करने के लिए शब्द नहीं हैं। सारिका ने स्नातक होने के बाद सिविल सेवा की परीक्षा देने का फैसला किया था। अपने परिवार, दोस्तों और शिक्षकों के समर्थन की बदौलत वह इसमें सफल भी हो गईं। उन्होंने अमेरिका की एक महिला जेसिका कॉक्स का भी जिक्र किया जो हाथ नहीं होने के बावजूद एक लाइसेंस प्राप्त पायलट बन गई थीं।

भारत की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित

कासरगोड(केरल)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि अपने पड़ोसियों के साथ भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता सिंह ने कांग्रेस के इस आरोप के स्पष्ट संदर्भ में यह बयान दिया कि चीन ने लगभग 2,000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है जिसमें लद्दाख में 65 गश्त बिंदुओं में से 26 पर कब्जा किया जाना और अरुणाचल प्रदेश के 50-60 किमी अंदर गांव बनाना शामिल है। सिंह कन्नूर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी सभा में बोल रहे थे।

हिरासत में मौत मामले में पुलिस पर रिपोर्ट, न्यायालय ने मांगा जवाब

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है, जिनकी हिरासत में हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एक 32 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह मामला 2013 का है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने मृतक के भाई आनंद राय कौशिक की याचिका पर हरियाणा सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई के लिए सूचीबद्ध की। आनंद कौशिक ने वकील राहुल गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी याचिका में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पिछले साल 28 नवंबर को पारित आदेश को चुनौती दी है। उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामला दर्ज करने और जांच को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या किसी अन्य जांच एजेंसी को स्थानांतरित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उनके भाई सतेंद्र कौशिक की 25 जुलाई 2013 को फरीदाबाद के एनआईटी पुलिस थाने में हिरासत के दौरान मौत हो गई थी।

कारोबार

लखनऊ मंडी

गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
गेहूँदड़ा	2250-2400
आर. आर.21	2450-2500
गेहूँफारम	2550-2600
जौ	2000 -2100
ज्वार	2000 -4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200 -2400
चना	5800 -5900
अरहर	9000 -10000
मसूर	5500 -5600
मटर	3700 -4000
उड़दहरा	11000 -11800
उड़दकाला	6000 -8000
मूँग	8500 -8800
अरहरफूल	15800-16000
अरहरस्पेशल	13800-14000
चनादाल	7250-7350
मटरदाल	5050-5150
मसूरमलका	7200-7250
मसूरदाल	7400-7450
उड़ददाल	9500- 13000

मेंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक-1005, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1180

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	85800
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75875
गिन्नी (प्रति नग)	56550-56750

स्पाइसजेट की उड़ान यात्रियों का सामान लिए बिना बागडोगरा पहुंची

नयी दिल्ली/ बागडोगरा। स्पाइसजेट एयरलाइन के कई यात्रियों को बुधवार को पश्चिम बंगाल के बागडोगरा हवाई अड्डे पर उस समय असुविधा का सामना करना पड़ा जब उन्हें पता चला कि उनका सामान दिल्ली में ही छूट गया है। स्पाइसजेट ने इस असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि दिल्ली में छूट गए यात्रियों के सामान को अगली उड़ानों के जरिये बागडोगरा लाया जाएगा। यह मामला उस समय सामने आया जब नोएडा निवासी एक यात्री ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। राजेश कुमार ने 'एक्स' पर लिखा, ''आज दिल्ली से बागडोगरा की उड़ान एसजी8841 में हमारा सामान खो गया और गलत जगह रख दिया गया। कर्मचारियों के पास इसका कोई जवाब नहीं है।'' दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 से यह उड़ान दोपहर 12.30 बजे बागडोगरा के लिए रवाना हुई थी। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने इस प्रकरण पर कहा, ''स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 8841 को परिचालन कारणों से भार-वहन संबंधी बंदिशों का सामना करना पड़ा, जिससे कुछ सामान को विमान से उतार दिया गया था। लेकिन इस सामान को बाद की उड़ानों के माध्यम से जोड़ा जाएगा।''

2047 तक 34.7 लाख करोड़ डॉलर की होगी भारतीय अर्थव्यवस्था : पीएचडीसीसीआई

विकसित भारत की ओर जाने के लिए 10 प्रमुख कारकों की लगात कम करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने वर्ष 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए आज 10 प्रमुख कारकों की घोषणा की जिनमें व्यापार करने में आसानी, पूंजी, बिजली, लॉजिस्टिक्स, भूमि की लागत जैसी व्यापार करने की लागत को कम करना शामिल है।

पीएचडीसीसीआई ने '2047 तक विकसित भारत' का रूपरेखा पेश करते हुये कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद कोविड महामारी के बाद मजबूती से आगे बढ रही है। उसने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 21000 डॉलर के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था 34.7 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। संगठन के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा हमने 10 प्रमुख कारको की पहचान की है जो अर्थव्यवस्था को 2047 तक विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं। फैक्ट्री स्तर पर व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना। पूंजी की लागत, कच्चे माल की लागत, भूमि की लागत और भूमि की उपलब्धता, श्रम की लागत और कुशल श्रम की उपलब्धता तथा अनुपालन की लागत सहित व्यवसाय करने की लागत को कम करना पहला और बुनियादी प्रमुख क्षेत्र है जिस पर सरकार का ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का नहीं उठा रहा फायदा : पूर्व गवर्नर रघुराम राजन

वाशिंगटन। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने मंगलवार को कहा कि भारत जनसांख्यिकीय लाभांश का फायदा नहीं उठा रहा है। जनसांख्यिकीय लाभांश से तात्पर्य कार्यबल अधिक होने और आश्रितों की संख्या कम होने से उत्पादता बढ़ने और इसी क्रम में तेज आर्थिक वृद्धि से है। राजन ने इस बात पर जोर दिया कि मानव पूंजी में सुधार और उनके कौशल को बढ़ाने पर ध्यान देने की जरूरत है। राजन ने यहां जॉर्ज वाशिंगटन विश्वविद्यालय में 2047 तक भारत को एक उन्नत अर्थव्यवस्था बनाना इसके लिए क्या करना होगा विषय पर चर्चा में कहा मुझे लगता है कि हम इसके (जनसांख्यिकीय लाभांश) बीच में हैं, लेकिन समस्या यह है कि फायदा नहीं उठा रहे हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5% बढ़ने का अनुमान

संयुक्त राष्ट्र। भारत की अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में कहा गया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास (यूएनसीटीएडी) ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2023 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा और 2024 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।

अप्रैल के पहले पखवाड़े देश में बिजली की खपत 10 % बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में बिजली की खपत इस साल अप्रैल के पहले पखवाड़े में सालाना आधार पर करीब 10 प्रतिशत बढ़कर 70.66 अरब यूनिट रही। यह आर्थिक गतिविधियों में सुधार को दर्शाता है।

बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस साल अप्रैल में एक से 15 तारीख के बीच बिजली खपत 70.66 अरब यूनिट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 64.24 अरब यूनिट थी। किसी एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग यानी अधिकतम आपूर्ति अप्रैल के पहले पखवाड़े में 218 गीगावाट रही जो एक साल पहले इसी अवधि में 206 गीगावाट थी। बीते वर्ष एक दिन में बिजली की अधिकतम आपूर्ति अप्रैल में सर्वाधिक करीब 216 मेगावाट रही थी। मंत्रालय ने बिजली की अधिकतम मांग इस साल गर्मियों (अप्रैल-जून) में 260 गीगावाट रहने का अनुमान जताया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट रही जो अबतक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

70.66 अरब यूनिट सालाना खपत, आर्थिक गतिविधियों में हो रहा है सुधार

पावरग्रिड बॉन्ड से जुटाएगी 12,000 करोड़

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी पावरग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने चालू वित्त वर्ष में बॉन्ड जारी कर 12,000 रुपये जुटाने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। पावरग्रिड ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि बॉन्ड पर गठित निदेशकों की समिति ने 17 अप्रैल, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान गैर-परिवर्तनीय, गैर-संचयी, प्रतिदेय, कर-योग्य बॉन्ड जारी करने को मंजूरी दी।

अडाणी परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में 8,339 करोड़ रुपये का किया निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति गौतम अडाणी के परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे उसकी हिस्सेदारी 70.3 प्रतिशत हो गई। इस कदम से सीमेंट कंपनी की विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

कंपनी ने कहा कि अडाणी परिवार ने इससे पहले 18 अक्टूबर 2022 को कंपनी में 5,000 करोड़ रुपये और 28 मार्च 2024 को 6,661 करोड़ रुपये का निवेश किया था। इस नवीनतम निवेश के साथ उसने 20,000 करोड़ रुपये की योजना पूरी कर ली है। कंपनी के प्रवर्तक अडाणी परिवार ने कंपनी में 8,339 करोड़ रुपये का निवेश करके वारंट कार्यक्रम का पूर्ण अभिदान हासिल कर लिया है। कुल निवेश 20,000 करोड़ रुपये का हुआ है। नवीनतम निवेश से अडाणी परिवार की अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ गई है। कुल मिलाकर अंबुजा सीमेंट में इसकी हिस्सेदारी 63.2 प्रतिशत से बढ़कर अब 70.3 प्रतिशत हो गई है।

70.3% हुई बढ़कर कुल हिस्सेदारी विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा

ब्रिटेन में मुद्रास्फीति सबसे निचले स्तर पर

लंदन। ब्रिटेन की मुद्रास्फीति मार्च में ढाई साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट इसकी मुख्य वजह रही।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च तक उपभोक्ता कीमतों में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सितंबर 2021 के बाद यह सबसे कम है। फरवरी में यह 3.4 प्रतिशत से कम थी। हालांकि वार्षिक दर में गिरावट अर्थशास्त्रियों के अनुमान के मुताबिक नहीं है जिन्होंने इसके मार्च में 3.1 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी।

दुलर्भ खनिजों के वैज्ञानिकी खनन को कानूनी उपाय सुझाएगी समिति

- कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को बनाएगी रणनीति

नई दिल्ली। सरकार ने महत्वपूर्ण खनिज को लेकर समिति गठित की है। समिति दुर्लभ खनिजों के व्यावहारिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सिफारिश करेगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं।

खान मंत्रालय के आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार, नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति कॉपर, कोबाल्ट जैसे दुर्लभ खनिजों का अनुकूलतम और वैज्ञानिक तरीके से खनन को लेकर कानूनी उपायों के बारे में सुझाव देगी। समिति राज्यों के बीच खनन सुधारों के प्रभाव को लोकप्रिय बनाने के लिए रणनीति भी बनाएगी। लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। पिछले साल भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने जम्मू-कश्मीर के सलाल-हैमाना क्षेत्र में 59 लाख टन लिथियम के अनुमानित संसाधन स्थापित किए थे।

पिछले कुछ समय की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण है भारत का यह चुनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय मूल के एक प्रतिष्ठित अमेरिकी प्रोफेसर ने मंगलवार को यहां कहा कि भारत में इस सप्ताह शुरू होने वाले संसदीय चुनाव पिछले कुछ समय की तुलना में सबसे महत्वपूर्ण चुनाव होंगे। जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन ने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट के संबंध में आलोचना थोड़ी ज्यादा लगती है, लेकिन कर अधिकारियों का उपयोग करके नेताओं को निशाना बनाने के मामलों की अधिक पड़ताल की जरूरत है।

प्रतिष्ठित जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में भारतीय राजनीति विषय के प्रोफेसर हमाद बिन खलीफा अल सानी नूरुद्दीन ने कहा पिछले कुछ समय की तुलना में ये चुनाव हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। एक ओर, आपके पास एक बहुमत वाली सरकार है जो अपने बहुमत का विस्तार करना चाह रही है, लेकिन इससे भारत के साथ-साथ विदेश में भी इस बात को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं कि भारत को लोकतांत्रिक पतन, विरोध जताने को लेकर डर, धमकी, विशेष रूप से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसी चर्चित हस्ती की गिरफ्तारी और मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर चिंता का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा लेकिन अंततः यह चुनाव भारतीय लोगों के लिए है और मुझे लगता है कि दुनिया की नजरें मतदान की दर और इस बात पर रहेंगी कि चुनाव कितने प्रतिस्पर्धी हैं ताकि परिणाम चाहे जो भी हो, भारत के लोकतंत्र में विश्वास एक बार फिर से बहाल हो सके।

नूरुद्दीन ने कहा कि भारत में लोकतंत्र के बारे में चिंताएं कुछ ज्यादा ही बढ़ी हुई लगती हैं क्योंकि इस समय हमारे पास अब भी एक प्रतिस्पर्धी पार्टी परिदृश्य है, जिसमें कई पार्टियां काफी स्वतंत्र रूप से सरकार की आलोचना कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का हिस्सा है। प्रोफेसर ने कहा कि दूसरी ओर, मुझे लगता है कि विशेष रूप से कुछ खास राजनेताओं और सार्वजनिक हस्तियों को निशाना बनाने के लिए कर अधिकारियों के उपयोग के बारे में चिंता एक ऐसी चीज है जिसकी अधिक पड़ताल की आवश्यकता है।

भारत में यकीनन यह मोदी युग है: धूमे

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी स्तंभकार बोले- 60, 70, 80 के दशक में था कांग्रेस का प्रभुत्व

दक्षिण एशिया मामलों के एक प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक का कहना है कि भारत में यह यकीनन मोदी युग है और देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है और वह तीसरी बार सत्ता में वापसी करेगी।

वॉल स्ट्रीट जर्नल के लिए दक्षिण एशिया मामलों के स्तंभकार तथा थिंक टैंक 'अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट' से जुड़े सदानंद धूमे ने एक साक्षात्कार में यह बात कही। धूमे ने कहा कि भारतीय संदर्भों में निस्संदेह यह मोदी युग है। जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों। भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है। आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह राष्ट्रीय चर्चा के केन्द्र में हैं। अगर आप इंदिरा गांधी के समय से लेकर अब तक की राजनीति पर नजर दौड़ाएं तो आप पाएंगे कि कोई भी ऐसा नेता नहीं है जो राष्ट्रीय चर्चा में इस तरह से केन्द्र में रहा हो। धूमे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने आर्थिक मोर्चे पर काफी अच्छा काम किया है। प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत लोकप्रियता काफी ऊंची बनी हुई है। यदि आप सर्वेक्षणों को देखें, तो यह 80% के आसपास है जो विश्व नेताओं के लिए यदि उच्चतम नहीं तो सबसे अधिक में से एक है। एक बात यह भी है कि कई मायनों में विपक्ष वास्तव में ध्वस्त हो गया है। पहले 2014 में और फिर 2019 में कांग्रेस लगातार दो निराशाजनक प्रदर्शनों के बाद फिर से संभल नहीं हो पाई है। धूमे ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत लंबे समय से एक ऐसा देश रहा है जिसमें केवल एक शक्तिशाली राष्ट्रीय पार्टी रही है। यदि आप 60, 70, 80 के दशक को देखें, तो उस पर कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व था और अब उस पर भाजपा का प्रभुत्व है, उस हद तक नहीं जितना कभी कांग्रेस का प्रभुत्व था।

पाकिस्तानी अदालत ने दो सीटों पर निर्वाचन किया रद

लाहौर, एजेंसी

सख्त कार्रवाई

- पीएमएलएन के दो उम्मीदवारों की जीत पर अदालत ने फेरा पानी

पाकिस्तान में लाहौर उच्च न्यायालय की अलग-अलग पीठों ने पंजाब प्रांत की दो संसदीय सीटों गुजरांवाला और लोधरान से पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएलएन) के दो उम्मीदवारों की नेशनल असेंबली में हुई जीत की अधिसूचना को रद्द कर दिया है। इस तरह पार्टी ने दोनों सीटों को गंवा दिया है। डॉन न्यूज की खबर के मुताबिक, मंगलवार को लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शाहिद करीम ने नेशनल असेंबली 81 (गुजरांवाला) से जीते अजहर कय्यूम नाहरा के खिलाफ एक आदेश पारित किया। न्यायाधीश ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की अगुवाई वाली पीटीआई द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार चौधरी बिलाल इजाज की याचिका पर यह फैसला सुनाया। इजाज के वकील ने मंगलवार को दलील दी कि उनके मुवक्किल को शुरू में 7,791 वोटों से निर्वाचित घोषित किया गया था, लेकिन पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने प्रतिवादी नाहरा के अनुरोध पर दोबारा गिनती में उन्हें (नाहरा) 3,100 वोटों के अंतर से विजयी घोषित कर दिया। इस बीच, लाहौर उच्च न्यायालय की बहावलपुर पीठ ने भी ऐसे ही एक मामले में एनए-154 लोधरान से पीएमएल-एन सांसद अब्दुल रहमान कंजू को पद से हटा दिया और पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार राणा फराज नून को विजेता घोषित किया।

एक नजर

सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव लिए हुआ मतदान, 334 उम्मीदवार मैदान में

होनियारा। सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। संसदीय चुनाव में 50 सीटों के लिए कुल 334 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदाता संयुक्त चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिनमें राष्ट्रीय और प्रांतीय दोनों चुनाव शामिल होंगे। प्रांतीय विधानसभाओं में पदों के लिए कुल 816 उम्मीदवार और होनियारा सिटी काउंसिल के लिए 89 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे समाप्त हुआ।

बोलीविया में हादसा, बस गहरी खाई में गिरी, पांच लोगों की मौत, 35 घायल

ला पाज। पूर्वी बोलीविया में एक बस के राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त होकर 20 मीटर से अधिक गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 35 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना मंगलवार को घटित हुई। आपातकालीन विभाग और पुलिस कर्मियों को सांता क्रूज़ विभाग, क्वीन शहर में दुर्घटनास्थल पर भेजा गया था। बस संचालित करने वाली परिवहन कंपनी के अनुसार, बस सोमवार को अपराह्न में दक्षिण-पश्चिम में पोटोसी विभाग से सांता क्रूज क्रूज डे ला सिएरा शहर के लिए रवाना हुई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्पष्ट रूप से दृश्यता की कमी के कारण, मातरल शहर से पांच किलोमीटर दूर क्वीन के पास बस एक खड्ड में गिर गई, हालांकि इस संभावना की भी जांच की जा रही है कि चालक को नींद तो नहीं आई थी।

चीन के अंतरिक्ष यान, वाहक रॉकेट लॉन्चिंग में स्थानांतरित

बीजिंग। चीन के मानवयुक्त शेह्जहोउ-18 चालक दल वाले अंतरिक्ष यान और लॉन्ग मार्च-2एफ वाहक रॉकेट के संयोजन को प्रक्षेपण के लिए लॉन्चिंग क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) ने बुधवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम चीन में अंतरिक्ष यान और वाहक रॉकेट को जिउक्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर पर पहुंचाया गया और यहां सुविधाएं तथा इसके उपकरण बेहतर स्थिति में हैं। इसे भविष्य में लॉन्च करने से पहले फंक्शन जांच और संयुक्त परीक्षण योजना के अनुसार किए जाएंगे।

जापान में लोगों की जान के लिए खतरा बने भालुओं को मारने की अनुमति

टोक्यो। जापान सरकार ने देश में काले भालुओं को छोड़कर लोगों की जान के लिए खतरा बने अन्य भालुओं को मारने की अनुमति दे दी है। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023 से मार्च के दौरान 19 प्रान्तों में भालू के हमलों का शिकार हुए 219 लोगों में से छह की मौत हो गई। मंत्रालय ने घोषणा की है कि कि नामित प्रबंधन वन्यजीव की सूची में पश्चिम जापान के शिकोकु में विचरण करने वाले काले भालुओं को जोड़ा जाएगा, क्योंकि इनकी संख्या नहीं बढ़ रही है।

ईरान ने गलत किया, संयम रखें नेतन्याहू: सुनक

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोले- अलग-थलग पड़ गया है ईरान, हमले पर कार्रवाई का निर्णय ले रहा इजराइल

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ईरान के मिसाइल हमलों के मद्देनजर अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से संयम बरतने को कहा है। उधर, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन बुधवार को वार्ता के लिए तेल अवीव पहुंचे।

सुनक ने फोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय स्थिरता के लिए ब्रिटेन के दृढ़ समर्थन को दोहराया और इजराइली नेता से कहा कि ईरान ने गलत तरह से कदम उठाया है और परिणामस्वरूप वह वैश्विक मंच पर अलग-थलग पड़ गया है। ऐसा माना जाता है कि नेतन्याहू ने शनिवार को इजराइल पर ईरान के अभूतपूर्व प्रत्यक्ष हमले की स्थिति में ब्रिटेन को उसके मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से मंगलवार शाम को फोन कॉल की जानकारी दी गई। इसमें बताया गया प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि ईरान ने बहुत खराब तरीके से गलत अनुमान लगाकर कदम उठाया है और वैश्विक मंच पर वह अलग-थलग पड़ गया है। गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष पर सुनक ने नेतन्याहू से कहा कि वह गहराते मानवीय संकट को लेकर बहुत चिंतित हैं।

इजरायली हवाई हमले के बाद अबो अल हनूद परिवार की आवासीय इमारत पर लोगों की तलाश करते फिलिस्तीनी।

इजराइली हमले में तीन की मौत

बेरूत। लेबनान के दक्षिणी शहर शेहाबिया में इजरायल की ओर से किए गए हमले में हिजबुल्लाह के दो लड़ाके और एक अमल मूवमेंट सदस्य की मौत हो गई और तीन नागरिक घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन ने मंगलवार शाम को हवा से सतह पर मार करने वाली तीन मिसाइलें दागीं, जिससे कई दुकानें और 22 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। सूत्रों के मुताबिक, इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के इलाकों में छह हवाई हमले किए और कई कस्बों और गांवों पर गोले दागे। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कई इजरायली साइटों पर हमला किया। एक लेबनानी सैन्य सूत्र ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि अपराह्न में लेबनान से उत्तरी इजरायल की ओर 100 से अधिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से कुछ को इजरायली आयरन डोम मिसाइलों द्वारा रोक दिया गया। इससे पहले दिन में, दक्षिणी लेबनानी गांव ऐन बाल में एक नागरिक कार पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह का एक स्थानीय नेता मारा गया था। पीड़ित की पहचान शेहबिया शहर के अबू जाफ़र बाज़ के रूप में की गई।

सख्त भी हो और संघर्ष भी न बढ़े ऐसी कार्रवाई की उम्मीद: कैमरन

यरूशलम। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने बुधवार को कहा कि सप्ताहांत में ईरान द्वारा किए गए मिसाइल और ड्रोन हमले के जवाब में इजराइल कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा है। इस बीच, ईरान ने चेतावनी दी कि उसके क्षेत्र में किसी छोटे से हमले का भी कठोर जवाब दिया जाएगा। इजराइल ने ईरान के अभूतपूर्व हमले का जवाब देने का संकल्प लिया है लेकिन इस बारे में कुछ नहीं कहा है कि कार्रवाई कब और कैसे की जाएगी। कैमरन ने कहा कि यह स्पष्ट है कि इजराइल ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय ले रहा है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह इसे इस तरह अंजाम देगा जो सख्त भी हो और इससे ज्यादा संघर्ष भी न बढ़े।

अमेरिका ईरान के मिसाइल, ड्रोन कार्यक्रमों पर लगाएगा नए प्रतिबंध

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान पर उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मुद्दे पर नए प्रतिबंध लगाएगा। सुलिवन ने मंगलवार को कहा कि आने वाले दिनों में अमेरिका ईरान को निशाना बनाते हुए उसके मिसाइल और ड्रोन कार्यक्रमों सहित अन्य मामलों में नए प्रतिबंध लगाएगा। साथ ही इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और ईरान के रक्षा मंत्रालय का समर्थन करने वाली संस्थाओं के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाएगा। अमेरिका पूरे पश्चिम एशिया में वायु और मिसाइल रक्षा प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के एकीकरण को मजबूत और विस्तारित करता रहेगा।

यूक्रेन के चेर्निहाइव में रूसी मिसाइल हमला, 13 की मौत

कीव। रूस की तरफ से दागी गई तीन मिसाइल बुधवार को उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहाइव में आठ मंजिला इमारत पर गिरीं जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने बताया कि हमले में दो बच्चों सहित कम से कम 61 लोग घायल हो गए। चेर्निहाइव राजधानी कीव से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर में, रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है और इसकी आबादी लगभग 2,50,000 है।

- 61 लोग घायल, पश्चिमी देशों से सैन्य मदद न मिलने से कमजोर पड़ रहा यूक्रेन
- पिछले दिनों यूक्रेन के एक सबसे बड़े बिजली संयंत्र को रूस ने कर दिया था नष्ट

पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त सैन्य साजो सामान मुहैया नहीं कराए जाने से रूस के खिलाफ युद्ध में उसकी स्थिति कमजोर पड़ती जा रही है। युद्ध के तीसरे वर्ष में प्रवेश करने के साथ रूस यूक्रेन में लगातार बढ़त बना रहा है। हालांकि, सर्दियों के महीनों के दौरान, रूस युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर कोई प्रगति नहीं कर पाया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पश्चिमी देशों से उनके देश को और अधिक वायु रक्षा प्रणालियां प्रदान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने चेर्निहाइव हमले के बारे में कहा कि अगर यूक्रेन को पर्याप्त वायु रक्षा उपकरण मिले होते और रूसी आतंक का मुकाबला करने के लिए दुनिया का दृढ़ संकल्प होता, तो ऐसा नहीं होता। जेलेंस्की ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि मिसाइल और ड्रोन हमले से बचाव करते हुए यूक्रेन के पास वायु रक्षा मिसाइलें खत्म हो गई हैं।

पाकिस्तान में 63 हुई बारिश से मरने वालों की संख्या

पेशावर। पाकिस्तान में बिजली गिरने और भारी बारिश की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि पिछले चार दिनों से जारी बेहद खराब मौसम के कारण कम से कम 63 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता खुर्शीद अनवर ने बताया कि ज्यादातर मौतें पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम में स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई हैं। प्रांत में इमारत के ढहने से 32 लोगों की मौत हो गयी, जिसमें 15 बच्चे और पांच महिलाएं शामिल थीं। अनवर ने बताया कि उत्तर पश्चिम में दर्जनों लोग घायल हुए हैं और 1370 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बिजली गिरने और मकान ढहने की घटनाओं में 21 लोगों की मौत गयी।

यूएई में रिकॉर्ड बारिश, दुबई हवाई अड्डे में भरा पानी

दुबई, एजेंसी

रेगिस्तानी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकतर क्षेत्रों में लोगों को भारी जलभराव का सामना करना पड़ा। भारी बारिश के चलते दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में बाढ़ जैसे हालात बनने से बड़े पैमाने पर उड़ानें प्रभावित हुईं।

सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के मुताबिक, मंगलवार को हुई बारिश एक ऐतिहासिक मौसमी घटना है, जो 1949 में डेटा संग्रह की शुरुआत के बाद से दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है। बहरीन, ओमान, कतर और सऊदी अरब में भी बारिश हुई। हालांकि, पूरे संयुक्त अरब अमीरात में तेज बारिश देखी गई। माना जा रहा है कि क्लाउड सीडिंग भारी बारिश का कारण बनी क्योंकि सरकार ने कृत्रिम बारिश के प्रयास के तहत छोटे विमान तैनात किए थे। कई रिपोर्ट में राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानियों के हवाले से कहा गया है कि बारिश से पहले छह या सात 'क्लाउड सीडिंग' उड़ानें भरी गई थीं। यूएई अपने घटते, सीमित भूजल को बढ़ाने के लिए 'क्लाउड सीडिंग' का सहारा लेता है। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एकत्र किए गए मौसम संबंधी आंकड़ों के अनुसार, बारिश सोमवार देर रात से शुरू हुई जिसके बाद लगभग 20 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारी बारिश के कारण दुबई की सड़कों पर जलभराव हो गया। इसके बाद मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजे के आसपास तेज आंधी आई और फिर ये पूरे दिन जारी रही। इसके साथ ही भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। मंगलवार के अंत तक, 24 घंटों में 142 मिलीमीटर से अधिक बारिश ने दुबई में बाढ़ जैसे हालात बना दिए। एक दंपति ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बुधवार को बताया कि हवाई अड्डे पर स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि आपको टैक्सी नहीं मिल सकती। मेट्रो स्टेशन पर लोग सो रहे हैं। हवाई अड्डे पर लोग सो रहे हैं।

यूएई में बारिश ने तोड़े 75 वर्षों के सारे रिकॉर्ड

दुबई। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को 75 वर्षों में एक दिन में सबसे अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। मूसलाधार बारिश के कारण व्यापक बाढ़, यात्रा में व्यवधान और क्षति हुई। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 1949 में रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद 75 वर्षों में यह सबसे अधिक बारिश हुई है। अल ऐन में 24 घंटों के भीतर 254 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो दो साल की औसत वर्षा के बराबर है।

पाकिस्तान में तीन वाहनों की टक्कर में 8 की मौत, 30 घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के जमशोरो जिले में बुधवार को तीन वाहनों के बीच टक्कर में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और अन्य 30 घायल हो गए। बचाव सेवा ने यह जानकारी दी।

ईधी बचाव संगठन के एक स्थानीय प्रतिनिधि मेराज अहमद ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के मंझंड इलाके के पास सिंधु राजमार्ग पर आज सुबह हुई जब तेल टैंकर, ट्रक और एक यात्री बस की एक के बाद एक टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गयी और अन्य 30 घायल हो गए। पहले तेल टैंकर और ट्रक की टक्कर हुई तथा कुछ ही सेकंड के भीतर बस ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी, जिससे यह दर्दनाक हादसा हुआ और लोग हताहत हुए।

म्यांमार सैन्य सरकार ने आंग सान सू ची को जेल से घर पर नजरबंदी में भेजा

बैंकाक, एजेंसी

- भीषण लू के कारण बिगड़ी अपदस्थ नेता की तबियत, सू ची के बेटे एरिस ने लंदन से मां और राजनीतिक कैदियों को रिहा करने की लगाई गुहार

म्यांमार की सैन्य सरकार ने बुधवार को कहा कि अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को भीषण लू के बीच स्वास्थ्य संबंधी कारणों से जेल से स्थानांतरित करके घर में नजरबंदी में रखा गया है। सैन्य सरकार ने पारंपरिक नववर्ष के दौरान इस सप्ताह तीन हजार से अधिक कैदियों को माफी दी है।

सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल जनरल जॉ मिन तुन ने मंगलवार देर रात विदेशी मीडिया के प्रतिनिधियों को बताया कि सू ची (78) और उनकी सरकार के कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति रहे विन मिंट (72) उन बुजुर्ग कैदियों में शामिल हैं जिन्हें तेज गर्मी के कारण जेल से घर में नजरबंदी में रखा गया है। हालांकि इस कदम के बारे में म्यांमा में सार्वजनिक तौर पर घोषणा नहीं की गई है। म्यांमा में 2021 में सेना ने निर्वाचित सरकार को बेदखल कर सत्ता अपने हाथ में ले ली और सू ची को कैद कर लिया था। देश की नेता सू ची राजधानी नेपीताव में मुख्य जेल के विशेष रूप से निर्मित प्रकोष्ठ में विभिन्न मामलों में 27 साल की जेल की सजा काट रही हैं।

म्यांमा के मौसम विभाग ने कहा कि राजधानी में मंगलवार दोपहर को तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। पूर्व राष्ट्रपति विन मिंट म्यांमा के बागो क्षेत्र के ताउंगू में आठ साल की जेल की सजा काट रहे हैं। ऐसी खबरें भी आई हैं कि जेल में सू ची की तबियत बिगड़ रही है। लंदन में रहने वाले सू ची के छोटे बेटे किम एरिस ने कहा कि उनकी मां बेहद बीमार हैं, उन्हें मसूड़ों में दिक्कत है। उन्होंने कहा था कि म्यांमा की सैन्य सरकार पर उनकी मां और अन्य राजनीतिक कैदियों को रिहा करने के लिए दबाव डाला जाना चाहिए।

म्यांमार में नए साल पर 3,000 कैदी किए रिहा

यांगून। म्यांमार की प्रांतीय प्रशासन परिषद ने पारंपरिक म्यांमार नववर्ष के पहले दिन बुधवार को तीन हजार से अधिक कैदियों को माफी दे दी और उन्हें रिहा कर दिया। परिषद ने कहा कि कैदियों में 3,303 म्यांमार के नागरिक और 36 विदेशी कैदी थे, जिनमें 13 इंडोनेशियाई नागरिक और 15 श्रीलंकाई नागरिक शामिल हैं। म्यांमार में अपने पारंपरिक नववर्ष के मौके पर हर साल कैदियों को माफी देकर रिहा कर दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल ऐसे मौके पर 3,000 से अधिक कैदियों को रिहा किया गया था।

रक्षा सहयोग में मील का पत्थर होगी आईटी प्रयोगशाला: पांडे

नई दिल्ली। थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को उज्बेकिस्तान की यात्रा के दौरान उज्बेक सशस्त्र बल अकादमी में एक अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।

भारतीय सेना के सूत्रों ने कहा कि सितंबर 2018 में रक्षामंत्रियों की बैठक के दौरान की गई प्रतिबद्धता के बाद यह घटनाक्रम दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में मील का एक पत्थर है। जनरल पांडे द्विपक्षीय सैन्य सहयोग के नए रास्ते तलाशने के लिए 15 से 18 अप्रैल तक उज्बेकिस्तान की यात्रा पर हैं। रक्षा मंत्रालय ने पूर्व में एक बयान में कहा था कि जनरल पांडे का कई रक्षा प्रतिष्ठानों का दौरा करने के अलावा मध्य एशियाई राष्ट्र के शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत करने का कार्यक्रम है।

अनोखी खोज | किसी पिंड द्वारा प्रलयंकारी घटना से हृदय की आकृति की संरचना बनी

प्लूटो के सीने में भी धड़कता है दिल...

अमृत विचार, नैनीताल:

नन्हा ग्रह प्लूटो के सीने में भी दिल धड़कता है। नासा के न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने प्लूटो के दिल की आश्चर्यजनक खोज की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि किसी पिंड द्वारा प्रलयंकारी घटना से प्लूटो में हृदय की आकृति की संरचना हुई होगी।

प्लूटो सौर मंडल का ऐसा ग्रह है, जो अक्सर विवादों में घिरा रहता है। हालाकि अब यह बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल हो गया है, लेकिन वैज्ञानिकों एक वर्ग आज भी इसे बौना न मानकर ग्रह की संज्ञा ही देता है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों के बीच जबरदस्त बहस आज भी जारी है। लिहाजा प्लूटो पर मिलने वाली कोई भी खबर सोशल मीडिया पर एकदम ट्रोल होने लगती है। अब जो खबर आई है , वह चौकाने वाली है। वैज्ञानिकों ने इस बौने ग्रह के सीने में दिल ढूंढ निकाला । नासा के न्यू होराइजन्स अंतरिक्ष यान ने पहली बार प्लूटो के दिल की जासूसी 2015 में की थी। प्लूटो की दुनिया बहुत छोटी है। जिसकी संरचना का पता लगाने में अंतरिक्ष यान को अधिक समय नही लगा और दिल के आकार की इस जगह खोज निकाला।

पहले की धारणा से भिन्न है प्लूटो की संरचना

नैनीताल: पूर्व में समझा जाता कि इसकी संरचना समतल है, लेकिन नई जानकारी पहले से जुदा है। जिसमें संभवत: जल भी है। शायद समुद्र भी हो। स्विट्जरलैंड के बर्न विश्वविद्यालय और टक्सन, एरिजोना विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने प्लूटो के रहस्य से पर्दा उठाया है। विज्ञान पत्रिका नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।

वैज्ञानिकों ने अपनी सुविधा के लिए इस दिलनुमा जगह का नाम टॉमबॉघ रेजियो रख दिया। प्लूटो के अतीत की बात करें तो 1930 मे इसकी खोज हुई । 2006 तक यह ग्रह की श्रेणी में गिना जाता था। मगर 2006 में ग्रह की परिभाषा बदल जाने के बाद इसे बौना ग्रह की श्रेणी में शामिल कर दिया गया। तब से इस पर शुरू हुई बहस आज तक थम नही पाई है। इधर प्लूटो पर स्थित हृदय ने अपने अनोखे आकार, भूवैज्ञानिक संरचना और ऊंचाई की स्थिति को लेकर वैज्ञानिकों को हैरान कर दिया है। इसके दिल की संरचना का पता लगाने के लिए वैज्ञानिकों ने संख्यात्मक सिमुलेशन का उपयोग किया। तब यह पता चला कि एक पिंड की प्रलयंकारी घटना से प्लूटो के हृदय का निर्माण हुआ, जो 650 किमी व्यास से थोड़ा अधिक बड़ा व्यास का है।